डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 12

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 15, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 06 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-258, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



लेबर पार्टी के स्टार्मर बने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री

संसेक्स
79,996.60 ▲ -53.07

डॉलर
83.507 ▲ +0.004

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 72,870
01 किलो 92,490

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## झारखंड में 10-10 लाख के इनामी दो माओवादी नक्सलियों ने किया सरेंडर



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों के समक्ष माओवादी नक्सली कमांडर नीरज सिंह खरवार उर्फ संजय खरवार और सालमन उर्फ लोकेश गंझू उर्फ राजकुमार गंझू ने शुक्रवार (5 जुलाई) को सरेंडर कर दिया। दोनों पर 10-10 लाख रुपए के इनाम घोषित थे। इनका दर्जा माओवादी नक्सली संगठन में जोनल कमांडर का था और दोनों दर्जनों नक्सली वारदातों में वांटेड थे। इनका आत्मसमर्पण पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। नक्सलियों के सरेंडर के मौके पर पलामू के डीआईजी वाईएस. रमेश, उपायुक्त गरिमा सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, सीआरपीएफ के कमाडेंट केडी. जोशी और बीपी त्रिपाठी मौजूद रहे। इन अफसरों ने मुख्यधारा में लौटे दोनों माओवादियों का बुके और शॉल भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर दोनों माओवादियों के परिजन भी मौजूद रहे। बताया गया कि इनामी नक्सली नीरज पर विभिन्न थानों में 24 और सालमन पर 11 मामले दर्ज हैं। सालमन ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 22 सालों से नक्सली संगठन से जुड़ा था। उसने शेष पृष्ठ 11 पर

## गढ़वा में सेप्टिक टैंक के गैस रिसाव से मध्य विद्यालय की चार छात्राएं बेहोश



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर प्रखंड अंतर्गत कोलझिंकी गांव में सेप्टिक टैंक से गैस रिसाव होने से उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलझिकी की चार छात्राएं बेहोश हो गईं। घटना शुक्रवार दोपहर की है। बेहोश होने की सूचना मिलते ही स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। स्कूल के शिक्षकों ने तत्काल इसकी सूचना अनुमंडल प्रशासन को दी। एसडीओ प्रभाकर मिर्धा के निर्देश पर कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेंब्रम, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक एवं अनुमंडल अस्पताल की डीएस डॉ. सुचित्रा कुमारी के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने आनन-फानन में स्कूल पहुंचकर बीमार बच्चियों की शेष पृष्ठ 11 पर

### एक नजर

### सरफराज अहमद राज्यसभा में झामुमो संसदीय दल के नेता नियुक्त

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने राज्यसभा के सभापति को लिखे पत्र में कहा है कि झारखंड से झामुमो के राज्यसभा सदस्य डॉ. सरफराज अहमद राज्यसभा में झामुमो संसदीय दल के नेता चुने गए हैं। झामुमो संसदीय दल की बैठक में शुक्रवार को इस बाबत निर्णय लिया गया। सरफराज वरिष्ठ नेता हैं। वरिष्ठ सांसद हैं। इन्हें संसदीय कार्यों का अनुभव है। कई संसदीय कमेटियों में कार्य कर चुके हैं। डॉ. सरफराज अहमद गिरिडीह जिले की गांडेय विधानसभा सीट से विधायक थे। इनके इस्तीफे के बाद एक तरफ जहां इन्हें राज्यसभा भेज दिया गया और वे निर्विरोध निर्वाचित हुए, वहीं दूसरी ओर गांडेय सीट से सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को विधानसभा उपचुनाव लड़ाया गया।

### नीट पीजी एग्जाम की नई तारीख का ऐलान, 11 अगस्त को होगी परीक्षा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा - स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2024 की शुक्रवार को नई परीक्षा तिथि घोषित कर दी गई। इसके मुताबिक अब नीट-पीजी परीक्षा 11 अगस्त को होगी। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएम) ने शुक्रवार को नीट-पीजी 2024 के आयोजन का संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिया। एनबीईएमएम के 22 जून के नोटिस के क्रम में नीट-पीजी परीक्षा के आयोजन को पुनर्निर्धारित किया गया है।

# समय से पहले झारखंड में विधानसभा चुनाव संभव

- 2019 में 30 नवंबर से 20 दिसंबर तक के बीच हुआ था झारखंड विधानसभा का चुनाव
- हरियाणा-महाराष्ट्र में अक्टूबर में विस चुनाव होने हैं, कहीं इसी के साथ न हो जाए झारखंड में चुनाव



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पॉलिटिक्ल डायनेमिक्स में उभरे रहस्य, सवाल और तेजी कुछ अलग ही संकेत दे रहे हैं। हेमंत सोरेन के 28 जून को जेल से बाहर आने के बाद सोनिया गांधी के मंत्र पर जिस तेजी से अमल कर चंपाई सोरेन से मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा लिया गया। वहीं भाजपा में संगठनात्मक परिवर्तन और अलग से नियुक्त किए गए चुनाव प्रभारियों की सक्रियता संकेत दे रही है कि कहीं इस बार झारखंड विधानसभा का चुनाव समय से पहले न करा लिया जाए। झारखंड भाजपा चुनाव प्रभारी कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शरमा लगातार झारखंड का दौरा कर रहे हैं। हरियाणा और महाराष्ट्र में अक्टूबर में ही चुनाव होने हैं ऐसे में संभव है कि झारखंड में भी इन दोनों राज्यों के साथ ही अक्टूबर में चुनाव करा लिए जाएं। 2019 में झारखंड में नवंबर-दिसंबर में चुनावी प्रक्रिया पूरी हुई थी। 30 नवंबर से 20 दिसंबर तक पांच चरणों में विधानसभा चुनाव हुए थे। चार जुलाई को तीसरी बार मुख्यमंत्री पद का शपथ लेने के बाद हेमंत सोरेन ने भी कह दिया है जब भी चुनाव हो हम तैयार हैं। झारखंड में अक्टूबर में चुनाव कराने में एक ही बाधा है वह है दुर्गा पूजा। दुर्गा पूजा व नवरात्रि पूरे राज्य में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है जो इस बार तीन अक्टूबर 12 अक्टूबर तक है। 2019 के चुनाव पांच चरण में कराने में बीस दिन लगे थे अक्टूबर में दुर्गा पूजा के बावजूद यह समय निकालना कठिन प्रतीत नहीं होता। इसी के मद्देनजर हेमंत ने केंद्र सरकार व भाजपा के खिलाफ काफी आक्रमक तेवर अपना लिया है और चंपाई की विदाई भी इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

**दोनों गठबंधन के मुद्दे हैं साफ :** भोगनाडीह में हेमंत ने भाजपा को आड़े हाथों लिया और कहा कि झारखंड की खनिज संपदा पर कुछ लोगों की गिद्ध नजर है। लेकिन झारखंड में अब ऐसा कानून बनाया जाएगा कि यहां उत्पादित होने वाले खनिज पदार्थ का इस्तेमाल पहले यहां के लोग करेंगे, उसके बाद ही बाहर जाने दिया जाएगा। वहीं भाजपा झामुमो के परिवारवाद, आदिवासी सम्मान और संताल में आदिवासी जनसंख्या के अनुपात में आई कमी व आदिवासी महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध को मुद्दा बनाने का मन बना चुकी है। हाल के संसदीय चुनाव में भाजपा आदिवासी आरक्षित एक भी सीट नहीं जीत सकी है। इसलिए विधानसभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में आदिवासी सम्मान और उनकी सुरक्षा।

### राज्यपाल ने विधानसभा के आठ जुलाई के विशेष सत्र को दी मंजूरी



**रांची।** राजपाल सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र आठ जुलाई को आहूत करने के लिए मंजूरी दे दी है। विधानसभा का विशेष सत्र पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होगा। इस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुमत साबित करेंगे। एक दिन चलने वाले विशेष सत्र के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

**मुख्यमंत्री बहन-बेटी मई-कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना लागू**

## मिलेंगे एक हजार रुपये प्रतिमाह

- राज्य की 45 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह मिलेगा प्रोत्साहन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य में महिलाओं की सशक्तीकरण के लिए मुख्यमंत्री बहन-बेटी मई-कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना लागू कर दी गयी है। कैबिनेट के फैसले के बाद महिला, बाल विकास विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इस योजना के तहत राज्य की 45 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये प्रोत्साहन मिलेगा। इसका लाभ 21 से 50 वर्ष की उम्र वाली गरीब महिलाओं को दिया जायेगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए योग्यता भी तय की गयी है। आर्थिक लाभ प्राप्त करने लिए आवेदिका का पहचान पत्र, आधार कार्ड, परिवार का अंत्योदय अन्न योजना कार्ड, पीला रंग का राशन कार्ड, गुलाबी कार्ड या सफेद राशनकार्ड धारी को इसका लाभ मिलेगा। इनकम टैक्स भरने वाले, सरकारी नौकरी करने वाले परिवार को इसका लाभ नहीं मिलेगा। ईपीएफ धारी महिला इस योजना की पात्र नहीं होगी। अन्य किसी योजना से पेंशन पा रही महिला को भी इसका लाभ नहीं मिलेगा। महिला विकास विभाग ने योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आधार की आवश्यकता को अनिवार्य किया है और बैंक खाता या पोस्ट ऑफिस का खाता से आधार लिंक कराना होगा। हालांकि, जिनका आधार लिंक नहीं है वे भी दिसंबर तक इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। सरकार का मानना है हर माह 1000 रुपये की राशि से महिलाओं का शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण सहित हर छोटी-छोटी जरूरतें पूरी की जा सकेंगी। आवेदन के लिए जल्द ही पोर्टल जारी किया जायेगा।

## ड्राइविंग सीट पर बैठे हेमंत कभी भी कर देंगे एक्सीडेंट, जनता है परेशान : शिवराज



**रामगढ़/ रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री और भाजपा झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान का दो दिवसीय झारखंड दौरा शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस दौरान उन्होंने हेमंत सोरेन की सरकार पर जमकर हमला बोला। एक बार उन्होंने सोरेन परिवार को सत्ता का भूखा करार दिया। कहा, जिस आदिवासी नेता चम्पाई सोरेन को मुख्यमंत्री पद पर आसीन किया उन्हें वह कुछ और महीने बर्दाश्त नहीं कर पाए। इससे हेमंत सोरेन ने यह साबित कर दिया कि परिवार के अलावा कोई और इस सत्ता के बीच नहीं आना चाहिए। यहां तक कहा कि ड्राइविंग सीट पर बैठे हेमंत कभी भी एक्सीडेंट कर देंगे। राज्य की जनता उनकी अराजकता से परेशान है। शिवराज सिंह रामगढ़ जिले के विभिन्न सांगठनिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने रांची में प्रदेश आरोप पत्र समिति एवम घोषणा पत्र समिति की बैठक में शेष पृष्ठ 11 पर

### झामुमो-कांग्रेस ने झारखंड को अंधकार में धकेला

रामगढ़ जिले के हथमारा गांव स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि झामुमो और कांग्रेस की सरकार ने पूरे प्रदेश को अंधकार में धकेल दिया है। एक वादा पूरा नहीं हुआ। बेरोजगारों की सुध लेने वाला कोई नहीं। शिवराज ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला। छह महीने से पेंशन का भुगतान नहीं हुआ। जिन योजनाओं की घोषणा हुई, इसका लाभ लोगों को नहीं मिल रहा। किसान त्रस्त हैं। बिजली कटौती चरम पर है। अब ऐसे कुशासन का अंत निश्चित है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड में सुशासन लाएगी और यहां की जनता ने भी अब यह मन बना लिया है।

### मजिस्ट्रेट ने बिना दिमाग लगाये हस्ताक्षर कर दिये हैं ट्रेनिंग पर भेजें : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने जमशेदपुर सिविल कोर्ट के एक न्यायिक दंडाधिकारी (ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट) के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए गंभीर टिप्पणी की। अपने आदेश में उच्च न्यायालय ने ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट को आदेश पारित करने से पहले सावधानीपूर्वक विचार करने पर जोर देने के साथ रविवार और अन्य छुट्टियों पर मजिस्ट्रेट के लिए प्रशिक्षण का सुझाव दिया है। जमशेदपुर सिविल कोर्ट ने दुष्कर्म के एक आरोपी के खिलाफ कुर्की का इश्तेहार और वारंट जारी किया था। जिसके खिलाफ आरोपी की हाईकोर्ट में याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। अदालत ने कुर्की के इश्तेहार और वारंट को रद्द करते हुए कहा कि अदालत को यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने सीआरपीसी की धारा 82 के तहत इश्तेहार जारी करके अवैधता की है। शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड हाई कोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस बने डॉ. बीआर सारंगी, राज्यपाल ने दिलाई शपथ



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस के रूप में डॉ. बीआर सारंगी ने शुक्रवार को शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें राजभवन के बिरसा मंडप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पूर्व चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद वह झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ उपस्थिति रहे। इनके अलावा हाई कोर्ट के सभी जज, झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, महाधिवक्ता राजीव रंजन, डीजीपी, गृह सचिव वंदना डाडेल, राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी, हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष , काउंसिल के सदस्य ,एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव, सदस्य समेत अपर महाधिवक्ता और महाधिवक्ता कार्यालय के सभी अधिवक्ता समेत हाई कोर्ट के कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

### आज कल




**इंडिया**

## स्मार्टफोन की लत और राजनीति का खेल



सुनील बादल

प्रवासी मजदूरों के पलायन के पीछे फर्जी खबरों पर चिंता जताते हुए मीडिया (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया) को अपनी जिम्मेदारी सही तरह से निभाने, घबराहट पैदा करने वाले और असत्यापित समाचारों के प्रसार पर रोक लगाने के लिए निर्देश जारी किया जब कानून नहीं बने थे और संविधान की विधिवत रचना नहीं हुयी थी तब शिक्षित समाज धार्मिक उद्धरणों से तो कम शिक्षित ग्रामीण-जनजातीय समुदाय कहावतों-मुहावरों के माध्यम से नीति-अनीति, न्याय-अन्याय की बात करता था और नहीं मानने पर सामाजिक बहिष्कार बड़ा हथियार था। आज आधुनिक भारत में सस्ते इंटरनेट और स्मार्ट फोन ने उस सामजिक ताने-बाने को हिलाकर रख दिया है। गांव के खेत-चौपालों से लेकर क्लब-पबों तक, घरों के अंदर बेडरूम से लेकर चलती बाइक के पीछे बैठे लोग मोबाइल पर आंखें गड़ाए बैठे मिल जाते हैं। यह सूचना और मनोरंजन से अधिक लत का मामला है।भारत की आबादी का अधिकांश हिस्सा खाना के बिना शायद एक दिन रह ले पर नेट के बिना कुछ घंटे नहीं रह सकता। इसी दीवानगी का फायदा उठाने के लिए तथाकथित पॉलिटिकल एनिलिस्ट या चुनाव जिताने वाले विशेषज्ञ अब बहुत ही खतरनाक खेल खेल रहे हैं। राजनीतिक पार्टियों से अरबों रूपए लेकर चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने वाले ये खिलाड़ी किस तरह ये करते हैं ये बहुत प्रामाणिक रूप से तो नहीं कहा जा सकता पर हाल में समाज में फैले वैमनस्य, भ्रम और विचारधारा में तेजी से हो रहे बदलाव से कहा जा सकता है कि बहुत ही सुनियोजित ढंग से नफरत और अशांति फैलाने का काम किया जा रहा है जिसमें पहले विदेशी ताकतें थीं अब राजनैतिक पार्टियां लगीं है। घोषित रूप में आईटी सेल बनाए जा रहे हैं और इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान ये बात साफ हो गयी कि कुछ लोग फेक न्यूज फर्जी वीडियो और ऐसे हथकंडों से किसी भी कीमत पर गड़बड़ी और नफरत का खेल खेलना चाहते हैं। सवाल उठता है कौन और क्यों? बात इतनी बढ़ गयी कि टीवी चैनल तक के इसमें शामिल होने का आरोप लगा और पूर्व में भी सुप्रीम कोर्ट ने प्रवासी मजदूरों के पलायन के पीछे फर्जी खबरों पर चिंता जताते हुए मीडिया (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया) को अपनी जिम्मेदारी सही तरह से निभाने, घबराहट पैदा करने वाले और असत्यापित समाचारों के प्रसार पर रोक लगाने के लिए निर्देश जारी किया था। विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं सोचने की बात है कि नेताओं की प्रोडक्ट की तरह ब्रांडिंग और वोटरों को बरगलाकर एक पार्टी विशेष के पक्ष में माहौल किस तरह बनता होगा? अचानक



पत्रकारों और बौद्धिक लोगों को मुंहमांगे भुगतान पर कोई किस प्रकार के कार्यों के लिए रखता है और वे करते क्या होंगे? एक आम आदमी या उत्पाद को ऊंचाइयों को छूने वाले हॉट केक बनाने वाले लोग करते क्या होंगे? पहले कथित रूप से कॉर्पोरेट कंपनियों पर ये आरोप लगते थे जो झूठा प्रचार कर घटिया उत्पाद की भी मांग बढ़ा देते थे। आज कुछ उसी प्रकार का खेल खेला जा रहा है, पहले सिर्फ जेब कटती थी और इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया गया पर अब देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने के प्रयास हो रहे हैं, जो सदियों तक मजबूत रहे इसके ढांचे को हिला सकते हैं। जात-धर्म और वर्ग संघर्ष को बढाने वाले ये फेक न्यूज ये वीडियो फोटोशॉप तथा कुछ अन्य ऐसे ही एआई की मदद से तैयार किये जाते हैं। आज समय की मांग है कि ऐसे लोगों की पहचान हो और इनके उद्गम स्थल को ही समाप्त किया जाये।देश में बढ़ते किशोर या यौन अपराधों के मूल में भी इंटरनेट पर बेलगाम सामग्री डालने की छूट है। जिस प्रकार सर्जन का प्राणरक्षक चाकू सनकी के हाथों हत्या के लिए उपयोग में लाया जा सकता है वैसे ही पोर्नोग्राफी और फेक न्यूज कलंक साबित हुआ है। ईरान सहित कुछ अन्य देशों की तरह इसके अंधाधुंध प्रयोग पर रोक लगे और ट्रैक करने के लिए ओटीपी को अनिवार्य किया जाना चाहिए। हम सभी को भी चाहिए कौआ कान ले गया पर विश्वास करने के पहले कान की जांच करें ।सूत्रों के अनुसार कुछ स्वार्थी और देशविरोधी ताकतें झूठी बातें फैलाकर वैसे मुद्दों को हवा देना चाहती हैं जिससे भ्रम फैले और उसे वोट में बदला जा सके।

## प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन चुनाव में जीत पर लेबर पार्टी के स्टार्मर को बधाई दी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ब्रिटेन के आम चुनाव में लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को उनकी उल्लेखनीय जीत के लिए बधाई दी। हालांकि, प्रधानमंत्री ने चुनाव में हार का सामना करने वाले भारतीय मूल के निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व की सराहना की है। मालूम हो कि 5 जुलाई को 650 सीटों वाले हाउस ऑफ कॉमन्स में लेबर ने 326 के बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है। इसके बाद ऋषि सुनक ने हार स्वीकार कर ली। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, ब्रिटेन के आम चुनावों में उल्लेखनीय जीत के लिए कीर स्टार्मर को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मैं सभी क्षेत्रों में भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, आपसी विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए हमारे सकारात्मक और रचनात्मक सहयोग की आशा करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा, ब्रिटेन के आपके सराहनीय नेतृत्व और अपने कार्यकाल के दौरान भारत और ब्रिटेन के बीच संबंधों को गहरा करने में आपके सक्रिय योगदान के लिए ऋषि सुनक को धन्यवाद। आपको और आपके परिवार को भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

# बरसात की पहली बारिश में नप की खुली पोल नाली का पानी सड़कों पर बहने से परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को बरसात की हुई हल्की बारिश के पानी ने हुसैनाबाद नगर पंचायत की सूरत बिगाड़ दी है। वहीं इस बरसात ने शहर में विकास के कई बड़े राज को खोलने का कार्य किया। जबकि अभी पूरा बरसात बाकी है। जपला शहर में हल्की हुई बारिश से नालियों का गंदा पानी मुख्य सड़कों पर बहने से लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। वहीं सड़कों पर पाइप लाइन बिछाने के बाद मिट्टी छोड़ने के कारण आईटीआई के पीछे वार्ड नंबर दो के मुख्य सड़कों पर कीचड़ से राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। इस कीचड़ से हुसैनाबाद शहर की सूरत बिगाड़ दी है। वहीं नगर पंचायत का मेन बाजार, स्टेशन रोड, रविदास नगर समेत अन्य कई जगहों पर सड़क गंदगी में तब्दील हो चुकी है। जिससे हुसैनाबाद का दृश्य एकदम से नारकीय हो गया है। इस बाबत हुसैनाबाद के समाजसेवी सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष जिशान हसन ने कहा कि हुसैनाबाद में अब तक जितने भी जनप्रतिनिधि हुए हैं, उन सभी ने हुसैनाबाद को विकास के नाम पर लूटने का ही कार्य किया है। आज भी हुसैनाबाद में सड़क, नाली, बिजली आदि की समस्याएं यथावत वैसी- की-वैसी ही है। बस विकास के नाम पर टेंडर हुआ है और उसमें कमीशन के नाम पर मोटी रकम की कमाई की गई है, लेकिन अब जनता समझ चुकी है। वह आगामी चुनाव में सभी भ्रष्ट जनप्रतिनिधियों को धूल चटाने का कार्य करेगी। अभी वर्तमान में विभागीय अधिकारियों ने कार्य के नाम पर जनता को छलने काम कर रहे हैं। मोहल्लों वालों का कहना है कि उक्त सड़क की स्थिति से नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को अवगत कराया गया है। परंतु इस दिशा में अबतक इसका निदान नहीं किया गया। इससे लोगों में काफी आक्रोश है। उधर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि हमलोग के समय बरसात के पूर्व वृहद पैमाने पर नालियों की सफाई की जाती थी, लेकिन इस बार विभाग द्वारा नाली सफाई नहीं कराया गया है। जिसके कारण स्थिति खराब है।



## एक नजर

### बराज से पानी छोड़ा गया

**हैदरनगर।** मोहम्मदगंज उत्तर कोयल मुख्य नहर के बुधुआ लघु वितरणी के टूट होने के दो दिनों बाद नया गेट लगा दिया गया है। गेट लगाने का काम मेकेनिकल डिवीजन औरंगाबाद (बिहार) ने किया है। इससे मुख्य नहर में निर्बाध रूप से पर्याप्त पानी छोड़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बराज डिवीजन के कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर बाद नहर में फिलहाल 364 क्युसेक पानी प्रवाहित किया गया था। डिमांड के हिसाब से जलप्रवाह के लेवल को बढ़ाया जा सकता है। भीम बराज में पूरी क्षमता तक पानी संग्रहित है। कोयल नदी के डाउन स्ट्रीम में पानी नहीं खोला गया है।

### मोहम्मदगंज : माली गांव में चोरी, पुलिस छानबीन में जुटी

**हैदरनगर।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के माली गांव में गुरुवार की रात दो घरों में चोरी की सफल घटना होने की सूचना है। चोरों ने नगदी समेत लाखों रुपये के जेवरात चुराकर भाग निकले। भुक्तभोगी दिग्विजय शर्मा ने बताया कि माली गांव स्थित उनके पैतृक आवास से गुरुवार की रात बंद घर से चोरों ने दस हजार रुपए नगदी समेत सोने और चांदी के लाखों रुपए के आभूषण चुरा ले गए। उन्होंने बताया कि वह अपने पूरे परिवार के साथ घटना के पूर्व से ही मेदिनीनगर में थे। इसी बीच सुबह ग्रामीणों से सूचना मिली कि घर का ताला टूटा और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। घर जाकर देखा तो उनके घर के सभी ताले और सभी बक्से का ताला भी टूटा पड़ा है। उनके पड़ोसी सुदामा विश्वकर्मा के घर भी चोरी की वारदात हुई है। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत मोहम्मदगंज थाना में देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने बताया कि चोरी की घटना का लिखित सूचना मिली है। पुलिस इस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### डीलर की पत्नी के निधन पर शोक

**हैदरनगर।** जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के सोनबरसा निवासी डीलर विक्रमादित्य सिंह की धर्मपत्नी लीला देवी (85 वर्ष) का निधन शुक्रवार को हो गया। उनका दाह संस्कार स्थानीय कोयल नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र मणिशंकर उर्फ मंजू सिंह ने दी। इस मौके पर कांग्रेस नेता कुश कुमार सिंह, मिंटू, राहुल सिंह, भाजपा नेता संतोष सिंह, नीरज सिंह, झामुमो नेता रामबचन बैठा, एनसीपी नेता रुद्र प्रताप सिंह के अलावा राजू रंजन सिंह, शंकर सिंह, श्रवण सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, संजय सिंह गांधी, मनोज सिंह, अजय सिंह, धीरज सिंह, मिथलेश सिंह, अमरेन्द्र सिंह सहित अन्य परिजन और ग्रामीण शामिल थे। उनके निधन पर भाजपा नेता कामेश्वर सिंह, सीबी रमण सिंह, गुप्ता पासवान, अरविंद मेहता, सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष जियाउद्दीन खान, जिला पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह सहित कई लोगों ने गहरा शोक प्रकट किया है।

### ब्रेन हेमरेज से युवक की मौत

**पिपरा।** प्रखंड के सरैया गांव निवासी बिरेंद्र गिरी के 16 वर्षीय पुत्र लव कुमार का आकस्मिक निधन हो गया। परिजनों के अनुसार मृतक लव कुमार बीते दो वर्ष पूर्व खेलने के दौरान पेड़ से गिरने पर सर में चोट लगी थी। तत्कालीन इलाज के बाद वह सामान्य हो गया था। अचानक लव कुमार के शर में तेज दर्द शुरू हुआ और उसे तीन बार उल्टियां भी हुई। उसके बाद स्थानीय लोग और परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए औरंगाबाद जिला के नबीनगर शहर ले जाया जा रहा था। इस दौरान टंडवा के समीप उसकी मौत हो गयी। चिकित्सको ने जांचों उपरांत बताया कि मृतक लव की मौत ब्रेन हेमरेज होने की वजह से हो मौत हो गयी है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**पांकी।** प्रखंड के थाना रोड स्थित माही होटल में शुक्रवार की दोपहर फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड के द्वारा सामाजिक कार्यक्रम के तहत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया, सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड कंपनी के रीजनल मैनेजर राजेश मिश्रा के हाथों अतिथियों को पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संबोधन में कंपनी के रीजनल मैनेजर ने बताया कि उक्त कंपनी में बैंकिंग के साथ-साथ लोगो को अन्य लाभ भी पहुंचाया जाता है, बैंक से जुड़े महिलाओं के आर्थिक सामाजिक विकास को लेकर अनेक पहल किया जा रहे हैं। हमारी कंपनी के द्वारा समय दर समय एक से बढ़कर एक सामाजिक कार्य करता है जिससे लोगों को लाभ पहुंचता है। आज का यह स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विशेष राहत पहुंचाएगा। कार्यक्रम के संबोधन में जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी ने फाइनेंस लिमिटेड के सभी कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार मनुष्य को जीवित रहने के लिए भोजन की आवश्यकता है। उसी प्रकार मनुष्य को जीवित रहने के लिए स्वस्थ होना आवश्यक है। मनुष्य को हमेशा अपने स्वास्थ्य की जांच समय-समय पर करानी चाहिए।

## न्यूज बॉक्स

### एक मुर्गा के लिए दोस्त का हत्या करने वाला गिरफ्तार

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र रबदा के अखिलेश भुइयां हत्या कांड का खुलासा करते हुए। हत्य के आरोपी अरुण भुइयां 26 वर्ष पिता साहेब भुइयां को किया गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया। इस बात की पुष्टि शुक्रवार को थाना प्रभारी अंचित कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला गुरुवार की 1 बजे रबदा गांव का है। गांव में जिंदा मुर्गा मांगने पर एक पड़ोसी ने दूसरे पड़ोसी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया। पार्टी के दौरान दोनों पड़ोसी शराब के नशे में थे। इसी दौरान यह घटना हुई। इस अभियान में एसआई विश्वनाथ कुमार राणा, एएसआई बसंत दुबे, राजीव कुमार टू मौजूद थे।

### विश्रामपुर सीओ ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर पकड़ा, पुलिस को किया सुपुर्द

**विश्रामपुर।** अंचल पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने गुप्त सूचना के आधार पर सिगसिगी कोयल नदी घाट से चोरी छिपे अवैध तरीके से बालू उठाव कर ले जा रहे ट्रैक्टर को शुक्रवार तड़के तीन बजे भोर में जब्त कर लिया। बाद में इसे रेहला थाना पुलिस को सुपुर्द कर जिला खनन विभाग को अग्रेतर कानूनी कार्रवाई हेतु अग्रसारित कर दिया। जानकारी के अनुसार जब्त महेंद्रा ट्रैक्टर रक्साहा भोलाटांड निवासी राहुल ठाकुर का बताया जा रहा है। गौरतलब है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 10 जून से 15 अक्टूबर तक पूरे देश की नदी घाटों से बालू उठाव पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर सख्ती से इसका पालन हेतु सभी जिला प्रशासन को आदेश दिया है। इस आलोक में जिला प्रशासन ने टास्क फोर्स गठन करने के साथ सभी अंचल के सीओ को इस प्रतिबंध को पूर्ण प्रभावी बनाने के निर्देश दिया है। इधर बालू का कहीं भी खनन विभाग द्वारा भंडारण नहीं किए जाने से अंचल में बड़ी संख्या में गरीब का अबुआ आवास निर्माण कार्य बालू बिना अटका पड़ा हुआ है।

### जिला शिक्षा पदाधिकारी ने मुक्केबाजी कोच अनुपम तिवारी को किया सम्मानित

**उंटारी रोड।** 63 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह के दिन पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा ने पांडू प्रखंड के अपग्रेडेड+2 हाई स्कूल के शारिरिक शिक्षक एवं मुक्केबाजी कोच अनुपम तिवारी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। 67वीं स्कूल नेशनल मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 67 साल के स्कूल नेशनल के इतिहास में पहली बार झारखंड को तीन मेडल प्राप्त हुए हैं। अनुपम तिवारी झारखंड बॉक्सिंग टीम के मुख्य चयनकर्ता और टीम कोच थे। उनके नेतृत्व में मुक्केबाजी के क्षेत्र में भारतवर्ष में झारखंड का नाम रोशन हो रहा है। मुक्केबाजी के राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके हैं और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के बॉक्सिंग टीम के पूर्व कैप्टन भी रह चुके हैं। इस मौके पर झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतीश दुबे, सचिव आलोक तिवारी, उपाध्यक्ष साकेत शुक्ला, अभिषेक सिंह, भीम राम, दिगम्बर पटेल, संजुक्त सचिव विकाश पटेल, कोषाध्यक्ष बृजबिहारी एवं झारखंड माध्यमिक शिक्षक परिवार के सभी सदस्य तथा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के एपीओ जॉन मुथू, पांडू प्रखंड के बीपीओ सतीश तिवारी, अकाउंटेंट मनीष गुप्ता, सीआरपी रामबचन राम, रतनाग हाई स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार और पलामू जिला के सभी शारीरिक शिक्षक और सहायक शिक्षको ने बधाई दी है।

### जनता की समस्याओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी से मिले कांग्रेसी नेता

**नावाबाजार।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय व्याप्त भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी को ले कांग्रेस नेता प्रभात कुमार दुबे उर्फ.बड्डु दुबे ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिका विजय प्रसाद मरांडी से मुलाकात किया। जहां मिलकर आम जनता की समस्याओं से अवगत कराया। साथ हीं क्षेत्र में फैले भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी को लेकर नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के क्रम में दर्जनों गांव के ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कभी भी उन्हें खाद्यान्न समय पर नहीं मिलता है। वर्तमान जुलाई माह को मिलाकर दो-तीन महीने का राशन गायब कर दिया गया है। जिसमें विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता उजागर हो रहा है। वहीं मनरेगा की योजनाओं में 45-50 प्रतिशत राशि उगाही किए जाने की बातें कही। कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार की गंगोत्री बन गया है। किसी भी वरीय अधिकारियों से शिकायत करते हुए जिम्मेवार लोगों पर कार्रवाई के लिए आग्रह किया जाएगा। भ्रष्टाचार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। स्थानीय जनप्रतिनिधि को आम जनता के दुख-दर्द से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि जात-धर्म से ऊपर उठ कर आम जनता को शोषक व पोषक में फर्क समझना होगा। ताकि उनके द्वारा सही व्यक्ति का चुनाव किया जा सके। वहीं बीडीओ सह सीओ विजय प्रसाद मरांडी ने आश्वासन किया कि सब कुछ ठीक-ठाक कार्य हो रहा है और आगे भी सुव्यवस्थित रूप से कार्य होगा। ग्रामीणों के द्वारा शिकायत मिलने पर संबंधित लोगों पर कार्रवाई होगा। मौके पर डबलू चौबे, आरिज आलम, इरसाद खान, मुखिया छोटू सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## तानाशाही ताकतें हार गईं और झारखंड का बेटा फिर से मुख्यमंत्री बना : विवेकानंद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पांच माह के बाद जेल से लौटने के बाद हेमंत सोरेन के पुनः मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर पलामू सहित हैदरनगर के झामुमो कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। पलामू जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनाया जाना न्याय की जीत व तानाशाही का हार है। उन्होंने कहा कि यह बेहद खुशी का क्षण है। तानाशाही ताकतें हार गईं और झारखंड का बेटा फिर से मुख्यमंत्री बना। हेमंत सोरेन का जेल से छूटना व मुख्यमंत्री बनना केवल व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि यह न्याय की भी जीत है। भाजपा ने लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश की। किन्तु भारत के लोकतंत्र ने अपने बेटे को पुनः मुख्यमंत्री बनाकर विरोधियों को करारा जवाब दिया है। झारखंड की राजनीति में यह एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा और इससे राज्य में एक नई उम्मीद और विकास की किरण जगी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने पिछले चार साल के कार्यकाल में झारखंड के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस बार भी राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाने की अपेक्षा है।

## अमही में कुकही नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति मिली

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की सभी महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़कों व पुल पुलिया का निर्माण कराया जा चुका है। कुछ पर कार्य चल रहा है। हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती गांव अमही के समीप कुकही नदी पर पुल निर्माण कार्य की मांग लगातार ग्रामीणों के द्वारा की जा रही थी। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसे स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा है कि वह लगातार क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करते हैं। जनता से उन्होंने जो वादा किया था, उसे पूरा करना उनका दायित्व निभाने में जुटे है। उन्होंने कहा कि जनता से किया गया वादा पूरा कर उन्हें सुविधाएं उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुकही नदी पर पुल निर्माण हो जाने से दर्जनों गांव के लोगों को लाभ होगा। विधायक ने कहा कि बड़ी सड़कों के बाद अब गांव की छोटी-छोटी सड़कों का निर्माण कराने की दिशा में वह आगे बढ़े हैं। ग्रामीण कार्य विभाग से हुसैनाबाद की पांच सड़कों को भी स्वीकृति दिलाई गई है। विधायक ने बताया कि जल्द ही निविदा निकलने के बाद सड़कों व पुल का निर्माण कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह प्रयास कर रहे हैं। जल्द ही बचे हुए कार्यों को भी धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया है की वह निर्माण कार्यों पर नजर रखें, अगर निर्माण कार्यों में गड़बड़ी होती है तो तत्काल सूचना दें, कार्रवाई की जायेगी। निर्माण कार्यों में किसी के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। हर हाल में निर्माण करा रहे लोगों को गुणवत्ता का ख्याल रखना होगा।

## हेमंत सोरेन को पुनः झारखंड के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** हेमंत सोरेन को पुनः झारखंड के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में छतरपुर प्रखंड के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जपला मोड़ पर खुशियां मनाते हुए मिठाइयां बांटी गई एवं भाजपा के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन झारखंड मुक्ति मोर्चा के छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष सह चराई पंचायत के मुखिया रविंद्र राम ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि मोदी एवं अमित शाह के इशारे पर ईडी के द्वारा झारखंड में लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की गई थी। गलत केस में फंसा कर झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार को अस्थिर करते हुए भाजपा के सरकार को लाने की साजिश थी जो नाकाम साबित हुई। माननीय उच्च न्यायालय पर हम लोगों को पूरा भरोसा था कि न्याय मिलेगा और मिला। झारखंड मुक्ति मोर्चा आंदोलन की पार्टी है हमें सत्ता से ज्यादा जनहित प्रिय है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों से भाजपा ने बेचैन होकर यहां के सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की लेकिन उच्च न्यायालय ने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। स्थानीय विधायक पुष्पा देवी की ओर इशारा करते हुए चंदन सिन्हा ने कहा कि पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर के कार्यकलापों से आजीज आकर छतरपुर विधानसभा के लोगों ने पुष्पा देवी को रिकॉर्ड मतों से जीताने का काम किया था लेकिन यहां के लोगों के हाथ में निराशा ही लगी।

## स्वास्थ्य पदाधिकारियों व एमपीडब्लू के साथ हुई मासिक समीक्षात्मक बैठक, दिये कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के सभागार में हुसैनाबाद अनुमंडल के सभी समुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों एवं एमपीडब्लू के साथ मासिक समीक्षात्मक बैठक हुई। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। वहीं इस बैठक में सभी प्रकार के मुद्दों पर यथा सभी सीएचओ प्रत्येक महीने के 4 तारीख को अपने -अपने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मासिक बैठक आयोजित करें। जिसमें सभी साहियों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित करें। साथ ही नेत्र ज्योति अभियान जो 05 जुलाई 2024 से आरंभ हो रहा है, में 50 या 50 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों में मोतियबिंद की जांच करें। बैठक में शिशु स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य पर भी विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें सभी सीएचओ अपनी एएनएम के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें ,ताकि लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकें। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा 01 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक स्टॉप डायरिया कैंपेन की शुरूआत की गई है।

## आस्था

### सतौवा गांव में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर कलश यात्रा निकाली

# भक्ति से शक्ति मिलती है : पुष्पा देवी

- शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिटू सिंह
- सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष बम भोले शंकर के नारे से जल यात्रा में शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड के सतौवा गांव में स्थित शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सह कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप से शामिल हुई विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार, पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह उपस्थित हुए। सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष बम भोले शंकर के नारे से जल यात्रा में शामिल हुए। इस कलश यात्रा पहचान विधायक पुष्पा देवी ने कहीं की भक्ति से शक्ति मिलती है। लोगों को भगवान के भक्ति से आत्मा को शांति मिलती है। इस कलश यात्रा में शामिल जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, पूर्व जिला परिषद भोला सिंह, जिला परिषद के विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह,भाजयुमो युवा मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह, कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, चंद्रकांत उपाध्याय,मुकेश सिंह, पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह, राकेश पांडे, मुखिया अखिलेश पासवान, नॉलेज सिंह,शिव शंकर प्रसाद,प्रमोद सिंह शाहिद सैकड़ो श्रद्धालु ने कलश यात्रा में भाग लिया।

## भीम चूल्हा और कासीसोत डैम स्थल पर पर्यटन विकास की है असीम संभावनाएं : सुशील

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** पलामू जिले के बहुचर्चित मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र का ऐतिहासिक पर्यटन केन्द्र भीम चूल्हा स्थल का सौंदर्यीकरण कराने को लेकर गुरुवार को पलामू जिले की विभागीय टीम ने गहनता से अवलोकन और निरीक्षण किया। पलामू जिला के पर्यटन विशेषज्ञ सुशील द्विवेदी ने बताया कि भीम चूल्हा स्थल उतर कोयल नदी और पहाड़ के बीच अवस्थित है। साथ ही जपला मोहम्मदगंज कादलकुर्मी मुख्य पथ पर होने से स्थल तक आवागमन भी सुगम है। उन्होंने कहा कि उक्त स्थल पर पर्यटन के क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं है। उन्होनें कहा कि स्थल के चारों ओर सोलर लाइट, हाई मास्ट लाइट, चबूतरा, सेफ्टी रेलिंग, नाला पर ढलाई, चार सीटर चेयर शेड, सीसीटीवी कैमरा, सुलभ शौचालय, ठंढा पेयजल की पूर्ण व्यवस्था सहित भीम चूल्हा स्थल से भीम बराज स्थल तक लाइटिंग सहित विकास की कई योजनाओं का चयन किया गया है। शीघ्र ही उक्त स्थल का सौंदर्यता बढ़ाने का काम किया जायेगा।मौके पर बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह, समाजसेवी नावाजिश खान, पर्यटन विभाग के सहायक सुनील कुमार, सूरज कुमार, पप्पू शर्मा, प्राचीन शिव मंदिर के मुख्य पुजारी पं. गंगा तिवारी उपस्थित थे। इसके बाद टीम ने पहाड़ों और रमणीक वन के बीच कासीसोत डैम को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित कराने को लेकर उन्होंने अवलोकन किया। जिसमें उपस्थित पलामू कांग्रेस सहकारिता विभाग के चेयरमैन व अभियंता राहुल कुमार सिंह ने डैम स्थल तक पहुंच पथ, शौचालय, पेयलज सुविधायुक्त एक रिफ्रेशमेंट सेंटर, सोलर लाइटिंग, डैम में बोट व्यवस्था, चेयर सीटर सहित अन्य जरुरत की व्यवस्था कराने का आग्रह किया। इस मौके पर कुंदन सिंह, सुनील यादव सहित कई स्थानीय प्रबुद्ध ग्रामीण शामिल थे।





## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के किन्नी खुटार गांव निवासी 55 वर्षीय श्रीकांत पांडेय मेदिनीनगर से अपने गांव लौटने के क्रम में बस के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पूर्णिमा नामक बस ने गांधीपुर मोड़ पर उन्हें धक्का मार दिया। इससे वह छिसटते हुए 50 मीटर तक चले गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें एमएमसीएच में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों उन्होंने मृत घोषित कर दिया। श्रीकांत पांडेय सिंगरा गांव से रिश्तेदार के यहां से श्राद्ध कर्म में शामिल होकर अपने घर वापस लौट रहे थे। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों की माने तो बस काफी तेज रफ्तार से आ रही थी। सामने सीधा मोड़ होने के कारण मुड़ नहीं सकी ,जिसके बाद दूसरी तरफ से आ रही मोटरसाइकिल में धक्का मारते हुए एक दुकान में घुस गई।

### डीसी ने एमएमसीएच का किया औचक निरीक्षण,दिए कई निर्देश

# बिचौलियों व अनावश्यक रूप से घुमने वालों पर करें कार्रवाई : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को एमएमसीएच का औचक निरीक्षण कर एमएमसीएच में भर्ती मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने इमरजेंसी वार्ड के अलावा प्रत्येक वार्ड का अवलोकन किया। सिविल सर्जन को पूराने खिड़कियों को बदलवाने,नया पर्दा लगवाने व बेडशीट चेंज करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मरीज को दी जाने वाली सुविधा को लेकर वार्ड में भर्ती मरीजों से बात कर अस्पताल का फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान ब्लड बैंक के बगल में जर्जर पड़े भवन को ध्वस्त कर उस स्थान पर वॉशिंग कंपलेक्स व शौचालय बनाने का निर्देश दिया। परिसर में अनावश्यक रूप से दिनभर जमा रहने वाले लोगों एवं अस्पताल में भर्ती मरीज को बहला फुसलाकर निजी अस्पतालों में ले जाने पर जल्द एक्शन लिया जायेगा। कोई भी एक्स्ट्रा आदमी अस्पताल में अनावश्यक रूप से मौजूद नहीं रहेगा। देखभाल से संबंधित कार्य के लिए एमआरएमसीएच में एमडी पीडियाट्रिक्स की बहाली होगी। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित हर चीज से निपटना आसान हो जायेगा। अगर दो साल तक एमडी पीडियाट्रिक्स रह जाते है तो यहां इसकी पढ़ाई भी शुरू हो जायेगी और पीजी की क्लास भी शुरू हो जायेगी।

**जर्जर भवन को ध्वस्त कर वाशिंग कॉम्प्लेक्स का होगा निर्माण**



**सिटी स्कैन,एमआरआई, डिजिटल एक्सरे मशीनों का अधिष्ठापन कराने के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सीएस व अन्य संबंधितों को पुराने बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर सिटी स्कैन, एमआरआई, डिजिटल एक्सरे मशीन का अधिष्ठापन कराने का निर्देश दिया। साथ ही पुराने ऑपरेशन थिएटर को मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर में बदलने को लेकर भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आईसीयू के अधिष्ठापन को लेकर वह स्वयं सचिव से पत्राचार करेंगे। उन्होंने आईसीयू के अधिष्ठापन को लेकर भवन निर्माण को प्राक्कलन तैयार करने की बात कही। उपायुक्त ने मदर एंड चाइल्ड हेल्थ केअर यूनिट सहित अन्य वार्डो का भी जायजा लिया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह, डीपीएम दीपक समेत अन्य उपस्थित थे।

## कुलपति ने किया जेएस कॉलेज का औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति सह पलामू आयुक्त बालकिशुन मुंडा ने शुक्रवार को जनता शिवरात्रि महाविद्यालय का औचक निरीक्षण शाम तीन बजे किया। इस दौरान कुलपति ने महाविद्यालय में चल रही यूजी सेमेस्टर 01 (सत्र 2022-26) परीक्षा का जायजा भी लिया। कदाचार परीक्षा मुक्त संचालन को देखते हुए संतोष भी जताया। कुलपति ने महाविद्यालय के पुस्तकालय, पुस्तक, वर्ग संचालन कक्ष समेत पूरे महाविद्यालय का निरीक्षण किया और भविष्य में इसमें बिजली, पानी संपूर्ण व्यवस्था के लिए प्राचार्य को और पंखा लगाने का आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर प्राचार्य डॉ. एसके पांडेय, डॉ. एके वैद्य, उपपरीक्षा नियंत्रक रवि रौशन मिंज (जेएस कॉलेज) समेत महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

## दलित छात्रा से शारीरिक संबंध बनाने का शिक्षक ने बनाया दबाव

### नहीं मानी तो वायरल किया ऑडियो क्लिप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** थाना क्षेत्र के एक शिक्षक द्वारा गांव की दलित बेटी से शरीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने का प्रयास किया गया। छात्रा ने जब शिक्षक की बात नहीं मानी तब शिक्षक ने ऑडियों क्लिप वायरल कर दिया। इसके बाद गांव के लोग शिक्षक के विरूद्ध एकजुट हो गए हैं। जानकारी के अनुसार देवगन तिलहरवा उत्तक्रमित मध्य विद्यालय के सहायक शिक्षक अवध बिहारी यादव का एक दलित की बेटी के साथ अश्लील बातें करते हुए 43 मिनट का ऑडियो क्लिप वायरल हुआ है। जिसमें सहायक शिक्षक ने बार बार युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए प्रलोभन और दबाव बना रहा है। साथ ही गांव के ही कई महिलाओं



और युवतियों के साथ शारीरिक संबंध बनाने का भी शिक्षक ने ऑडियो क्लिप में जिक्र किया है। जानकारी के अनुसार शिक्षक अवध बिहारी यादव छात्राओं और महिलाओं के साथ शारीरिक संबंध से संबंधित वीडियो बना कर ब्लैक मेल करता था। कानूनी कार्यवाही की डर से शिक्षक पीड़िता के माता-पिता व पीड़िता पर दबाव बनाए हुए है। खबर की पड़ताल करने पर बातें खुल कर सामने आई की युवती द्वारा सहायक शिक्षक की बात नहीं मानने पर शिक्षक ने खुद ही ऑडियो क्लिप वायरल कर दिया। ऑडियो क्लिप वायरल होने के बाद गांव वालों को जानकारी मिली। इस बात को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। शिक्षक अवध बिहारी यादव अपने गांव में दबंगई से सभी को डराते रहता था। जो गांव की महिलाओं पर कामुक नजर से देखता है। वहीं मामला का उजागर होने पर शिक्षक पीड़िता के माता पिता पर लगातार दबाव बनाए हुए है, जिससे पीड़िता थाने तक नहीं पहुंच पा रही थी। ऑडियो क्लिप वायरल होने पर तिलहरवा गांव के ग्रामीणों ने बैठक की और सहायक शिक्षक अवध बिहारी यादव के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही के लिए मुखिया और पंचायत समिति सदस्य सहित 127 ग्रामीणों ने छत्तरपुर थाना प्रभारी के नाम लिखित शिकायत की। इस संबंध में छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि पीड़िता के 164 के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। बहुत जल्द ही उस सहायक शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रहें हैं।

**जानकारी के अनुसार शिक्षक अवध बिहारी यादव छात्राओं और महिलाओं के साथ शारीरिक संबंध से संबंधित वीडियो बना कर ब्लैक मेल करता था।**

## यूटीआरसी को लेकर ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में गुरुवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में विचाराधीन और सजा प्राप्त लोगो की पहचान कर उन्हें विधिक सहायता प्रदान करने के लिए विशेष अभियान का आयोजन किया। केंद्रीय कारा में आयोजित जागरूकता शिविर में कैदियों को जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में जेल में बंद लोगों की पहचान करना है। उन्होंने




कहा कि बन्दियों को आवेदन करने के लिए उनकी सहायता करने के लिए लीगल एड डिफेन्स काउंसिल से जुड़े अधिवक्ता व जेल पीएलभी काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जो सजायाफ्ता हैं व सरकारी खर्च पर अपील करना चाहते हैं उनको चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है। एलएडीसी के डिप्टी सिर्फ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि जेल में बंद एक भी बन्दी बिना वकील के नही रहे। साथ ही सभी का अपील सुनिश्चित हो इसके लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। उन्होंने कहा कि महिला बन्दी हो या पुरूष बन्दी जेल में तीनों पीएलभी लोगो से पूछताछ कर उनका डेटा एकत्रित करेंगे। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट वीर विक्रम वक्स राय ने भी यूटीआरसी के बारे में विस्तार से चर्चा की। मौके पर जेल पीएलभी के अलावे बन्दी उपस्थित थे।

## व्यय प्रेक्षक को मोमेंटो प्रदान कर दी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा के निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन से शुक्रवार को उनके कार्यालय में पलामू लोकसभा चुनाव 2024 के व्यय प्रेक्षक जी कनन ने मुलाकात की। चुनाव संपन्न होने के बाद दोनों पदाधिकारियों के बीच यह शिष्टाचार मुलाकात थी। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने फ्री एंड फेयर इलेक्शन संपन्न कराने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने को लेकर व्यय प्रेक्षक व उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया। व्यय प्रेक्षक ने उपायुक्त से कहा कि पलामू में कार्य करना उनके लिये भी एक नया अनुभव था। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने व्यय प्रेक्षक जी कनन को मोमेंटो प्रदान कर विदाई दी। मौके पर अस्सिटेंट कमिश्नर सेल्स टैक्स अरूण एक्का, एईओ अंकेश अलंकार,अंकित रामपाल व कीर्ति वरदान उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के तेलाड़ी गांव निवासी 65 वर्षीय विश्वनाथ यादव का शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दुर्घटना में उनका भतीजा रामजी यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल होने के बाद दोनों को पहले छतपुर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने दोनों को गंभीर स्थिति को देखते हुए एमएमसीएच रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान विश्वनाथ यादव की मौत हो गई। परिवार के सदस्यों ने बताया कि दोपहर चाचा भतीजा बाइक से जपला रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इस बीच रास्ते में पीछे से उन्हें टेंपो ने धक्का मार दिया। जिसमें बाइक से गिरकर दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पेयजल समाधान नहीं होने पर बड़ा आंदोलन होगा :आशीष भारद्वाज

**15 दिनों के बाद पानी यात्रा का समापन**

**मेदिनीनगर।** पानी नहीं तो वोट नहीं, पलामू को पानी दो, कोयल नदी पर बराज बनाओ के नारों के साथ शुक्रवार को पिछले 15 दिनों से लगातार चल रहे पानी यात्रा के पहले चरण को विराम दिया गया। शहर में व्याप्त भीषण पेयजल संकट के विरोध में स्थानीय छहमुहान पर घड़ा,तसला, बाल्टी, नाद, गैलन आदि जल संचय के पारंपरिक वस्तु के साथ छःमुहान पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद शहर के बाजार एरिया के विभिन्न मार्गों से होकर शहीद भगत सिंह चौक पर प्रर्दशन का समापन किया गया। समापन के पूर्व शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संकल्प लिया गया की जो पानी देगा उसी को वोट देना है। आंदोलन के पहले चरण के बाद अगर प्रतिनिधि, सरकार पेयजल संकट मामले का समुचित समाधान नहीं करते हैं, तो पलामू में पेयजल को लेकर उग्र व चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। युवाओं के टीम का नेतृत्व कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि विधानसभा व नगरनिगम चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को पेयजल आपूर्ति पर ठोस कदम उठाना होगा। घोषणापत्र में पेयजल उपलब्ध कराने को पहली प्राथमिकता देना होगा, नहीं तो पेयजल संकट झेल रहे शहरवासियों का आक्रोश झेलना पड़ेगा। बता दे कि मेदिनीनगर नगरनिगम क्षेत्र के युवाओं ने एक टीम गठित कर पूरे निगम क्षेत्रवासियों के बीच पहुंचकर उनकी समस्या को नजदीक से देखने का प्रयास किया।15 दिनों से चल रहे इस अभियान में शहर के ड्राई जोन एरिया का दौरा किया गया। मौके पर शैलेश तिवारी, सोनू नामधारी, बबलू चावला,नवीन तिवारी, मुकेश तिवारी, पिंकू तिवारी, साहेब सिंह नामधारी, मनीष सिंह, धनंजय सोनी, निरंजन मेहता, शशांक सुमन, आनंद दुबे, ज्ञानेश तिवारी, राकेश तिवारी, सोनू पांडेय, वीरमणी तिवारी, फोटू दुबे, शिशु दुबे, अमीत सिन्हा, मनीष तिवारी, संदीप प्रसाद, दीपक प्रसाद, आकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, सूरज सिंह, प्रभात सिंह, चंद्रकांत सिंह, अंकित आरंभ शुक्ला,राजन पंडित, अविनाश पंडित, रौशन तिवारी, रिशु दुबे, संजीत तिवारी, आशा शर्मा, संध्या शेखर, शालिनी श्रीवास्तव, वैजन्ती, वीणा, इंदू तिवारी के साथ शहर के सैकड़ों महिला, पुरुष व युवाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया।

### रूचिर तिवारी होंगे भाकपा उम्मीदवार : सूर्यपत सिंह

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी डालटनगंज चैनपुर भंडारिया विधानसभा क्षेत्र से भाकपा उम्मीदवार होंगे। यह जानकारी पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लगातार आम जनता के जन समस्याओं को लेकर संघर्ष करते रही है। रूचिर तिवारी युवा होने के साथ पढ़ा-लिखा व तेज-तरार्ज उम्मीदवार हैं। हमेशा जनमुद्दों के हर समस्याओं के निदान के लिए वह तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के रोजगार का सवाल हो, रोजगार के नाम पर ठगी का मामला हो, घूसखोरी का मामला हो, प्रखंड स्तर पर या समाहरणालय में जन समस्या या घुसखोरी का मामला हो सभी में वह बढ़चढ़ कर भाग लेते रहे हैं। वह गरीब लोगों को मुफ्त कानूनी सलाह व सेवा भी लगातार 12 वर्षों से डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र सहित पलामू वासियों को न्यायालय के माध्यम से एक वकील के रूप में देते आ रहे हैं।

### भाजपा की बैठक आज

**मेदिनीनगर।** भाजपा की बैठक शुक्रवार को जिला कार्यलय में आयोजित की गई है। बैठक में आगामी 11 जुलाई को डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत होने वाले कार्यकताओं का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा की तैयारी को लेकर चर्चा की जाएगी। पूर्वाहन 11 से शुरू होने वाली बैठक में मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल प्रभारी, जिला पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सांसद, विधायक मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी शिव कुमार मिश्रा ने दी।

**उपलब्धी**

### महीने में 100 मरीजों को होता है डायलिसिस

# जिले में 12 प्रतिशत किडनी मरीज, आधा दर्जन मरीजों का होता डायलिसिस



**एमएमसीएच में है डायलिसिस की पांच यूनिट**

**किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा शहर में नहीं**

**कुंदन सिन्हा**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत देश भर में ज्यादातर जिला अस्पतालों में किडनी रोगियों को डायलिसिस की सुविधा केंद्र सरकार ने शुरू की है। यह कार्यक्रम सार्वजिनक और निजी साझेधारी (पीपीपी) मोड में चलाया जा रहा है। किडनी के रोगियों को बढ़ती संख्या व निजी अस्पतालों में डायलिसिस के महंगे खर्च के कारण केंद्र सरकार जिला स्तर पर यह सुविधा उपलब्ध करा दी है। राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत एमएमसीएच में भी पीपीपी मोड पर पांच डायलिसिस यूनिट प्रथम तल्ले पर संचालित हैं। प्रतिदिन यहां पर चार से पांच किडनी मरीज डायलिसिस कराने पहुंचते हैं। हर महीने लगभग 100 के करीब मरीजों का डायलिसिस फिलहाल निःशुल्क किया जा रहा है। पलामू के लोगों को अगर किडनी ट्रांसप्लांट कराना अनिवार्य हो जाता है तो मरीजों को लेकर परिजनों को बड़े शहरों में ही जाना पड़ेगा। एमएमसीएच में डायलिसिस, एमडी फिजिशियन की देखरेख में संचालित किया जाता है। डायलिसिस के लिए तकनीशियन उपलब्ध हैं। किडनी ट्रांसप्लांट कराने में कम से कम पांच से छह लाख रुपए खर्च आता है।

### जिले में 12 प्रतिशत लोग किडनी रोग से जूझ रहें

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कोई अधिकृत अनुमान नहीं है लेकिन फिर जिले में 12 प्रतिशत से अधिक लोग किडनी रोग से ग्रसित हैं। एमएमसीएच में इलाज कराने आने वाले मरीजों के जांच के क्रम में किडनी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। किडनी खराब होने का मुख्य कारण पेनकिलर दवा का अधिक सेवन करना, खराब खान-पान, खराब जीवन शैली, डायबिटीज, किडनी स्टोन डिजीज, प्रोस्टेट बढ़ जाना, यूरिनरी ट्रैक्ट में ब्लड क्लॉट, ब्लड को कंट्रोल करने वाली नसों का कमजोर होना, किडनी के आसपास ब्लड क्लॉट्स, बॉडी में जरूरत से ज्यादा विषाक्त पदार्थ, पानी का कम पीना तथा ड्रग्स और शराब का सेवन प्रमुख कारण है। अगर लोग खान-पान, अपने दिनचर्या में बदलाव नहीं लाएगें तो निश्चित रूप से आने वाले समय में किडनी के मरीजों की संख्या में और तेजी से इजाफा होगा।

**2016 में यह कार्यक्रम शुरू हुआ था**

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही योजना का लाभ किडनी रोगी उठा सकते हैं। बड़ी बात यह है कि इस प्रोग्राम का फायदा उठाने के लिए रोगी को अपने घर से बड़े शहर में जाने की जरूरत नहीं है, बल्कि जिला स्तर पर एमएमसीएच में भी सरकार ने इसका व्यवस्था की है। केंद्र सरकार का यह कार्यक्रम सार्वजिनक निजी साझेधारी (पीपीपी) मोड में चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत साल 2016 में इस कार्यक्रम को शुरू किया गया था। डायलिसिस केंद्र घर से दूर होने के कारण रोगियों को आने-जाने व भोजन आदि पर अतिरिक्त खर्च करना होता है। इससे रोगियों पर और ज्यादा दबाव बढ़ जाता है। इससे निपटने के लिए केंद्र सरकार ने जिला स्तर पर डायलिसिस केंद्र चलाने का कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें मुफ्त या सब्सिडी के आधार पर इलाज पा सकते हैं। सरकार की तरफ से गरीब रोगियों को जिला अस्पतालों में डायलिसिस की सुविधाएं, दवाएं, बिजली, जल आपूर्ति की सेवा मुफ्त में देने का प्रावधान किया गया है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित '**दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल**' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक '**राष्ट्रीय नवीन मेल**' ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### बाइक के धक्के से छात्रा घायल

**केतार।** केतार-भवनाथपुर मुख्य पथ पर लोहिया समता उच्च विद्यालय के समीप बाईक की टक्कर में दसवीं कक्षा की छात्रा घायल हो गयी। जानकारी के अनुसार ताली गांव निवासी गुडू साह केतार बाजार से समान लेकर अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में स्कूल से छुट्टी के बाद छात्रा सलोनी कुमारी घर जा रही थी।इसी दौरान बाईक से टक्कर हो गई।इस घटना में छात्रा को पैर और कमर में चोट लगी है। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रा को केतार बाजार स्थित निजी क्लीनिक में भर्ती कराया जहां बाईक चालक द्वारा उसका इलाज कराया गया।

### नेत्र जांच के लिए शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** जिला अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में बच्चों के नेत्र जांच के लिये शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण नेत्र पदाधिकारी नागेश्वर प्रसाद सिंह ने दिया।नेत्र पदाधिकारी ने शिक्षकों को आँख बचाव के तरीके,आंखों में होने वाली बीमारी तथा बच्चों के आँख जांच के तरीके की जानकारी विस्तार से दिया उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने विद्यालय के बच्चों का प्रारम्भिक नेत्र जांच विद्यालय स्तर पर 30 जुलाई तक कर लें इसके बाद एक अगस्त से विस्तृत नेत्र जांच क्लस्टर स्तर पर किया जायेगा उन्होंने शिक्षकों को क्लस्टर स्तर पर होने वाले जांच की तिथि की जानकारी भी दिया उन्होंने कहा कि जांच के दौरान जिन बच्चों को देखने मे परेशानी होगी उन्हें विभाग द्वारा निशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जायेगा।

### बैठक में पारित प्रस्ताव का अनुपालन नहीं

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने डीसी एवं डीडीसी को पत्र प्रेषित कर जिला परिषद बोर्ड की बैठक में सभी विभागों के पदाधिकारियों को शामिल होने के लिए आदेश निर्गत करने का आग्रह की है। सौंपे गये आवेदन में श्रीमती शर्मा ने कहा है कि जिला परिषद बोर्ड की बैठक में पारित किये गये किसी भी प्रकार के प्रस्ताव का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। साथ ही विभाग द्वारा बैठक में पारित प्रस्ताव का अनुपालन भी नहीं किया जाता है।

### आउटसोर्सिंग अमीनों के लंबित मानदेय भुगतान करने की मांग

**गढ़वा।** झारखंड राज्य अमीन संघ ने डीसी शेखर जमुआर को मांग पत्र समर्पित कर जिले में कार्यरत सभी आउटसोर्सिंग अमीन को लंबित मानदेय भुगतान करने की मांग की है। अमीन संघ के जिलाध्यक्ष सह रंका अंचल के अमीन नवल किशोर तिवारी की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त से मिला एवं मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि जिला में कार्यरत अंचल अमीन लंबे समय से मानदेय से वंचित हैं। उनके लिए घर परिवार का भरण पोषण मुश्किल हो गया है।

## सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़ संवेदक गायब, ग्रामीणों में रोष

# बारिश से गांव की सड़क खराब

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार प्रखंड के मुकुन्दपुर मुख्य पथ से बस्ती होते हुए पंडा नदी तक 1.6 किमी सड़क निर्माण में संवेदक के मनमानी रवैया और लेट लतीफी से ग्रामीणों में आक्रोश है। उक्त सड़क का मरम्मती मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना मद् की राशी 1.58 करोड़ रुपए की लागत से होना है। इसका शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने 12 मार्च को किया था।



**पथ निर्माण विभाग के एसडीओ ने कहा, पैकेज में 6 सड़क हैं, एक साथ सभी सड़क का कार्य कराना मुश्किल है। पीसीसी सड़क का कार्य फिलहाल कराया जायेगा। पक्की सड़क का निर्माण बरसात के बाद संभव है।**

उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण जल्द पुरा कराने की हिदायत दी थी। लेकिन विगत चार माह में भी संवेदक द्वारा सड़क का कार्य को पुरा नही किया गया है। इसका खामियाजा मुकुन्दपुर गांव के ग्रामीणों को झेलनी पड़ रही है। लगातार हो रही बारिश से गांव की सड़क काफी जर्जर हो गई है। सड़क पर जलजमाव और कीचड़ होने से ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीण और राहगीर फिसलकर किचड़ में गीर जा रहे हैं। शुक्रवार को मुखिया मुंगा साह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने संवेदक के रवैया के प्रति विरोध जताया।

मुखिया मुंगा साह ने कहा की संवेदक मनमानी कर रहा हैं जहां सड़क को पीच करना है वहां तीन इंच गिट्टी बिछाकर छोड़ दिया गया है। जबकि जहां पीसीसी सड़क बनाना है वहां निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। गढ्ढानुमा और कीचड़ युक्त सड़क होने से आने जाने में ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को परेशानी हो रही है। लेकिन संवेदक को इससे कोई फर्क नही पड़ रहा है और संवेदक अधुरा कार्य छोड़कर गायब हो गया है। मुखिया ने कहा की इसका शिकायत जिला में करूंगा और इसका जांच कराया जायेगा। ग्रामीण शम्भू ठाकुर, अवध ठाकुर, घुरण साह प्रमोद ठाकुर, संतोष प्रसाद, नन्हकू साह, गोपाल बियार, ओमनरायण गुप्ता ने बताया की संवेदक को बरसात से पुर्व सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए कहा गया था। लेकिन संवेदक ग्रामीणों की बात को नजरंदाज कर दिया। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही और उपायुक्त से उक्त सड़क का निर्माण कार्य जल्द कराने का आग्रह किया है। ताकि ग्रामीणों को बरसात में आवागमन करने में सहुलियत हो सके।

### हरित ग्राम योजना में समय के अनुसार गड्ढे की खुदाई करें : बीपीओ

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को मनरेगा बीपीओ कमलेश कुमार ने मानरेगा कर्मियों के साथ बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप, अबूआ आवास योजना में मिलने वाले मनरेगा से मजदूरों की मजदूरी भुगतान, लंबित योजनाओं बंद करने तथा अन्य कई बिंदुओं पर विस्तार रूप से समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में बीपीओ ने सभी रोजगार सेवक को निर्देश दिया की बिरसा हरित ग्राम योजना में समय के अनुसार गढ्ढा की खुदाई प्रारंभ किया जाए ,कूप निर्माण कार्य को 15 दिनो के अंदर पूर्ण किया जाए, साथ ही आवास निर्माण कार्य में लगे मजदूरों की मजदूरी भुगतान अभिलंब कराई जाए ।वैसे लंबित योजना जिसमे टीसीबी, मेडबंदी व अन्य प्रकार की लंबित योजना को बंद करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुपस्थित रोजगार सेवकों के खिलाफ मनरेगा लेखापाल को अनुपस्थित रोजगार सेवकों से स्पष्टीकरण की मांग करने का निर्देश दिया।

## न्यूज | बॉक्स

### बारियातू प्रखंड कार्यालय में बीडीओ सह सीओ ने कर्मियों के साथ की समीक्षा बैठक



**बारियातू।** प्रखण्ड कार्यालय सभागार परिसर मे बीडीओ सह सीओ नन्द कुमार राम की अध्यक्षता मे संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक मे मनरेगा योजना के तहत अबुआ आवास लाभुकों को डिमांड लगाकर राशि निकालने की निर्देश दिया गया। तथा वर्तमान में बिरसा मुंडा आम बागवानी स्वीकृत करने का भी निर्देश दिया गया। पूर्व सें स्वीकृत विरसा मुंडा आम बगवानी का गड्ढा खुदाई कर कार्य को पूरा करना है एवं पशुधन योजना गाय शेड को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। अन्य संचालित मनरेगा योजना टीसीबी कार्य को अविलम्ब कार्य पूर्ण कर योजना को बंद करवा ले। प्रधानमंत्री पीएम आवास योजना को पूर्ण करने की बात कही। मौके पर प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी केतन गुप्ता, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं पंचायत मुखिया सहित प्रखण्ड कर्मी उपस्थित थे।

### नि:शुल्क हाइब्रिड धान का किया गया वितरण



**भंडरिया।** इंदिरा गांधी चौक के पास स्थित हदीस बीज भंडार में शुक्रवार को शिवानी एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड के मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के क्षेत्रीय प्रबंधक जितेंद्र शुक्ला एवं सीनियर ट्रेजरी मैनेजर समीर पांडे के निर्देशानुसार भंडरिया बीज भंडार के हदीस अहमद के द्वारा प्रखंड के विभिन्न गांव के तीन दर्जन से अधिक किसानों को शिवानी गोल्ड हाइब्रिड धान शिवानी 111 प्रति किसान को तीन-तीन केजी डेमो के रूप में निशुल्क हाइब्रिड धान वितरण किया गया। इस मौके पर बीज भंडार के हदीस अहमद ने बताया कि कंपनी के द्वारा पिछले वर्ष भी दर्जनों किसान को हाइब्रिड धान निशुल्क वितरण किया गया था, जिसकी उपज काफी अच्छी हुई थी। उसी को देखते हुए कंपनी के दिशा निर्देश के अनुसार भंडरिया प्रखंड के विभिन्न गांव के तीन दर्जन से अधिक किसानों को बीच वितरण किया गया। बीज प्राप्त करने वाले किसान में मुख्य रूप से झगरू मिंज, सुरेश प्रजापति सुदर्शन कुमार, रविंद्र सिंह, संतोष कुमार, ब्रह्मदेव सिंह, तौसीफ खान, जितेंद्र सोनी, विनोद प्रजापति राहुल कुमार सिंह सहित दर्जनों दर्जनों किसानों निशुल्क हाइब्रिड धान बीज का वितरण किया गया।

### भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नए ईसीजी मशीन का हुआ उद्घाटन



**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को नए ईसीजी मशीन का उद्घाटन डॉक्टर शैलेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। इस मौके पर सबसे पहले टेक्नीशियन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक का ईसीजी करके उद्घाटन किया गया। डॉ. शैलेंद्र कुमार ने कहा कि सीएचसी में नई ईसीजी मशीन लगने से भवनाथपुर ही नहीं, बल्कि केतार और खरौंधी के हजारों लोगों का जांच संभव हो सकेगा। उन्होंने बताया कि पहले लोगों को ईसीजी जांच के लिए गढ़वा और पलामू जाना पड़ता था, जिसमें समय और अधिक खर्च होता था। अब यहां मशीन लगने से लोगों की समय और धन दोनों की बचत होगी। इस मौके पर प्रखंड डाटा प्रबंधन अनूप कुमार, बड़ा बाबू सुनील कुमार पटेल, अरुण लकड़ा, एक्सरे टेक्निशियन दिलीप कुमार, लैब टेक्नीशियन कृष्ण कुमार चौधरी, चंद्रशेखर प्रसाद यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### एक वृक्ष सौ पुत्र समान, हम पर्यावरण की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं : डॉ मुकेश रंजन सिंह



**गढ़वा।** नारायणपुर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों के द्वारा कई वृक्षों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ मुकेश रंजन सिंह ने बच्चों कों वृक्ष लगाने का महत्व समझाते हुए कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की आवश्यकता है तभी इस प्रकृति की रक्षा संभव है। विद्यालय के कई बच्चों ने प्रकृति से जुड़े हुए कई प्रोजेक्ट एवं तस्वीर बनाये। जो अत्यंत ही सराहनीय है। बताते चले की यह विद्यालय ऐसे मौके पर इस तरह के संदेशत्मक क्रिया कलापों कों संचालित करता आया है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय डॉ. मुकेश रंजन सिंह, शिक्षक सुमित सोनी, अमित सोनी, सुधांशु मिश्रा, दिरेन्द्र कुमार, इनाम मल्लिक, मंगल पाण्डेय, जॉर्डन तामंग, राहुल गिरी शिक्षिका अंकिता सिंह, निवेदिता बाला, नेहा प्रीति लकड़ा, नारंती देवी, शिल्पी कुमारी, संचयिता सहाना, रिम्पा दास, उपासना कुंवर, आशिस्टा टोप्पो, अलका सिंह, स्वीटी प्रसाद रंजू कुमारी एवं अन्य कर्मचारी गण भी मौजूद थे।

## घोटाला मामले में गढ़वा नगर परिषद अध्यक्ष एवं अन्य पर प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र में साल 2015 में विभिन्न योजनाओं में हुए घोटाले के मामले में उच्च न्यायालय ने दोषी पाये गये लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश के बाद नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने गढ़वा थाने में तत्कालीन नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केसरी, उनके पति संतोष केसरी सहित अन्य पर प्राथमिक दर्ज कराया है।इस मामले को त्रिस्तरीय कमेटी की जांच व लोकायुक्त के निर्देश के बावजूद नौ सालों मामला चल रहा था।

जांच में स्पष्ट रूप से दोषी पाये जाने के बावजूद इस मामले के किसी भी उपर कोई कारवाई अभी तक नहीं हुयी है. इस मामले में तात्कालीन नगर परिषद उपाध्यक्ष अनिल पांडेय की ओर से उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर किया गया था. इस पर कारवाई करते हुये उच्च न्यायालय ने डब्ल्यूपी पीआईएल नंबर 1270-2021 पर कारवाई करते हुये प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश उपायुक्त गढ़वा को दिया है। उपायुक्त के निर्देश के बाद नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने गढ़वा थाने में प्राथमिकी के लिए 5 जुलाई को आवेदन दिया है। जिसके आलोक में प्राथमिक की दर्ज कर लिया गया है।




**क्या है मामला**

गढ़वा नगर पंचायत में 2015 में टाउन हॉल व बस स्टैंड का जीर्णोद्धार और ड्रम व एलइडी लाइट की खरीदारी में भारी अनियमिता बरती गई थी। उक्त मामले का जांच कमेटी गठन कर जांच की गई थी। कमेटी की जांच में गड़बड़ी की पुष्टि हुई थी। पुष्टि के बाद नगर परिषद अध्यक्ष, कार्यपालक पदाधिकारी अभियंता, नगर परिषद अध्यक्ष पति संतोष केसरी पर आगे की कार्रवाई के लिए विभाग को लिखा गया था। थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार के आवेदन के आधार पर प्राथमिक की दर्ज कर लिया गया है इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षा शेरनी का दूध है, जो जितना पिएगा वह उतना ही दहाड़ेगा : शाही



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

शिक्षा उस शेरनी का दूध है, जो जितना पियेगा वह उतना ही दहाड़ेगा। यह बात क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने शुक्रवार को राजकीय मध्य विद्यालय मकरी को हाई स्कूल और हाई स्कूल झगराखाड को प्लस टू उच्च विद्यालय का दर्जा मिलने पर आयोजित शैक्षणिक कार्य के लोकार्पण के दौरान कही। विधायक शाही ने अपने तीन बार के कार्यकाल में मकरी मध्य विद्यालय को हाई स्कूल और झगराखाड़ हाई स्कूल को प्लस टू का दर्जा दिलाना अपना महत्वपूर्ण कार्य बताया। उन्होंने कहा कि मकरी पंचायत पूरे पलामू प्रमंडल का सबसे बड़ा राजस्व ग्राम है, और यहां के बच्चों को शिक्षा की बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रमंडल के 40 हाई स्कूलों में से 10 हाई स्कूलों का दर्जा भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में दिलाया गया है। शाही ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों में शैक्षणिक व्यवस्था चौपट हो गई है। झामुमो सरकार में न तो एक भी विद्यालय भवन का निर्माण हुआ और न ही पारा शिक्षकों का स्थायीकरण किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल विधायक प्रतिनिधी दयानंद सोनी, भानु गुप्ता, सुनील सिंह, विपिन चौबे, भगत दयानंद यादव, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, रवि पाल, लल्लू ठाकुर, एचएम संजय जायसवाल, खुर्शीद, रविप्रकाश यादव, राजीव मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### 12वीं के बच्चों में प्रमाण पत्र वितरित

**खरौंधी।** स्तरोन्नत +2 उच्च विद्यालय में शुक्रवार को मुखिया प्रतिनिधि श्री संतोष कुमार सिंह ने विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 12वीं के बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत इंटर्नशिप पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र वितरित किया। व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत बच्चों को 80 घंटे का इंटर्नशिप करने का प्रावधान था जिसको पूर्ण करते हुए बच्चों ने इंटर्नशिप का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इंटर्नशिप प्रमाण पत्र प्राप्त कर बच्चों ने विद्यालय प्रबंधन का धन्यवाद किया।मुखिया प्रतिनिधि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की आपने जो सीखा है उसे अपने जीवन मे उतारने की जरूरत है।उन्होंने विद्यालय प्रबंधन के कार्यों को भी सराहा।विद्यालय के शिक्षक देवाशीष कुमार चौबे ने बच्चों से कहा की जो ज्ञान आपने इंटर्नशिप के माध्यम से ज्ञान अर्जित किया है इसका व्यवहारिक जीवन मे प्रयोग करें और सफलता प्राप्त करें।

## भवनाथपुर थाना में बीएनएस कानून के तहत दो मामलों में प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

भवनाथपुर थाना पुलिस ने जुलाई माह के चौथे दिन बीएनएस कानून के तहत दो मामलों में प्राथमिकी दर्ज की है। पहला मामला भवनाथपुर थाना क्षेत्र के चपरी गांव का है, जहां शांति देवी ने अपने पड़ोसी रीमल साह पर जबरन दीवार फांदकर घर में घुसने, गाली गलौज करने और मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि घटना दो जुलाई की रात को हुई, जब वह अपने बच्चे के साथ घर में अकेली थी और उसके पति बाहर गए हुए थे। रीमल साह ने दीवार फांदकर महिला पर हमला किया, जिससे उसकी दाहिनी आंख में गंभीर चोट आई। दूसरा मामला सिंदुरिया झोपड़ पट्टी का है, जहां कुंती देवी ने सेलेस्टीन टोप्पो पर घर में जबरन घुसकर छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। यह घटना तीन जुलाई की रात को हुई, जब कुंती देवी का पति घर पर नहीं था। आरोपी ने घर में घुसकर छेड़छाड़ की, और जब कुंती देवी ने गुहार लगाई तो वह भाग गया। अगले दिन, जब कुंती देवी ने अपने पति को घटना की जानकारी दी, तो आरोपी ने उन्हें धमकी दी और मारपीट की। पुलिस ने दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।




### फरार पॉक्सो एक्ट का आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के कुशल नेतृत्व में एक टीम ने तीन माह से फरार पॉक्सो ऐक्ट के आरोपी सोनू बैठा को राजस्थान से गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि चपरी गांव निवासी सोनू बैठा के खिलाफ मार्च माह में एक लड़की के साथ दुराचार के आरोप में पॉक्सो ऐक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार था। गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर एक टीम का गठन कर आरोपी को सकुशल गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया। इस टीम में थाना के पु.अ.नि. उदय शर्मा और पुलिस बल शामिल थे।

### राष्ट्रीय जनता दल का 28वां स्थापना दिवस धूमधाम से मना

**गढ़वा।** राष्ट्रीय जनता दल जिला कमेटी गढ़वा की ओर से आज गढ़वा शहर के रंका रोड स्थित तिवारी रेस्ट हाउस के सभागार में राष्ट्रीय जनता दल का 28 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रीय जनता दल का स्थापना 5 जुलाई 1997 को राष्ट्रीय जनता दल के जन्मदाता लालू प्रसाद यादव के द्वारा किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष सूरज सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल एवं लालू प्रसाद यादव के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का काम एक-एक कार्यकर्ता कर रहे हैं। गढ़वा जिला कमेटी की ओर से राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से निवेदन आग्रह किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए एवं झारखंड के साथ-साथ पलामू प्रमंडल में हर एक सीट पर विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी देने की मांग किया गया है। साथ ही जिला कमेटी की ओर से यह प्रस्ताव पारित हुआ है कि जिला का समिति की बैठक अनुमंडल अस्तर पर हर महीने में की जाएगी।

**जांच की मांग**

## एसडीओ के लिखित आश्वासन के बाद विधायक प्रतिनिधि माने

# बीडीओ ने जूस पिलाकर समाप्त कराया अनशन

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी (गढ़वा)**

खरौंधी पंचायत में मनरेगा के विभिन्न योजनाओं में व्यापक पैमाने में घोटाले की जांच को लेकर 9 सूत्री मांगो को लेकर प्रखंड कार्यालय पर विधायक प्रतिनिधि का आमरण अनशन तीसरे दिन देर शाम एसडीओ के लिखित पत्र प्राप्त होने के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने जूस पिलाकर अनशन को तोड़वाया। बुधवार की दोपहर में श्रीवंशीधर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा प्रखंड कार्यालय पहुंचकर आमरण अनशन पर बैठे लोगो से मिले थे। आमरण अनशन पर बैठे लोगो से




एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने जानकारी लिया एवं अनशन तोड़ने का आग्रह किया था साथ ही एसडीओ ने दो दिनों में दूसरे प्रखंड के पदाधिकारियों की एक टीम बनाकर खरौंधी पंचायत की जांच कराए जाने की आश्वासन देते हुए अनशन तोड़ने की बात कही। जिस पर अनशनकारी विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास ने कहा आप खरौंधी पंचायत की जांच करवा लीजिए। जांच रिपोर्ट आने तक हमलोग अनशन पर बैठे रहेंगे।एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने त्वरित कार्यवाई करते हुए एक तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन कर बीडीओ के माध्यम से विधायक प्रतिनिधि को अनशन स्थल पर भेजवाया। बीडीओ ने उन्हें इस बात की जानकारी दी ततपश्चात विधायक प्रतिनिधि ने अनशन को तोड़ा। विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास ने बताया की एसडीओ के द्वारा एक जांच टीम बनाई गई है। जांच टीम से योजनाओं की जांच कर रिपोर्ट मांगी गई है सही से योजनाओं की जांच होती है तो खरौंधी मुखिया पर कार्यवाई होना तय है। जांच में अगर टीम लीपापोती करती है तो पुनः आमरण अनशन होगा। जांच टीम से उम्मीद है निष्पक्ष तरीके से जांच करेगी। मौके पर मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकृपाल द्विवेदी, बसंत कुमार यादव, संयोजक विनोद सिंह, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, रामचंद्र सिंह, अरुण कुमार सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद यादव, बूधनाथ गुप्ता, अरुण प्रजापति, रामनाथ बैठा, आनंद चौधरी, सुशील यादव, धर्मेंद्र पासवान, सत्येंद्र यादव, कृष्णा यादव, सुनील रोशन, क्लामुद्दीन अंसारी, अवधेश पासवान, पंकज बैठा सहित दर्जनों भाजपा नेता बैठे थे।

## जन आशीर्वाद यात्रा के तहत लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए समाजसेवी विकास दुबे

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कांडी पंचायत के नैनाबार गांव से झारखण्ड विकास पार्टी के तत्वधान में शुक्रवार को विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विकास दुबे के नेतृत्व में जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ हुआ। बता दें कि युवा समाजसेवी अपने सैकड़ों कार्यकताओं के साथ कांडी पंचायत के विभिन्न गांवों में जन आशीर्वाद यात्रा के तहत लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। जिसमें, नैनाबार, सलैया, बहेरवा, काचर, ढबरिया व कांडी शामिल है। जब विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी विकास दुबे



नैनाबार गांव में पहुंचे, तब ग्रामीणों में खुशी का लहर दौड़ गया। समर्थकों ने उन्हें माल्यार्पण कर विकास दुबे जिंदाबाद जिंदाबाद के नारा लगाने लगे। वहीं ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होते हुए उन्होंने दुःख प्रकट किया। लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांडी प्रखण्ड सहित पूरे विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि 40 वर्षों तक दो नेता भोली-भाली जनता को ठगते रहे हैं। यह सभी लोग जानते हैं। कांडी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र में अच्छे चिकित्सकों की व्यवस्था नहीं कि गई, जिससे कांडी प्रखण्ड की जनता परेशान है।

## एक नजर

### महुआडांड़ थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी फरार

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के एक में दो नाबालिक के साथ कुदरत अंसारी और वीरेंद्र खेरवार पिता पूरणदेव खेरवार के द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं पीड़िताओं के परिजनों के द्वारा 4 जुलाई को महुआडांड़ थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। बता दें कि 24 जून को दोनों नाबालिग किशोरियां अपने घर से शौच के लिए बाहर निकले थी। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे कुदरत अंसारी और वीरेंद्र खरवार ने दोनों किशोरियों का मुंह बंद करके बोलेरो वाहन से मौनाडीह जंगल ले गए और वहां दोनों के साथ मुंह काला किया। वहीं परिजनों ने थाना में आवेदन देकर दोनों पर सख्त कार्रवाई करने का मांग किया है।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करेगा चतरा प्रेस क्लब

**चतरा।** चतरा प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील कश्यप की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक बैठक जिला मुख्यालय में हुई। जिसमें चतरा जिले के विभिन्न प्रखंडों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने को लेकर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष श्री कश्यप ने कहा कि जिस तरह से आज जंगल व पेड़ पौधों की कटाई हो रहि है, उससे दिन प्रतिदिन मौसम में बदलाव हो रही है, जिसका ताजा उदाहरण इस वर्ष की गर्मी को देखा जा चुका है। अगर आने वाले समय में उमस भरी गर्मी व मौसम बदलाव से बचना है तो पेड़ पौधे लगाने की जरूरत है। इसी मुहिम के तहत चतरा प्रेस क्लब के सदस्यों ने लोगों को जागरूक करने की कोशिश के साथ सभी प्रखंडों में पौधारोपन कर अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने को लेकर गांव-गांव जाकर जागरूक करेंगे। मौके पर कार्यकारिणी सदस्य रणधीर सिंह, श्रीकांत राणा, मालिक बाबु, अरविंद सिंह, हिमांशु सिंह आदि उपस्थित थे।

### आवासीय विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**लातेहार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया के निर्देश पर कानूनी सहायता केद्र महुआडांड़ के पीएलवी इंद्रनाथ प्रसाद के द्वारा राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, गारू में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री कुमार ने मादक पदार्थों के दुरूपयोग समेत अन्य कई सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक किया। प्रसाद ने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से न सिर्फ मनुष्य का शरीर बर्बाद होता है, बल्कि उसका पूरा परिवार भी बर्बाद होता है। यह एक सामाजिक क्षति है। उन्होंने नशापान से दूर रहने की अपील छात्रों से की।

### रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग नेवाड़ी में दो कार के बीच आमने-सामने भीषण टक्कर

# दुर्घटनाग्रस्त कार से 21 किलो गांजा जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्थित नेवाड़ी गांव के समीप शुक्रवार की सुबह एक हुंडई कार यूपी57आर1745 व स्विफ्ट डिजायर कार के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। स्विफ्ट कार में सवार हर्षित राज और ऋषभ केसरी (दोनों गढ़वा) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हर्षित राज को बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया गया उसके सिर में गंभीर चोट आई है। वहीं हुंडई कार में सवार लोग दुर्घटना के बाद फरार हो गए। सूत्रों की माने तो उनलोगों को भी चोटे आयी है लेकिन वो किसी तरह वहां से भाग निकले। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि हुंडई कार रांची की ओर से काफी तेज गति से आ रही थी इसी बीच लातेहार की ओर से आ रही स्विफ्ट कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिसके बाद दोनों कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।




#### हो रही है मामले की जांच

सूचना के बाद जब चंदवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो देखा की हुंडई कार में गांजा छुपा कर रखा है। पुलिस ने गांजा समेत दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया और अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। चंदवा पुलिस ने बताया कि उक्त कार से लगभग 21 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### ग्रामीणों ने संवेदक के द्वारा अनियमितता बरतने का आरोप लगाया

## आधा-अधूरे डायवर्सन से राहगीर परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। कुन्दा (चतरा)**

कुंदा प्रखंड अंतर्गत दारी से कुन्दा कालीकरण सड़क मरम्मती कार्य में संवेदक के द्वारा अनियमितता बरतने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। नवादा, कोयता, सिंदरी, टयाकरम व दारी के ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक द्वारा आधा अधूरा डायवर्सन बनाकर पुलिया निर्माण के लिए सड़क को काट डाला गया है। जिसके कारण आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। कीचड़मय हो चुके डायवर्सन में अक्सर दुर्घटनाएं हो रही है। वही स्कूली बच्चों को स्कूल जाने के लिए लगभग दो से तीन किलोमीटर की दूरी का सफर करना पड़ रहा है। क्योंकि स्कूल बस डायवर्सन खराब होने के कारण सीधे गांव तक नहीं पहुंच पा रहा है। वही ग्रामीणों का कहना है कि यदि संवेदक द्वारा उक्त डायवर्सन को ससमय ठीक नहीं किया गया तो ग्रामीण काटे गए गढ़े को भरने के लिए बाध्य होंगे। वहीं ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि संवेदक द्वारा अभी तक कहीं पर सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिसके कारण संवेदक को ढूंढने के लिए भी काफी मस्कत करनी पड़ रही है। हालांकि इस संबंध में संवेदक से संपर्क करने की प्रयास किया गया पर उन्होंने फोन नही उठाया।



### पुलिस निरीक्षक मंजू कुमारी बनी मयूरहंड थानेदार

**मयूरहंड(चतरा)।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने विधि व्यवस्था को देखते हुए मयूरहंड थाना का प्रभार इटखोरी पुलिस निरीक्षक मंजू कुमारी को दिया है। शुक्रवार दोपहर मयूरहंड के राहुल कुमार सिंह से प्रभार लिया। पुलिस निरीक्षक के साथ मयूरहंड थाना प्रभारी का प्रभार लेने के उपरांत मंजू कुमारी ने कहा कि क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल, शांति व्यवस्था कायम रखना व महिलाएं को सुरक्षा प्रदान करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय आदेस से थाना प्रभारी राहुल सिंह को चतरा लाइन क्लोज किया गया है।

## प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा (चतरा)**

कुन्दा थाना क्षेत्र के अनगड़ा जंगल से पुलिस ने गुरुवार को एक युवक का संदेहास्पद स्थित में शव बरामद किया। शव की पहचान पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के करमा गांव निवासी कमेशर सिंह के 19 वर्षीय पुत्र सुबोध कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता हैं कि हत्या प्रेम प्रसंग में हुई हैं। परिजनों ने बताया कि मंगलवार को सुबोध अपने घर से प्रदेश काम करने के लिए जा रहा था। जाने के क्रम में अपने चार-पांच दोस्तो के साथ दोपहर लगभग एक बजे अनगड़ा स्कूल के पास ताड़ी पीने लगा, इतनी देर में लड़की के भाई और एक अन्य व्यक्ति वहां पहुंचे, जब तक सभी कुछ समझ पाते कि दोनों ने सुबोध को जमीन पर गिरा दिया और हाथ पैर बांध कर जंगल की ओर ले गए। उपस्थित युवक हल्ला करने लगे तो दोनों ने कहा तुमलोग चुप रहो नही तो गोली मार देंगे और डर से चुप रहे। उसके बाद सुबोध को जंगल में लेजाकर ले जाकर लाठी डंडे व पत्थर से मार-मार कर हत्या कर दी गई। काफी खोज बिन के बाद सुबोध का शव अनगड़ा जंगल में मिला। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने बताया कि हत्या प्रेम प्रसंग का ही है। इस मामले में मृतक के पिता के फर्द ब्यान पर दो नामजद के विरुद्ध मामला दर्ज कर हत्यारो को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।



### अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा को लेकर बरवाडीह में बैठक

**बरवाडीह।** भाजपा की आगामी 11 जुलाई को मनिका प्रखंड में आयोजित होने वाले अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा की सफलता की शुक्रवार को सामूदायिक भवन में विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्यय और श्याम प्रसाद मुखर्जी के साथ साथ वरीय दिवगंत भाजपा नेता स्वर्गीय जयवर्घन सिंह की पुण्यतिथि पर उनकी तस्वीर पर मालयर्पण करने के साथ किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए अभिनंदन सह विजय3 संकल्प सभा कों सफल बनाने की सभी से अपील की साथ ही इस कार्यक्रम में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओ कों लाने का भी निर्देश दिया गया ताकि उन्हें साम्मानित किया जा सके।

## कोयला लदा हाईवा जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

जिला खनन पदाधिकारी मो नदीम सैफी ने बालूमाथ के कुसमाही रेलवे साइडिंग से कोयला लदे हाइवा को जब्त किया है। जब्ती के पश्चात बालूमाथ थाना में डीएमओ के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। खनन पदाधिकारी ने बतलाया कि बुधवार की रात बालूमाथ थाना अन्तर्गत कुशमाही रेलवे साईडिंग का क्षेत्र निरीक्षण के दौरान वाहन सं जेएच24एच 4634 की जांच की गई। जांच के दौरान पाय गया कि वाहन पर कोयला लदा हुआ है। वाहन पर खनिज के चालान की जांच की गई तो पाया गया कि चालान की अवधि सुबह 07:48 बजे तक था। परन्तु उसे दोपहर 12.41 को कुमसाही रेलवे साईडिंग के पास कोयला परिवहन करते हुए पाया गया। वाहन के द्वारा चालान का समय समाप्त होने के उपरान्त भी खनिज का परिवहन किया जाना नियमो का उलंघन है। वाहन को वापस लाने के क्रम मे चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। तत्पश्चात वाहन को स्थानीय ग्रामीण की मदद से लाया गया एवं मकईयाटांड पुलिस पिकेट मे सुरक्षार्थ रखा गया है। डीएमओ ने तय चलान अवधी के उपरान्त भी कोयला खनिज का परिवहन करने के लिये वाहन, वाहन मालिक पर सुसंगत धाराओ में प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन बालूमाथ थाना को दिया है। बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत कुमार उपाध्याय ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे कि कारार्वाई की जा रही है। ज्ञात हो कि इन दिनों कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे ट्रांसपोर्टरों के द्वारा नियमों की अनदेखी कर कोयले का परिवहन कराया जा रहा है। जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है।




### जिला परिषद मद से छठ घाट एवं नाली निर्माण का हुआ शिलान्यास

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय में पश्चिमी क्षेत्र की जिप सदस्य मद से बरवाडीह पंचायत में नाली निर्माण और खुरा पंचायत के बभंडी में छठ घाट निर्माण का शुक्रवार को शिलन्यास किया गया। सर्वप्रथम प्रखंड मुख्यालय के पंचमुखी मंदिर के पीछे नाली निर्माण कार्य से किया गया जहां पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी के साथ जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, मनिका जिला परिषद बलवंत सिंह समेत अन्य लोगों के द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। वही इसके साथ खुरा पंचायत के बभंडी देवरी घाट में छठ घाट निर्माण कार्य की भी शिलान्यास अतिथियों द्वारा किया गया।

### लावालौंग प्रखंड में आम उत्सव सह बागवानी मेले का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

लावालौंग प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हेडूम पंचायत में शुक्रवार को आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ विपिन कुमार भारती एवं सीओ सुमित कुमार झा ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने कहा की आज हेडूम जैसे पंचायत में भारी मात्रा एवं बड़े-बड़े आकार और वजन के आम की उपज की जा रही है। गांव के छठु पाहन के द्वारा मनरेगा के तहत आम बागवानी की गई है। साथ ही बागवानी को भलि भांति देख-रेख करके उसे मूर्त रूप देने में छठु पाहन नें कड़ी मेहनत की। जिसका नतीजा है कि फल के शुरूआत में ही अभी तक वे बीस हजार रुपये से ऊपर का आम बेंच चुके हैं। वहीं अभी भी भारी मात्रा में बागवानी में फल लगे हैं। बीडीओ ने कहा की प्रखंड क्षेत्र के लोग छठु पाहन से प्रेरणा लेकर आगे आएं और मनरेगा के तहत आम बागवानी कर अपने लिए रोजगार का श्रृजन करें। एक बार आम की बागवानी कर दी जाय तो उससे कई पुस्तों का कल्याण हो सकता है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से लेकर बेटियों की शादी-विवाह तक के लिए किसी भी अभाव का दंश नहीं झेलना पड़ेगा। कार्यक्रम में बीपीओ निरंजन कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष छठु सिंह भोगता, मुखिया संतोष राम, रोजगार सेवक, जेएसएलपीएस सदस्य एवं मेट भी उपस्थित थे।



**निर्देश**

### उपायुक्त के अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वक्षता समिति की हुई बैठक

# मनरेगा योजना के तहत कार्यों को पूरा करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वक्षता समिति की बैठक हुई। उपायुक्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्य योजना के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही शेष बचे कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आगे उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को कहा 15वें वित्त एवं मनरेगा योजना के तहत प्राप्त लक्ष्य के कार्यों को पूरा करें ताकि स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के कार्यों को स समय पूरा किया जा सके। पेय जल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा के जिला समन्वयक एवं प्रखंड समन्वयक को प्लास्टिक कचरा प्रबंधन अंतर्गत सेग्रीगेशन शेड के कार्यों का संचालन से संबंधित प्लान क्षेत्र विजिट कर बनाने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि आवश्यकता अनुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए जिले में खराब पड़े चापानल की मरम्मती कराएं। प्लास्टिक पृथक करण शेड के संचालन हेतु मानव बल से संबंधित कार्यों को 15 वें वित्त आयोग से करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, विभिन्न तकनीकी विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।



### सीसीएल सतर्कता विभाग ने ड्रोन कैमरे से मगध का निरीक्षण किया

**बालूमाथ।** कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया के निर्देश पर सीसीएल के सतर्कता विभाग ने अनाधिकृत प्रवेश और निकास का आकलन करने के लिए सीसीएल की खदानों में ड्रोन कैमरे के जरिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया है। कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया के निर्देश पर सतर्कता टीम ने सीसीएल मुख्यालय के अधिकारियों के सहयोग से कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया द्वारा अनिवार्य विशेष अभियान के दूसरे दिन ड्रोन कैमरे के जरिए सीसीएल की मगध परियोजना का निरीक्षण किया। आज जारी इस अभियान में कोयला संसाधनों पर निगरानी बढ़ाने के उद्देश्य एवं निरीक्षण गतिविधियों की देखरेख के लिए ड्रोन कैमरे के जरिए मगध परियोजना का निरीक्षण किया गया।

## न्यूज | बॉक्स

### जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट में एक दिवसीय परामर्श शिविर का आयोजन



**महुआडांड़।** नेतरहाट जंगलवारफेयर स्कूल में नेतरहाट में पीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओ को स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए चिकित्सीय परामर्श हेतु एक दिवसीय स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन धनंजय कुमार सिंह भापुसे पुलिस उप निरीक्षक सह प्राचार्य जंगलवारफेयर स्कूल के अगुवाई में किया गया। परामर्श के लिए महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर रवि कुमार उरांव कार्यक्रम में उपस्थित हुए। जहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओ को डाक्टर रवि के द्वारा स्नेक बाइट से फौरन बचाव व इलाज,हायजिनिग से संबंधित इलाज, ब्ल्ड डोनेशन से होने वाले फायदे समेत अन्य तरह के होने वाले बिमारियों का इलाज के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। वहीं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओ को धनंजय कुमार सिंह भापुसे पुलिस उप निरीक्षक सह प्राचार्य जंगलवारफेयर स्कूल के द्वारा भी स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी गई। मौके पर कृष्ण कुमार महतो, पुलिस उपाधीक्षक अलबिनुस बाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक उमेश कुमार उरांव, परिचारी प्रवर समेत कई लोग मौजूद थे।

### शिक्षा, संस्कार और साथी सही हों तो सफलता निश्चित है : अनिता सिंह



**बालूमाथ।** परियोजना इन्दिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय में शुक्रवार को कक्षा नवम की छात्राओं का विद्यालय की दशम वर्ग की छात्राओं द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता सिंह और विशिष्ट अतिथि अवनिकान्त पाठक, अरबिंद भगत और सुरेन्द्र उरांव पूर्व मुखिया उपस्थित रहे। सबसे पहले सभी अतिथियों को विद्यालय के मुख्य द्वार पर तिलक चंदन लगाकर स्वागत किया गया। उसके बाद परम्परागत झारखंड नृत्य के साथ सभी अतिथियों को कार्यालय कक्ष तक लाया गया। उसके बाद नवम वर्ग की सभी छात्राओं को भी तिलक लगाया गया और पुष्प वर्षा के साथ गीत और नृत्य करते हुए वर्ग कक्ष तक सम्मान के साथ लाकर बैठाया गया।कार्यक्रम के प्रारम्भ में शिक्षक निर्मल सिन्हा, प्रभारी विमला कच्छप और चंदन दास ने माल्यार्पण और पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया।दशम वर्ग की छात्राओं प्रीति, प्रियांशी, ममता, अंशु, रंजना, सुनैना, रिशु इत्यादि ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। शिक्षक अवनिकान्त ने सभी बच्चों को शुभकामना दी। पूर्व मुखिया अरविंद भगत ने बच्चों से मोबाइल का प्रयोग करने में सावधानी बरतने पर बल दिया।

### पशुधन विकास योजना के तहत बकरा-बकरी का किया गया वितरण



**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सा केंद्र मे झारखण्ड सरकार के महत्वाकांशी योजना मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2023-24 के तहत स्वीकृत फुलसु, टोटी, अमरवाडिह पंचायत के 16 लाभुकों को 90% - 75% अनुदान पर चार बकरी व एक बकरा का वितरण किया गया। प्रभारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुशिला बागे ने पशुओं के रख रखाव व बिमारीयों के संबंध में जानकारी दी एवं लाभुकों को आवश्यक दवाएं भी दिया गया। वही जिला भुअर्जन पदाधिकारी लातेहार, व प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने कहा की झारखंड सरकार की यह योजना किसानो के आय मे वृध्दि करने के उदेश्य से चलाया जा रहा है। आशा है इस योजना लाभ लेने वाले, सही ढंग से पशुपालन करके अपने आय मे वृद्धि करके स्वावलंबी बनेंगे। बकरीयां पाकर लाभुक बहुत खुश हुए व विभागीय लोगों को धन्यवाद दिया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सोनी देवी स्वास्थ्य कर्मी बिनोद बैठा, मनोज उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### बालूमाथ पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान, 100 से अधिक बाइक जब्त



**बालूमाथ।** पुलिस ने बालूमाथ थाना गेट के पास वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान वाहन जांच कर रहे पुलिस पदाधिकारी संजय चौधरी ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर क्षेत्र में सड़क दुर्घटना की रोकथाम को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। हेलमेट के बिना मोटरसाइकिल असुरक्षित संचालन करते हैं। जो हुवे दुर्घटना में जान मन का नुकसान हो रहा है। 100 से भी अधिक मोटरसाइकिल बालूमाथ पुलिस के द्वारा जप्त की गई है। दर्जनों मोटरसाइकिल की जांच की गई। बिना हेलमेट के गाड़ी चला चालकों को परिवहन विभाग द्वारा चलान कटाया जारहा है। कहा यह सुरक्षा को लेकर जांच अभियान जारी रहेगा। मौके पर अभियान में सशस्त्र पुलिस बल के जवान भी शामिल थे।

### जलमीनार का एक सोलर प्लेट हुआ चोरी



**महुआडांड़।** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत परहाटोली के नगर प्रतापपुर स्थित हजरत अंजान शाह दाता के मजार के बाहर लगा जलमीनार का एक सोलर प्लेट चोरी हो गया. बताया गया कि जलमीनार में तीन सोलर प्लेट लगा हुआ था, गुरुवार की रात सोलर चोरी कि गई है, जिसके कारण पानी सप्लाई बंद पड़ा है, जब शुक्रवार को श्रद्धालुगण मजार पहुंचे तो उन्हे वजू के लिए पानी की व्यवस्था नही होने पर परेशानी उठानी पड़ी।

### राजद के 28वें वर्षगांठ पर हुआ ध्वजारोहण



**बालूमाथ।** राष्ट्रीय जनता दल का 28 वर्ष पूरे हो जाने के उपलक्ष में राष्ट्रीय जनता दल बालूमाथ कार्यालय में राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने पार्टी का झंडा तोलन किया। इस दौरान राजद लातेहार विधानसभा भावी प्रत्याशी सुरेश राम के अलावे प्रखंड सचिव अजय कुमार गुप्ता, मो. अजमल हुसैन, मो.जसीम, प्रखंड महासचिव उमेश यादव, प्रखंड कोषा अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, प्रखंड उपाध्यक्ष हरिहर यादव, दशरथ यादव, सत्येंद्र यादव, अशोक भुइयां, निर्मल गंझु, राजेश कुमार कुशवाहा, अब्दुल समद, रेवालाल यादव ,तसाउर अंसारी, मो.इस्लाम मजदूर प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सरयू कुमार यादव, महादेव यादव, हरेंद्र कुमार रवि, मनोज यादव, राजन यादव, ओमप्रसाद गुप्ता, विपिन साहू, कमलेश यादव, श्यामलाल भुइयां, पंकजकुमार, मो.अजहर, चंद्रदेव राम सहित सैकड़ो राजद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### स्कूल की चारदीवारी बनाने के लिए डीसी को लिखा पत्र

**कुडू - लोहरदगा।** राजकीय उच्च विद्यालय जिंगी के प्रभारी प्रधानध्यापक अलिरजा अंसारी ने उपायुक्त को पत्र लिख स्कूल की चारदीवारी करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पीएमश्री स्कूल के रूप में चयनित जिंगी हाई स्कूल में चारदिवारी नहीं होने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। चार दीवारी नही होने के कारण पौधरोपन के दौरान लगाये गये सभी पौधों को आवारा पशुओं ने नष्ट कर दिया है साथ ही विद्यालय परिसर में गंदगी रहती है। वहीं अवांक्षित तत्व स्कूल में घुस जाते हैं। जिससे कई तरह का खतरा बना रहता है। पूर्व में चोरी की घटना भी हो चुकी है।

### कुडू चिरी पुल के समीप कोयला लोड ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं



**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के चिरी पुल के समीप कोयला लोड ट्रक संख्या सीजी 10 बी क्यू 7042 असंतुलित होकर पलट गया। ट्रक पलट जाने से केवल लदा कोयला लॉरी के बाहर गिर गया। इसमें चालक की जान बाल-बाल बच गयी। घटना शुक्रवार सुबह की है। वहीं पूरे मामले पर कुडू थाना के एएसआई सुकू सोरेन ने बताया कि उत्तर प्रदेश से कोयला लेकर ट्रक उड़ीसा के लिए निकला था। इस दौरान लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के चिरी पुल के समीप ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। हालांकि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पत्रकार नूतन कच्छप को मातृ शोक



**लोहरदगा।** एक दैनिक समाचार पत्र की ब्यूरो चीफ नूतन कच्छप की माता सम्पत्ति उरांव उम्र - 60 वर्ष की आकस्मिक निधन शुक्रवार की दोपहर हो गया। वे बहुत दिनों से बीमार थी। उन्होंने अपने पीछे पति तिजेशवर भगत, जो कि पुलिस विभाग एसआई पद से रिटायर्ड हुए है , उनके अलावे पांच बेटियों और एक बेटा समेत पूरा भरा पड़ा परिवार छोड़ चुकी है। उनके निधन पर जिले व प्रखंड के सभी प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों ने शोक जताया है।

### भंडरा प्रखंड स्तरीय अंजुमन दफ्तर का थाना प्रभारी ने किया उद्घाटन



**भंडरा।** प्रखंड अंजुमन इस्लामिया प्रखंड कमिटी के दफ्तर का थाना प्रभारी अरविंद सिंह और अन्य अतिथियों के द्वारा विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने प्रखंड कमेटी के ओहदेदारों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि क्षेत्र में समाज पर फैली बुराई को रोकने, शराब, जुआ, अशिक्षा समेत उन तमाम तरह की बुराईयों को दूर करते हुए समाज की तरक्की हेतु विशेष रूप से काम करने की बात कही गई। मौके पर भंडरा प्रखंड नाजीमे आला हैदर अंसारी, सदर आफताब आलम, सेकेट्री अब्दुल रऊफ, कैरो प्रखंड सेक्रेटरी समीद अंसारी, भरनो सदर जहांगीर आलम, सेकेट्री मीर तबरेज व भंडरा प्रखंड क्षेत्र के तमाम अंजुमन के सदर व सेकेट्री व ओहदेदार मौजूद थे।

# झमाझम बारिश से क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिल उठे

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर।** झमाझम बारिश से क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। अच्छी बारिश हुई देख किसान धान की खेती के लिए खेतों को तैयार करने में जुट गए हैं। मानसून की स्त्रिरयता बढ़ने से किसानों में खुशी का माहौल है। किसान लंबे समय से मानसून की बारिश का इंतजार कर रहे थे। वैसे स्थान जहां बिचड़ा नहीं डाला गया था, वहां कार्य भी जोर शोर से शुरू हो गया है। किसान सुबह से ही ट्रैक्टर व हल बैल लेकर खेतों में निकल पड़े। क्षेत्र के अधिकांश किसान धान की खेती पर ही निर्भर करते हैं। हालांकि दो दिन की बारिश ने किसानों के चेहरे पर मुस्कान जरूर बिखेरी है। आगे मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक इस माह में अच्छी बारिश होने वाली है। जिससे किसानों के हौसले बुलंद हैं। किसान चंदन रौतिय, छोटू रौतिया, दुर्गेश कुमार कहते हैं कि पिछली बार मौसम की बेरुखी के कारण धान की खेती अच्छी नहीं हो पाई थी। इस बार उम्मीद है कि इस मानसून में अच्छी वर्षा होने पर भरपूर उपज मिलेगी। इसमें सबसे अच्छी स्थिति में वह किसान है जिन्होंने पंप के सहारे बिचड़ा तो डाल लिया था मगर पानी के अभाव में रोपनी नहीं कर पा रहे थे। जिन किसानों ने बिचड़ा तैयार कर लिया है यह धान की रोपनी में लगे हैं जबकि बाकी किसान अभी क्षेत्रों में बिचड़ा ही डाल रहे हैं उन किसानों की फसल थोड़ी देर से होगी।

# भंडरा में मीड डे मील खाने के बाद 16 बच्चे हुए बीमार

## पेट दर्द, चक्कर आने व उल्टी की शिकायत, अस्पताल में मची अफरा-तफरी

- *भंडरा के कुंदो राजकीय मध्य विद्यालय का मामला*
- *खाने से पेट्रोल और केरोसिन जैसी सुगंध आने की बात बताई*







नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय कुंदो में शुक्रवार को मध्याह्न भोजन खाने से 16 विद्यार्थियों की तबीयत बिगड़ गई। जिसे भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहाँ सभी छात्रों को सलाइन चढ़ाया जा रहा है। बताया गया कि शुक्रवार की दोपहर एक बजे कक्षा एक से लेकर कक्षा छह तक के छात्र के भोजन में चावल, दाल, अंडा दी गई। जिसके खाने के आधे घंटे बाद से ही किसी को चक्कर आने लगा। कोई उल्टी करने लगा। किसी बच्चे को पेट दर्द की शिकायत होने लगी। जिन्हें आनन फानन एंबुलेंस और अन्य साधन से स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां इतनी संख्या में बच्चों को देखकर अफरा तफरी मच गई। जैसे ही इसकी खबर गांव में पहुंची तो मौके पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। अभिभावकों में अफरा तफरी मच गई ।स्थानीय लोगों की मदद से छात्रों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया । अस्पतालों में मौजूद चिकित्सक व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने इलाज किया। आवश्यक उपचार प्रारंभ किए गए है।अस्पताल के प्रभारी डॉ. संजय कुमार ने फूड प्वाइजनिंग की बात कही है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

वही बच्चों ने खाने से पेट्रोल और केरोसिन जैसी खुश्बू आने की बात कही है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि खाना खाने के बाद बच्चों में पेट दर्द, उल्टी, चक्कर की शिकायत पाई गई है। सभी का प्राथमिक उपचार किया गया है। प्रधान शिक्षक ने बताया कि विद्यालय में कुल नामांकन 143 है। जिसमें 112 बच्चे उपस्थित थे। भंडरा के बीईईओ जयनाथ महतो ने बताया कि एमडीएम से बच्चों के बीमार होने की सूचना है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### जिन बच्चों को हुई थी परेशानी

प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंदो में मध्याह्न भोजन खाने के बाद जो बच्चे बीमार हुए थे। उसमें पूजा कुमारी, अर्चना लकड़ा, विशाल उरांव, मानिता कुमारी, ब्रिजा उरांव, कविता उरांव, सीमा उरांव, छोटी कुमारी, सुमन कुमारी, एनीमा कुमारी, सृष्टि कुमारी, देवांती कुमारी, सुनीता कुमारी, आरोही भगत, पूनम कुमारी, मंजू कुमारी शामिल है।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत के सीठीयो पुल के समीप दो मोटरसाइकिल के टक्कर में तीन लोग घायल हो गया।सभी घायलों को सदर अस्पताल लोहरदगा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज हेतु भेजा गया। घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर गस्ती दल घटना स्थल पहुंच सड़क दुर्घटना का जायजा लिया और क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को पुलिस ने लिया कब्जे में लेते हुए थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया।सड़क दुर्घटना में घायलों की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के कुम्बा टोली निवासी रंथू उरांव का 28 वर्षीय पुत्र सूरज उरांव तथा वैमारी निवासी धंने उरांव का पुत्र महेश उरांव और सुखदेव उरांव का 17 वर्षीय पुत्र अमित उरांव के रूप में किया गया है। वही बताया जाता है कि वैमारी से लोहरदगा आने के दौरान सीठीयो पुल के समीप विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल सवार सूरज उरांव को टक्कर मार दिया। जिससे दोनो वाहन चालक का बैलेंस खराब हो गया और पक्की सड़क पर जा गिरे। जिससे सूरज उरांव के सर में गम्भीर चोटें आई है। फिलहाल प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। जबकि महेश उरांव तथा अमित उरांव को हल्की चोटें आई है। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा का स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम में रांची से गुमला जाने के क्रम में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य डॉ. आशा लकड़ा तथा साथ मे मौजूद डायरेक्टर सूरत सिंह, डिप्टी डायरेक्टर आरके दुबे तथा अन्वेषक राहुल कुमार व कुशेश्वर साहू का समाजसेवी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। वही राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य डॉ० आशा लकड़ा ने बरही ग्राम के ग्रामीणों की समस्या से रु ब रु हुई और जल्द ही ग्रामीणों को समस्या से निजात दिलाने की बात कही। केंद्र में मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार है। किसी को कोई परेशानी नही होगी। सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्र से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक विकास होगा। बदलाव के लिये थोड़ा सा समय चाहिये। मौके पर महावीर प्रसाद साहू, राजकुमार महतो, नरेश महतो, सुभाष चंद्र कौशल, रिझू महतो, सुनील उरांव, शिवलाल उरांव, गजानन महतो, मनी रतन भगत, दिलीप ठाकुर, बाडू उरांव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



**गुमला।** राष्ट्रीय अनूसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा एवं निरूपम चकमा ने शुक्रवार को गुमला जिले का दौरा कर आवासीय विद्यालय चपाटोली बिशुनपुर तथा जिला मुख्यालय स्थित उरांव छात्रावास का भ्रमण किया। इसके पश्चात पश्चात सदस्यों ने विभिन्न आदिवासी समाजिक संगठन के साथ बैठक की।

## आकांक्षी प्रखंड किस्को में संपूर्णता अभियान शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** आकांक्षी प्रखंड किस्को में तीन माह तक चलने वाले संपूर्णता अभियान की शुक्रवार को शुरूआत हुई। इस दौरान उच्च विद्यालय किस्को एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकालकर लोगों को स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ बनुश्री वेल पांडियन ने कहा कि जनता के सहयोग से ही आकांक्षी कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत चयनित किस्को प्रखण्ड में निर्धारित इंडिकेटर्स को लेकर किए गए कार्यों को बताया। साथ ही आगामी दिनों में होने वाले कार्यों की रूपरेखा की जानकारी दी। साथ ही प्रखंड स्तर पर संपूर्णता अभियान के विधिवत संचालन के लिए शपथ ली।

## चैनपुर प्रखंड के चिछवानी पंचायत के किसान कल्याण टोप्पो को जिला कृषि विभाग की ओर से मिला सहयोग

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर प्रखंड के चिछवानी पंचायत के किसान कल्याण टोप्पो का तीन दिन पूर्व एक खबर उपायुक्त को मिली, जिसमें पता चला कि कल्याण टोप्पो के दो बैल थे। जिसकी आकस्मिक मृत्यु हो गई थी एवं खेत में हल जोतने में उन्हें काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा रहा था और कल्याण के पास उतनी जमापूंजी नहीं थी, कि वे नए बैल की खरीद कर सकें। इसलिए उन्होंने खुद ही अपने हाथों से खेत में हल जोतने का काम कर रहे थे। गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को हुई तो उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमला जिला कृषि पदाधिकारी को जिले के उक्त किसान कल्याण टोप्पो को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। जिला कृषि विभाग गुमला के द्वार त्वरित कारवाई करते हुए 4 जुलाई को डुमरी प्रखंड में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के उपस्थिति में जिला कृषि विभाग गुमला की ओर से कल्याण टोप्पो को सहयोग करते हुए उन्हें पावर बीडर, पंप सेट (विथ पाइप) पावर स्प्रे बैटरी, दो सीड ड्रम, कोनविडर सहित रागी की बीज एवं लगभग 50 किलो के चावल का भी वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त कल्याण ने कल्याण टोप्पो को बताया गया कि आगे भी यदि किसी प्रकार की समस्याएं हो तो वे जिला कृषि विभाग से संपर्क कर सकते हैं। इस सहयोग के लिए कल्याण टोप्पो ने उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उन्हें इस सहयोग की बेहद आवश्यकता थी और सही समय पर प्रशासन उक्त सहयोग मिलने से मैं और मेरा परिवार बेहद प्रसन्न और खुश है।

## अलग-अलग किस्मों के आम से भरा पड़ा है बाजार

# कुडू से गायब हुआ बीजू आम

नवीन मेल संवाददाता



**कुडू - लोहरदगा।** आम के सीजन की शुरूआत से लेकर अंत तक और आम से खास लोगों को मजेदार स्वाद दिलाने वाला बीजू आम अब खत्म होने के कगार पर है। एक ओर जहां कुडू का बाजार विकसित नई वेरायटीयां और अलग-अलग किस्मों के आम से भरा पड़ा है। वहीं आम के शौकीन लोगों को कुडू के हर एक चौक, चौराहों पर मिलने वाले साधारण कीमत और स्वाद से भरपूर बीजू आम की कमी खल रही है। दो चार वर्ष पहले तक कुडू के स्थानीय बाजारों से लेकर हर मोड़ पर अपना दबदबा रखने वाला बीजू आम बाजार से गायब है। इस बार हालात ऐसे हैं कि एक दो किलो खरीदने के लिए भी लोगों को भी खोजना पड़ रहा है। कुडू मस्जिद मोड़ में प्रतिदिन अपने बगान में फले आम्रपाली, लंगड़ा आदि आम बेचने बैठ रही शुशीला भगत, एतमनिया उरांव, रेखा उरांव, मानती उरांव, सरस्वती उरांव, टीको के अनमोल लकड़ा आदि से बात करने पर इन्होंने बताया कि बीजू आम के उत्पादन में लगातार आ रही कमी का मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन के साथ साथ सड़क चौड़ीकरण में सड़क के दोनों किनारों पर लगे आम के पेड़ को काट दिया जाना भी हैं। इनका कहना है कि सड़क के किनारे और जंगलों के पेड़ों से तोड़ कर लाये बीजू आम एक ओर खरीदारों को सस्ते मिल जाते थे तो हम जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए अतिरिक्त आय का एक जरिया भी बनते थे। लेकिन लगातार घट रही पेड़ों की संख्या और मौसम बदलाव से बीजू आम न के बराबर ही बाजार पहुंच रहे है।

## दोहरे हत्याकांड के अभियुक्त को उम्रकैद की सजा



**गुमला।** गुमला व्यवहार न्यायालय गुमला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ध्रुव चंद्र मिश्र की अदालत ने गुरुवार को सिसई थाना छेत्र के बरटोली गांव में 9 मार्च 2019 को घटी दोहरे हत्याकांड मामले में आरोपी भनसू उरांव को आइपीसी की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि नही देने पर छह माह अतिरिक्त सजा का प्रावधान किया गया है। आरोपी ने अपनी पत्नी छेदन उरांव व सास बसंती देवी की हत्या कर दी थी। घटना के बाद मृतका बसंती देवी की बेटी रानी देवी ने करंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## न्यूज बॉक्स

### सिसई प्रखंड आजसू कमेटी अध्यक्ष ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई प्रखंड आजसू कमिटी अध्यक्ष श्रीकांत गिरी के नेतृत्व में शुक्रवार को बीडीओ रमेश कुमार यादव को ज्ञापन सौंपकर सिसई प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भृष्टाचार पर अंकुश लगाने व जनता के विभिन समस्याओं का समय से निराकरण की मांग किया है। ज्ञापन में कर्मियों को सिसई में निवास करने व समय से कार्यालय में उपस्थित होकर कार्य करने, मनरेगा लाभुकों को समय से भुगतान दिलाने, आबुवा आवास में पारदर्शिता बरतने, जाति आय, आवासीय, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र सहित, जमीन सम्बंधित कार्यो का समय से निष्पादन करने, किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए समय से खाद बीज उपलब्ध कराने, राशन वितरण में निगरानी करने सहित सरकारी कार्यालय में व्यप्त भृष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग किया गया है। श्रीकांत गिरी ने कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधि व सरकारी कर्मियों के रवैये के कारण से जनता त्रस्त है। सरकारी कर्मी बेलगाम होकर जनता को लूट रहें हैं और विधायक संसद जनता को बेसहारा छोड़कर अपनी पॉकेट भरने व सत्ता का सुख भोगने में मस्त हैं. आजसू जनता की लड़ाई लड़ता रहेगा। मौके पर दीपक साहू, सुरेंद्र कुमार,अनिल गिरी, सरोज सिंह, देवीचरण साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### लोहरदगा में मनाया गया राष्ट्रीय जनता दल का 28 वां स्थापना दिवस



**लोहरदगा।** राष्ट्रीय जनता दल जिला कमेटी लोहरदगा के तत्वावधान में मुद्रिका बैंक्वेट हॉल में पार्टी की 28वें स्थापना दिवस मनाया गया। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मेहता की अगुवाई में समारोह आयोजित किया गया। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष सुनील मेहता ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल का स्थापना 5 जुलाई 1997 को राष्ट्रीय जनता दल के जन्मदाता लालू प्रसाद यादव के द्वारा किया गया था। लोहरदगा में राष्ट्रीय जनता दल, लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और मंत्री सत्यानंद भोक्ता के द्वारा पार्टी हित में बताए गए सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम हर एक कार्यकर्ता कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निरंतर लोहरदगा जिला में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के दिशा निर्देशानुसार सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निर्वहन कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कार्यकताओं को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी प्रखंडों में नियमित बैठक करने और संगठन के नीति सिद्धांत को गांव टोला मुहल्ला के लोगों को विस्तृत रूप से बताने की बात कही। वहीं राजद के युवा जिलाध्यक्ष राजेश उरांव ने कहा कि लोहरदगा जिला में राजद का जनाधार आए दिन बढ़ रही है। कार्यकर्ता जन समस्याओं को लेकर लगातार जनता से मुखातिब होते हुए उनकी समस्याओं को सूचीबद्ध कर निपटारा कराए जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य करें। जिससे पार्टी के प्रति लोहरदगा की जनता का जुड़ाव बढ़े। मौके पर अल्ताफ हुसैन, श्रवण तिर्की, इबरार अंसारी, साकिर खान, संतोष उरांव, विनय भगत, दीपक उरांव, शंकर वर्मा, रीता देवी, सुमिता कुमारी, सोमा उरांव, दिला कुमारी, नैना देवी, संजय साहू, शमशेर अंसारी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नगर प्रबंधक के नेतृत्व में गुमला के तीन वार्डों का निरीक्षण, समस्याओं की ली जानकारी




**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय में शुक्रवार को नगर परिषद नगर प्रबंधक के नेतृत्व में वार्ड संख्या 16, 17 एवं 18 का भ्रमण किया गया। भ्रमण के क्रम में तीनों वार्ड के अंतर्गत रोड एवं नाली से संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्याओं का जायजा लिया गया। वार्ड भ्रमण के दौरान कई सड़कें ऐसी पाई गई जिन्हें मरम्मत किए जाने की आवश्यकता है। साथ ही कई नालियों में आशिक टूट फूट है एवं स्लैब भी कई जगहों से टूटा है, जिसे बरसात के पहले ठीक कराया जाना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कचरा आदि भी पाया गया जिसे 24 घंटे के अंदर साफ करने हेतु नगर प्रबंध को के द्वारा आश्वासित किया गया। सड़क एवं नालियों की मरम्मती के संबंध में सहायक अभियंता के द्वारा बताया गया की जो छोटी-मोटी मरम्मती है उन्हें तत्काल आवश्यकता के मद्देनजर कराया जाएगा एवं जो कार्य बड़े पैमाने पर किए जाने हैं उसके लिए निविदा प्रकाशित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर प्रबंधकों एवं सहायक अभियंता के द्वारा आम जनों से भी समन्वय स्थापित किया गया एवं उनकी समस्याओं को सुनते हुए उस पर तत्काल आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया गया।

### कैरो में सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड के कैरो बाजार टांड में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा 14वें वित्त एवं मनरेगा द्वारा 2 लाख 72 हजार रुपये की लागत से वर्षो से निमार्णाधीन सार्वजनिक शौचालय का कार्य पूर्ण होने के बाद शुक्रवार को इसका उद्घाटन कैरो मुखिया बीरेंद्र महली की उपस्थिति में वरिष्ठ नागरिक धनेश्वर साहू के द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर मुखिया बीरेंद्र महली ने कहा कि घर घर शौचालय निर्माण के साथ साथ सार्वजनिक स्थलों में भी सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है ताकि स्वच्छ भारत का सपना पूरा हो सके। कैरो बाजार टांड स्थित सार्वजनिक शौचालय के बनने से कैरो मुख्य चौक, ब्लाक, थाना आने जाने वालो के साथ सप्ताह में दो दिन लगने वाले बाजार हाट में आने वाले ग्रामीण महिला पुरुष को काफी राहत मिलेगी। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रखंड शोसल मोबलाइजर खालिक अंसारी, सेवानिवृत शिक्षक दीपेश्वर पांडेय,बानेश्वर राम, रामसेवक गुप्ता, आसिम अंसारी आदि उपस्थित थे।

### 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा



**भंडरा।** प्रखंड सभागर भंडरा में शुक्रवार को 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक अध्यक्ष डोमना उरांव की अध्यक्षता में की गई। जिसमें प्रखंड अन्तर्गत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओ की समीक्षा की गई तथा कई दिशा निर्देश दिए गए। प्रखंड अन्तर्गत संचालित अबुवा आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा द्वारा संचालित बिरसा संवर्धन सिंचाई कूप योजना, बागवानी योजना पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित 15वें वित्त योजना, पंचायत भवन सुदृरीकरण योजना, पेसा नियमावली, शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाएं, कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाएं, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा राशन वितरण से संबंधित मामले। चिकित्सा विभाग द्वार संचालित योजनाएं एवं पेयजल स्वच्छता द्वार संचालित योजनाओ की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित कर्मियों को पारदर्शिता के साथ एव सदस्यों के संज्ञान में लाते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष जुगल भगत, सभी 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति के सदस्य,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अभिषेक किशोर, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जयनाथ महतो, बाल विकास परियोजना पदाधिकरी नंदी रानी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नवप्रभात भगत, प्रखंड समन्वयक, प्रखंड समन्वयक, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकरी, प्रखंड समन्वयक, उपस्थित हुए।

# न्यूज बॉक्स

## राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू ने बोला हल्ला, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन




**गिरिडीह।** राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू ने शुक्रवार को हल्ला बोला. राज्यव्यापी आंदोलन के अंतर्गत गिरिडीह में भी पार्टी कार्यकर्त्ता एकजुट हुए और रैली निकालकर जोरदार नारेबाजी करते हुए गिरिडीह सदर प्रखंड कार्यालय पहुंचे. इस दौरान पार्टी के अगुवायों ने बीडीओ गणेश राजक को 11 सूत्री मांग से सम्बंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पार्टी नेताओं ने जमीन संबंधित दाखिल-खारीज के लिए अंचल कार्यालय में जमा आवेदनों को अविलंब निष्पादन, पंजी 2 में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या का जल्द से जल्द उचित एवं आवश्यक कार्रवाई, अबुआ आवास चयन में पारदर्शिता, मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन एवं भुगतान, छात्र-छात्राओं के छात्रवृति के लिए जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में शीघ्रता, किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर करने, प्रखण्ड में 24 घण्टे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, प्रखंड अंचल कार्यालय में पदस्थापित समस्त कर्मियों की उपस्थिति सरकारी नियमानुसर सुनिश्चित करने, सरकारी योजनाओं में प्रखण्ड आंदोलनकारियों एवं उनके परिवार के आश्रितों को प्राथमिकता दिए जाने, सभी पेंशनधारियों का भुगतान नियमित एवं निर्वाध रूप से करने, राशनकार्ड धारियों को राशन समय पर आपूर्ति की व्यवस्था, खराब पड़े सभी चापाकलों की जल्द से जल्द ठीक करने की मांग की है।

## अवैध खंतों को किया गया ध्वस्त एसडीपीओ ने धंधेबाजों को चेताया




**गिरिडीह।** सीसीएल इलाके में संचालित अवैध खंतों पर शुक्रवार को जेसीबी चलवाकर ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई में एसडीपीओ बिनोद रबानी, सीसीएल गिरिडीह एरिया के महाप्रबंधक बसाब चौधरी, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, पिकेट प्रभारी सुबोध कुमार दलबल के साथ मौजूद थे. बता दें कि यह कार्रवाई मांझी टोला जेटके समेत अन्य इलाके में की गयी। मौके पर दर्जनों खंतों को जेसीबी चलवाकर ध्वस्त कर दिया गया। इस बाबत एसडीपीओ बिनोद रबानी ने धंधेबाजों को कड़े लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि गिरिडीह पुलिस जीरो टोलरेंस नीति पर काम कर रही है। किसी भी सूरत में अवैध शराब, गौ तस्करी या फिर लोटरी या अन्य अवैध धंधें का संचालन होने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध खंतों का संचालन करने नहीं दिया जाएगा। वे स्वयं इस पर निगरानी कर रहे हैं। साथ ही इन अवैध खंता संचालकों को चिन्हीत कर सभी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने व्यवसायियों की साथ की बैठक सुरक्षा पर हुई चर्चा




**तिसरी** एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर जिले भर के विभिन्न थानों में व्यवसायिक वर्ग के साथ समन्वय बनाकर सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को तिसरी थाना परिसर में इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो और थाना प्रभारी संजय नायक की अध्यक्षता में थाना क्षेत्र के विभिन्न व्यवसायियों के साथ बैठक कर सुरक्षा संबंधित विषयों को लेकर आवश्यक निर्देश दिया है। बैठक में व्यवसायियों को अपनी दुकान के अंदर और मुख्य गेट पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही कैमरे का स्टोरेज कम से कम एक माह तक रखने की भी बात कही गई। इसके अलावे दुकान में यदि कोई चेहरा ढक कर आ रहा है तो उसके ढ़के हुए चेहरे को खोलने पर ही दुकान में आने दें। साथ ही कोई संदेह होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की बात कही गयी।

# घोड़ानेगी गांव में झुंड से बिछड़े दो हाथी ने जमकर मचाया उत्पात

**नवीन मेल संवाददाता। चांडिल**
चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चारों प्रखंडों में इन दिनों जंगली हाथी का उत्पात है। गुरुवार की रात चांडिल वन क्षेत्र के अंतर्गत घोड़ानेगी गांव में झुंड से बिछड़े दो हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। इस संबंध में चांडिल के वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि दो की संख्या में जंगली हाथी ने घोड़ानेगी गांव में पांच लोगों के मकानों को क्षतिग्रस्त किया है।

उन्होंने बताया कि फिलहाल तीन अलग-अलग झुंड में हाथी बंटे हुए हैं। गांव पहुंचे हाथी ने राशन दुकान समेत पांच मकानों को ध्वस्त कर मकान के अंदर रखे अनाज को अपना निवाला बनाया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की मध्य रात्रि 12 से 1 बजे के आसपास झुंड से बिछड़े एक विशाल हाथी घोड़ानेगी गांव में प्रवेश किया। हाथी ने घोड़ानेगी निवासी गयाराम महतो के घर का दीवार तोड़कर घर के अंदर रखे अनाज को अपना निवाला बनाया। हाथी के उत्पात के बीच घर का दीवार गिरने से घर के अंदर रखा प्रवीण कुमार महतो की मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।जंगली हाथी ने घोड़ानेगी निवासी भीम सतपति के राशन दुकान का दरवाजा तोड़कर दुकान के अंदर रखे दाल, चावल, चना, गुड़, आटा, आलू समेत अन्य सामान चट कर गए। जिस समय हाथी जयराम महतो के मकान का दीवार तोड़ रहे थे, उस समय मकान के अंदर सो रहे जयराम महतो व प्रवीण महतो ने अपने परिवार के साथ दूसरे रास्ते से भागकर जान बचाई।



**जिला कृषि पदाधिकारी ने टीम के साथ तिसरी में कृषि फॉर्म की भूमि का किया निरीक्षण, कहा**

# अतिक्रमण की मिली थी सूचना दो-तीन दिनों में मापी होगी शुरू

### समाजसेवी राजकुमार शर्मा ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका की है दायर



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
प्रखंड मुख्यालय स्थित बीज गुणन प्रक्षेत्र ( कृषि ) फॉर्म की जमीन 24.46 एकड़ रकवा वाली भूमि के मापी का रास्ता साफ हो गया है। इसको लेकर शुक्रवार को जिला कृषि पदाधिकारी सुरेन्द्र सिंह अपनी टीम के साथ तिसरी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पहले अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद से मुलाकात कर जमीन का नक्शा उपलब्ध कराया साथ ही मापी के लिए वातालाॅप भी किया। जिसके बाद उन्होंने अपनी टीम के साथ कृषि फॉर्म की जमीन का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि तिसरी में कृषि फार्मा की भूमि पर अतिक्रमण की सूचना प्राप्त हुई है। इसी के मद्देनजर फार्म की भूमि का निरीक्षण किया गया। दो तीन दिनों बाद मापी प्रारम्भ कर दी जाएगी। जिसके बाद जमीन को चिन्हित कर बॉउंड्री वॉल व फेंसींग किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यहां कृषि पाठशाला, डेयरी फार्मा जैसी चीजों को स्थापित करने का प्रयास किया जायेगा। गौरतलब है कि कृषि फॉर्म की उक्त जमीन पर अतिक्रमण करने की शिकायत व उक्त जमीन की मापी करवाने को अंत तक हर कर राजकुमार शर्मा ने इसके विरुद्ध उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर दी। जिसके बाद तिसरी के अंचलाधिकारी द्वारा उक्त जमीन की मापी का आदेश निकाला गया। जांच को पहुंचे टीम में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी प्रक्षेत्र अमित सुमन बेग,कृषि योजना मूल्यांकन पदाधिकारी कपिल कुमार वर्मा जिला, मुन्ना गुप्ता उपस्थित थे।

> **तिसरी में कृषि फार्म की भूमि पर अतिक्रमण की सूचना प्राप्त हुई है। इसी के मद्देनजर फार्म की भूमि का निरीक्षण किया गया**


## COURT NOTICE

**IN THE HIGH COURT OF JHARKHAND AT RANCHI**
**NOTICE**
**Arising out of Cr.M.P. No. 2034 of 2020** 10093 28.06.24
(Arising out of Complaint Case No. 50 of 2001 pending inthe Court of Sri Amit Gupta, Judicial Magistrate, Ist Class, Palamau at Daltonganj)
**Sanjeev Nayan Kumar .....Petitioner.**
**Versus**
The State of Jharkhand & another ........Opposite Parties.
**NOTICE**
**(To the opposite party no.2)**
Smt. Prity Kumari D/O Late Jagdiswari Dayal W/O Sri Gopal Srivastava, resident of Bye pass Road, Sudna, P.O. & P.S.- Daltonganj, District- Palamau at present residing at Patratu, Zeendal Steel Plant., C/O Sri Gopal Srivastava (Store in-charge), P.O.& P.S. Patratu, District- Ranchi.
Whereas it has not been possible to secure service of notice upon you in the above-mentioned Cr.M.P. No. 2034 of 2020 by ordinary process / registered process. You are hereby noticed to appear in person or through advocate on 05.08.2024 at 10:00 A.M. before this Court and if no appearance is made on your behalf on or before the date fixed, the aforesaid Criminal Miscellaneous petition will be heard and decided ex-parte, in your absence not with standing.
Given under my hand and seal of the court, this 28th day of June, 2024.

**By order of the Court**
**Assistant Registrar (J),-II-1/2**
**Jharkhand High Court**
**Ranchi.**

## शपथ पत्र

मैं, सत्य प्रकाश कुमार पिता- नागेन्द्र प्रसाद यादव ग्राम- सड़मा, पो.+थाना-छतरपुर, जिला-पलामू, राज्य- झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक एकरार करता हूं कि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम SATY PRAKASH KUMAR एवं मेरा शैक्षणिक प्रमाण पत्र में SATYA PRAKASH KUMAR दर्ज है। मैं SATY PRAKASH KUMAR एवं SATYA PRAKASH KUMAR दोनों नाम से जाना जाता हूं। दोनों नाम मेरा ही है। मेरा वास्तविक नाम SATYA PRAKASH KUMAR है।

**शपथ पत्र संख्या : 19/11957 दिनांक : 14/06/2024**

## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

पत्रांक 729/न0प0 ,दिनांक 04.07.2024

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–27.06.2024 को नगर परिषद् बाजार की बन्दोबस्ती में किसी भी डाकवक्ता के द्वारा बोली नही लगाने के कारण पुनः उक्त सैरात की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक–12.07.2024 को समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से कार्यालय नगर परिषद्, चतरा के सभा कक्ष में की जायेगी। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नही होने की स्थिति में दिनांक–13.07.2024 को निर्धारित समय पर डाक होगा।

| क्र. | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद् बाजार बन्दोबस्ती | कार्यादेश की तिथि से एक वर्ष तक के लिये मान्य होगा। | 14,95,000.00 | 1,49,500.00 |

नोटः– 1. डाक बोलने का स्थान : कार्यालय नगर परिषद्, चतरा का सभाकक्ष एवं तिथिः–12.07.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे।
2. डाक के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR.NO.328746 Urban Development(24-25):D

## व्यवहार न्यायालय, पलामू, (डालटनगंज)

**सूचना**

आदेशानुसार व्यवहार न्यायालय, पलामू, (डालटनगंज) में साफ–सफाई हेतु दो स्वीपर/सफाईकर्मी की सेवा बाह्य स्रोत से Reputed Outsourcing Empanelled Agency जो पलामू जिला के लिए Empanelled हो, के माध्यम से लिया जाना है। इस कार्य के लिए इच्छुक एजेन्सी दिनांक **20.07.2024** को अपराह्न 04:30 बजे तक Quotation के साथ अपना आवेदन निबंधक, व्यवहार न्यायालय, पलामू, डालटनगंज के कार्यालय में जमा करें। उपरोक्त आवेदन निश्चित तिथि तक निबंधक, व्यवहार न्यायालय, पलामू के ई–मेल आई0डी0–regi.palamaujudgeship@gmail.com पर भी भेजा जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए व्यवहार न्यायालय परिसर पलामू में स्थित निबंधक कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान सम्पर्क कर सकते है।

निबंधक,
व्यवहार न्यायालय, पलामू, डालटनगंज।

PR.NO.328733 District(24-25):D

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा (समाज कल्याण शाखा)

**::आम सूचना::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा Transgender Persons के लिए गरिमा गृह के संचालन हेतु योग्य एवं इच्छुक गैर–सरकारी संस्थाओं/सोसाईटी द्वारा ई–अनुदान पोर्टल पर दिनांक–07.07.2024 तक Online प्रस्ताव आमंत्रित की गयी है।

अतः Transgender Persons के लिए गरिमा गृह के संचालन हेतु योग्य एवं इच्छुक गैर–सरकारी संस्था/सोसाईटी ई–अनुदान पोर्टल में अपना प्रस्ताव दिनांक–07.07.2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
चतरा

PR 328776 Social Welfare,Women and Child Development(24-25)#D


## सीसीएल में नेतृत्व और क्षमता निर्माण पर कार्यशाला का आयोजन

**रांची।** सीसीएल में शुक्रवार को 1 बिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से 'नेतृत्व और क्षमता निर्माण' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को चार विस्तृत सत्रों में संरचित किया गया था। प्रत्येक सत्र प्रतिभागियों को प्रमुख सीआईएल कोयला ब्लॉकों पर रणनीतिक अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था। कार्यशाला को आरके सिंह, जीएम (अन्वेषण), सीएमपीडीआई सहित विशेषज्ञ संकाय द्वारा समृद्ध किया गया था, जिन्होंने 1 बिलियन टन उत्पादन लक्ष्य और जीएम (परियोजना मूल्यांकन और विकास) में योगदान देने वाले भूवैज्ञानिक ब्लॉकों की स्थिति का गहन विश्लेषण प्रदान किया था। उन्होंने इस विषय पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की।उद्घाटन सत्र में निदेशक (टी/ऑपरेशन) हरीश दुहान की उपस्थिति थे। उन्होंने कार्यशाला को शुरू करने के लिए एक प्रेरक भाषण दिया। कार्यशाला ने प्रतिभागियों को नेतृत्व कौशल और रणनीतिक ज्ञान से सुसज्जित किया। सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला की प्रसंशा की और कहा कि इससे उन्हें भविष्य में अत्यंत लाभ होगा।


## कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

**सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 03/2024–25**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मार्च 2025 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 13.07.2024 को पूर्वा0 11.00 बजे से नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के कार्यालय के सभागार में की जायेगी :–

| क्र0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | बजरंग बली मोड़ के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 330100.00 | 33000.00 |
| 02 | ग्रामीण बैंक के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 264100.00 | 26400.00 |
| 03 | चेचरिया पुल के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 275100.00 | 27500.00 |
| 04 | बैल बाजार के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 193000.00 | 19300.00 |
| 05 | जंगीपुर मोड़ के पास टेम्पू/कमांडर/सवारी वाहन स्टैंड की बंदोबस्ती | 232100.00 | 23200.00 |
| 06 | श्री बंशीधर नगर हाट/बाजार सैरात की बंदोबस्ती | 840000.00 | 84000.00 |

बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से बैंक ऑफ इण्डिया, नगर उंटारी में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, www.garhwa.nic.in एवं विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| प्रतिभूति राशि जमा करने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| प्रतिभूति राशि जमा करने का तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2024 (पूर्वा0 11.00 बजे से अप0 02.00 बजे तक) |
| डाक बोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| डाक बोलने का तिथि एवं समय | दिनांक 13.07.2024 (अप0 03.00 बजे से) |

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर

PR 328752 Urban Development (24-25)_D

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु संशोधित आम सूचना**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राशि के सैरात की बन्दोबस्ती जिला परिषद स्तर से की जाएगी।

अतः एतद द्वारा कार्यालय ज्ञापांक 414/जि0प0, दिनांक 21.06.2024 एवं 450/जि0प0, दिनांक 02.07.2024 में अंकित तिथि को विस्तारित करते हुए पलामू जिला अंतर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है–

| क्र0 | हाट/बाजार का नाम | प्रखण्ड/अंचल क्षेत्र | वर्ष 2024 हेतु डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (1 वर्ष के लिए) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लेस्लीगंज हाट | नीलाम्बर पीताम्बरपुर | 16-07-2024 | 01:00 AM बजे से | 240500.00 | 24050.00 |
| 2 | मनातू हाट | मनातू | 16-07-2024 | | 130000.00 | 13000.00 |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 15.07.2024 तक **कॉलम संख्या–7 में निर्धारित अग्रधन राशि कैश/बैंक ड्राफ्ट द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा।** उक्त राशि के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। हाट बाजार की बंदोबस्ती की अवधि एक वर्ष की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि तत्काल तथा शेष 50% राशि अगले 6 माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। **डाक की बोली का अन्तर न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये होगा।**

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें पलामू NIC के वेबसाइट– www.palamu.nic.in/जिला परिषद के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विशेष जानकारी के लिए सम्पर्क संख्या– 7903556060 पर कार्यालय अवधि में जानकारी ली जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 328712 District(24-25)#D

## झारखण्ड सरकार नगर विकास एवं आवास विभाग
## कार्यालय, नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)
**Short Tender Notice**

Short Tender Notice No – UDD/HNP/02/2024-25, Dated- 05.07.2024

1. निविदाकर्ता का पदनाम एवं पताः कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हरिहरगंज।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समयः दिनांक– 19.07.2024 को अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थानः कार्यालय नगर पंचायत, हरिहरगंज।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समयः दिनांक– 20 .07.2024 को 11 बजे पूर्वाहन से 02 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थानः कार्यालय नगर पंचायत, हरिहरगंज।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः दिनांक– 20.07.2024 को 03 बजे अपराह्न से।
7. योजनाओं की विवरणी निम्नवत है–

| Sl. No. | Tender ID | योजना का नाम | प्राक्कलित राषि | परिमाण विपत्र का राषि | अग्रधन की राषि 2% | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDD/HNP/02/01/2024-25 | वार्ड सं0 01 में गोपाल विष्वकर्मा के घर से डॉक्टर गोविंद प्रसाद के घर तक पीसीसी पथ एवं पटिया सहित नाली का निर्माण। | 662000.00 | 661879.00 | 13300.00 | 5000.00 | 03 माह | 15वें वित्त (Untied) |
| 2 | UDD/HNP/02/02/2024-25 | वार्ड सं0 05 मे मुन्ना विष्वकर्मा के घर से मिश्रा कॉलोनी के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण। | 560400.00 | 560400.00 | 11200.00 | 5000.00 | 03 माह | 15वें वित्त (Untied) |
| 3 | UDD/HNP/02/03/2024-25 | वार्ड सं0 14 में महबुब आलम के घर से लक्ष्मण प्रजापति तक आर.सी.सी. नाली का निर्माण। | 357000.00 | 356900.00 | 7200.00 | 1000.00 | 03 माह | 15वें वित्त (Untied) |
| 4 | UDD/HNP/02/04/2024-25 | वार्ड सं0 10 में श्रीकांत मेहता के घर से जगदीष यादव के घर तक आर.सी.सी नाली का निर्माण। | 452200.00 | 452200.00 | 9100.00 | 1000.00 | 03 माह | 15वें वित्त (Untied) |
| 5 | UDD/HNP/02/05/2024-25 | वार्ड सं0 09 में षिव मंदिर से मनोज गुप्ता के घर होते हुए झंडा चौक तक आर.सी.सी नाली का निर्माण। | 898000.00 | 897900.00 | 18000.00 | 5000.00 | 03 माह | 15वें वित्त (Untied) |
| 6 | UDD/HNP/02/06/2024-25 | वार्ड स0 10 मे उदय मेहता के घर से मुख्य नाला तक आर.सी.सी नाली का निर्माण। | 518000.00 | 517520.00 | 10400.00 | 5000.00 | 03 माह | 15वें वित्त (Untied) |
| 7 | UDD/HNP/02/07/2024-25 | वार्ड सं0 10 में देवी मंदिर से बृजमोहन यादव के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण। | 851000.00 | 850560.00 | 17100.00 | 5000.00 | 03 माह | 15वें वित्त (Untied) |
| 8 | UDD/HNP/02/08/2024-25 | वार्ड सं0 05 रमेष ठाकुर के घर से ट्रांसफार्मर तक पटिया सहित नाली निर्माण। | 790200.00 | 790200.00 | 15900.00 | 5000.00 | 03 माह | 15वें वित्त (Untied) |
| 9 | UDD/HNP/02/09/2024-25 | वार्ड सं0 12 में महादेव चौधरी के घर से एनएच 98 वार्ड तक पीसीसी पथ का निर्माण। | 404000.00 | 404000.00 | 8100.00 | 1000.00 | 03 माह | 15वें वित्त (Untied) |
| 10 | UDD/HNP/02/10/2024-25 | वार्ड सं0–05 में पंकज पासवान के घर से रामपुकार के घर होते हुए संजय पासवान तक पी.सी.सी. रोड और आर.सी.सी नाली का निर्माण। | 701100.00 | 701100.00 | 14100.00 | 5000.00 | 03 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 11 | UDD/HNP/02/11/2024-25 | वार्ड सं0–05 मे तालाब के दक्षिण साईड भाग में पटिया सहित आर.सी.सी नाली का निर्माण। | 479700.00 | 479000.00 | 9600.00 | 1000.00 | 03 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 12 | UDD/HNP/02/12/2024-25 | वार्ड सं0–04 में बुधन मेहता के घर से संतोष के घर होते हुए ललन गुप्ता के खेत तक पी.सी.सी. रोड और आर.सी.सी नाली का निर्माण। | 989100.00 | 989100.00 | 19800.00 | 5000.00 | 03 माह | नागरिक सुविधा मद |
| 13 | UDD/HNP/02/13/2024-25 | वार्ड सं0–05 में तसला फैक्ट्री से तेनू के घर तक पी.सी.सी. रोड और आर.सी.सी नाली का निर्माण। | 707800.00 | 707795.00 | 14200.00 | 5000.00 | 03 माह | नागरिक सुविधा मद |

Note : 1. विस्तृत सूचना/नियम एवं शर्ते को NIC Palamu, UDHD Jharkhand के पोर्टल पर तथा कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
2. Helpline Number of Procurement cell- 6206017735, 9835305521

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हरिहरगंज।

PR 328758 District(24-25)D

# माननीय के घर जाने पर रोक के मायने

***असम*** की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तान समर्थक और सांसद अमृतपाल सिंह सांसद के रूप में शपथ लेंगे। अमृतपाल ने पंजाब के खडूर साहिब सीट से लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। नेशनल सिक्योरिटी एक्ट (एनआईए) के तहत डिब्रूगढ़ जेल में बंद अमृतपाल को सांसद के रूप में शपथ लेने के लिए 10 शर्तों पर पैरोल दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट अमृतसर ने 10 शर्तों के लिए डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल के सुपरिंटेंडेंट को दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन शर्तों में मुख्य रूप से जो बिंदु शामिल किए गए हैं, इनमें अमृतपाल शपथ ग्रहण करते समय कोई देश विरोधी शब्दों का प्रयोग नहीं करेंगे। किसी धर्म, विशेष समुदाय या देश की अखंडता को प्रभावित करने वाली बात नहीं करेंगे। अमृतपाल पैरोल पर पंजाब का दौरा नहीं करेंगे और परिवार व वकील के अलावा वे किसी अन्य से मुलाकात नहीं करेंगे। अमृतपाल को लोकसभा सचिव की ओर तय की जगह पर ही ठहराना होगा। अमृतसर रूरल एसएसपी के नेतृत्व में अमृतपाल के शपथ समारोह के लिए सुरक्षा टीम गठित की गई है। डिब्रूगढ़ जेल से बाहर निकलने से लेकर दोबारा जेल आकर हाजिरी दर्ज कराने तक के लिए अमृतपाल को चार दिन की पैरोल दी गई है। वे दिल्ली छोड़कर किसी भी अन्य राज्य नहीं जा सकते। पंजाब बंदी (हिरासत की स्थिति) आदेश, 1981 की धारा 2 (सी) के तहत परिभाषित अमृतपाल को इस दौरान दिल्ली में ही रिश्तेदारों से मिलने की अनुमति दी जाएगी। वीडियो बनाने की अनुमति नहीं है। अमृतपाल या उसके किसी भी रिश्तेदार को उनका वीडियो बनाने या बयान का वीडियो बनाने और उसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रसारित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अमृतपाल की दिल्ली में स्थानीय यात्रा सहित यात्रा और बोर्डिंग/आवास पर किए गए खर्च को डीजीपी पंजाब के पास उपलब्ध विभागीय बजट से वसूला जाएगा। आतंक और माओवाद से जूझ रहे झारखंड में इस दृष्टांत का महत्व है। कई माओवादी और आपराधिक छवि के लोग माननीय बनने की जुगाड़ में विभिन्न पार्टियों का समर्थन करते हैं और कुछ पूर्व माओवादी तो माननीय बने भी हैं। भारतीय समाज और संविधान सुधारवादी सिद्धांतों का पालन करता है पर देश और संविधान का खुले आम अपमान करने वाले यदि कानून निर्माता बनेंगे तो कुछ हो न हो एक स्वच्छ छवि के राजनेता की कमी तो महसूस की ही जाएगी। भारतीय समाज अच्छाई को बढ़ावा देकर एक आदर्श समाज की पैरवी करता है इसलिए हमें अपना प्रतिनिधि चुनते समय ध्यान रखना चाहिए। लगभग दो वर्ष पहले सुप्रीम कोर्ट के समक्ष मौजूदा एवं पूर्व सांसदों-विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों की संख्या पांच हजार से अधिक बताई गई थी। यह आंकड़ा इस बात को भी इंगित कर रहा था कि ऐसे मामलों की संख्या बढ़ रही है, क्योंकि एमपी-एमएलए अदालतें तेजी से मामलों का निष्पादन नहीं कर पा रही हैं। ऐसे मामले इसलिए भी बढ़ रहे हैं, क्योंकि राजनीतिक दल दागी छवि वाले नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने से बाज नहीं आ रहे हैं। उनके पास यह तर्क होता है कि दोष सिद्ध न होने तक हर व्यक्ति निर्दोष है। इस तर्क को पूरी तौर पर अमान्य नहीं किया जा सकता, लेकिन इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इस तर्क की आड़ लेकर राजनीतिक दल गंभीर अपराधों में लिप्त होने के आरोपित नेताओं को भी चुनाव मैदान में उतारते रहते हैं। विडंबना यह है कि ऐसे अनेक नेता जाति, मजहब की राजनीति या फिर धनबल-बाहुबल के सहारे चुनाव जीतने में सफल रहते हैं। इससे खराब बात और कोई नहीं हो सकती कि विधानमंडलों में गंभीर आरोपों का सामना कर रहे नेताओं की संख्या बढ़ती चली जाए। जब दागी छवि या फिर आपराधिक अतीत वाले नेता चुनाव मैदान में उतरते हैं तो न केवल राजनीति के अपराधीकरण को बल मिलता है, बल्कि भले लोग राजनीति में प्रवेश करने से हिचकते भी हैं। इसी के साथ आम लोगों का मनोबल भी गिरता है, क्योंकि उन्हें यह लगता है कि राजनीति ऐसे लोगों को प्रश्रय देती है, जो विधि के शासन का निरादर करते हैं। दागी छवि वाले जनप्रतिनिधि राजनीति को साफ-सुथरा करने में बाधक बनने के साथ ही कानून के शासन का उपहास उड़ाने का भी काम करते हैं।

इन दिनों

# सांस्कृतिक जागरण और लक्ष्मीबाई केलकर



रमेश शर्मा

***भारतीय*** स्वाधीनता संघर्ष की सफलता में उस भावना की भूमिका महत्वपूर्ण है जिसने समाज में स्वत्व का बोध कराया । यदि हम केवल आधुनिक संघर्ष का ही स्मरण करें तो हम पाएंगे कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती से लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव हेडगेवार तक ऐसी असंख्य हुतात्मा हुई हैं जिन्होंने दोहरा संघर्ष किया। एक तो स्वयं सीधा संघर्ष किया और संघर्ष के लिए स्वाधीनता सेनानी भी तैयार किए और दूसरा समाज में स्वत्व और सांस्कृतिक जागरण का अभियान चलाया। लक्ष्मी बाई केलकर ऐसी ही एक महाविभूति थीं, जिनका पूरा जीवन भारत राष्ट्र, समाज और सांस्कृतिक जागरण के लिए समर्पित रहा। लक्ष्मी बाई केलकर का जन्म 06 जुलाई 1905 को नागपुर में हुआ था। उनके पिता दातेजी लोकमान्य तिलक के अनुयायी थे। इस नाते परिवार में राष्ट्र और सांस्कृतिक जागरण का वातावरण था। लक्ष्मीबाई इसी के बीच बड़ी हुईं। उनके बचपन का नाम कमल दाते था लेकिन विवाह के बाद वे लक्ष्मी बाई केलकर बनीं और वर्धा आ गईं। उनका विवाह चौदह वर्ष की आयु में विदर्भ के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर से हुआ था । पुरुषोत्तम जी विदुर थे यह उनका दूसरा विवाह था । दोनों की आयु में अंतर भी था, लक्ष्मी बाई की आयु भले अभी कम थी पर वे मानसिक और बौद्धिक रूप से परिपक्व हो रहीं थीं। विवाह के बाद उन्होंने अपनी शिक्षा भी जारी रखी और पति के साथ समाजसेवा के कार्यों में भी सहभागी बनीं। यह वह कालखंड था जब स्वाधीनता के लिए अहिसंक आंदोलन पूरे देश में प्रभावी हो रहा था। यह संयोग ही था कि लक्ष्मी बाई के मायके का दाते परिवार और ससुराल का केलकर परिवार दोनों इन गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे थे। पूरा विदर्भ



मानो इन अभियानों का हिस्सा था। यही कारण था कि 1923 के झंडा सत्याग्रह का सर्वाधिक प्रभाव पुणे से लेकर विदर्भ तक रहा । यह इस आंदोलन की व्यापकता का ही प्रभाव था कि आगे चलकर गांधी जी ने नागपुर के समीप वर्धा को अपना एक प्रमुख केन्द्र बनाया। अधिवक्ता पुरुषोत्तम राव केलकर अपनी पत्नी लक्ष्मी बाई के साथ इन सभी गतिविधियों में हिस्सा लेते। गांधी जी और तत्कालीन आंदोलनों का कितना प्रभाव इस परिवार पर था इसका अनुमान इस बात से ही लगाया जा सकता है कि लक्ष्मी बाई ने अपने घर में एक चरखा केन्द्र स्थापित कर लिया था । वे सामाजिक जागरण के लिए तीन काम करतीं थीं । एक तो महिलाओं में चरखे के माध्यम से स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा देतीं, दूसरा भारतीय वाड्मय के उदाहरणों से सामाजिक समरसता का वातावरण बनातीं थीं। इसके लिए उन्होंने अपने घर में अनुसूचित समाज के बंधुओ को सहयोगी के रूप जोड़ा हुआ था । और तीसरा राम चरित्र मानस के प्रवचन से सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों की स्थापना। वे मानतीं थीं कि राष्ट्र की स्वायत्तता ही सर्वोपरि है। एक बार जब गांधी जी ने एक सभा में दान की आह्वान किया तो उसी क्षण लक्ष्मीबाई ने अपने गले से सोने की चंन उतारकर गांधी जी को समर्पित कर दी थी । उनका वैवाहिक जीवन अधिक न चल सका। वे अभी मात्र 27 वर्ष की थीं कि 1932 मे पति का देहान्त हो गया । उनके पास दोहरा दायित्व आ गया। परिवार में एक विधवा ननद भी रहतीं थीं। लक्ष्मी बाई ने अपने बच्चों के साथ उन्हें भी सहेजा। लक्ष्मीबाई ने अपनी आवश्यकताएं सीमित कीं पर न बच्चों का शिक्षण रोका न अपनी सामाजिक गतिविधियां कम कीं । उन्होंने अपने घर का कुछ हिस्सा किराये पर उठाया इससे भी कुछ लाभ हुआ । अपनी सामाजिक सक्रियता के चलते वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार जी के संपर्क में आईं। उन्होंने नमक सत्याग्रह में भी भाग हिस्सा लिया किंतु डॉ. हेडगेवार की सलाह पर जेल नहीं गईं और बाहर रहकर सामाजिक जागरण एवं स्वतंत्रता आंदोलन के लिए टोली तैयार करने का काम जारी रखा जो पति की मृत्यु के बाद और तेज हुआ । उनके द्वारा तैयार टोलियों ने विदर्भ में चलने वाले हर आंदोलन में हिस्सा लिया । महिलाएं कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी निकालतीं चरखा और खादी का संदेश देती थीं। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार की सलाह पर वर्धा में 1936 में स्त्रियों के लिए 'राष्ट्र सेविका समिति' नामक संगठन की नींव रखी । इसके लिये भारत भर की यात्रा की और संगठन के कार्य को विस्तार दिया । 1945 में राष्ट्र सेविका समिति का पहला राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। यह वह समय था जब देश के विभाजन वादी शक्तियां प्रबल हो रहीं थीं। अंग्रेजी सरकार का उन्हें संरक्षण था इस नाते उनकी हिंसक गतिविधियां बढ़ गई थीं। विशेषकर बंगाल पंजाब और सिंध में हिन्दू समाज की महिलाओं में एक भय का वातावरण बनने लगा था। लक्ष्मी बाई केलकर ने अपने संगठन के माध्यम में महिलाओं में संगठित रहने और आत्म विश्वास जगाने का अभियान चलाया देश की स्वतंत्रता एवं विभाजन से समय वे सिंध में थीं। उन्होंने हिन्दू परिवारों को भारतीय सीमा में सुरक्षित पहुंचने के प्रबन्ध किए। उन्होंने महिलाओं में जाग्रति के लिये बाल मन्दिर, भजन मण्डली, योगाभ्यास केन्द्र, बालिका छात्रावास आदि अनेक प्रकल्प प्रारम्भ किए। वे रामचरित मानस पर बहुत सुन्दर प्रवचन देतीं थीं। जिनमें संतान के निर्माण, परिवार के निर्माण, समाज के निर्माण और सामाजिक एकत्व का संदेश होता था । वे आजीवन राष्ट्र और समाज की सेवा में लगीं रहीं । वे शरीर से भले 27 नवम्बर 1978 को नश्वर शरीर छोड़कर संसार से विदा हुईं पर उनकी आभा आज भी समाज में प्रतिबिंबित हो रही है। उनके द्वारा गठित राष्ट्र सेविका समिति राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति जागरण का प्रतीक बन गई। जो समाज में संस्कार और पारिवारिक विमर्श का वातावरण बना रही है। उनका संकल्प आज बृहद और वैश्विक रूप ले रहा है। उनका संकल्प और विचार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। यह भारत के इतिहास में स्त्रीशक्ति जागरण और सशक्तिकरण की बड़ी घटना थी। लक्ष्मी बाई केलकर ने महिलाओं को अनुशासित सेविका बनाने के लिए प्रशिक्षण अभियान आरंभ कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सिद्धांत, विचार एवं उद्देश्य के आधार पर नारी शाखा आरंभ की थी । वर्तमान में भारतवर्ष में राष्ट्र सेवा समिति की लगभग पांच हजार से अधिक शाखाएं संचालित हो रहीं हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## आपकी बात



# असत्य, अप्रमाणिक, असंवैधानिक तथ्यों को प्रसारित करने से आम और खास लोगों को बचना चाहिए



डॉ. मनमोहन प्रकाश

***राजा*** हो या प्रजा, अभिनेता हो या जननेता, चुनें हुए जन प्रतिनिधि हो या आम नागरिक, अधिकारी हो या कर्मचारी सभी को घर, बाहर, सरकारी कार्यालय या सार्वजनिक स्थल पर, लोकसभा, राज्य सभा, विधान सभा में भाषा की शालीनता और मर्यादा तथा तथ्यों की प्रमाणिकता का ध्यान रखना चाहिए। विशेष रूप से उन व्यक्तियों को जो जिम्मेदार पदों पर बैठे हैं, दूसरों के लिए रोल मॉडल हैं, जिनकी फैम फॉलोईंग ज्यादा है, जिनको सबसे ज्यादा सुना और पढ़ा जाता हैं, जिनके आचार-व्यवहार का पालन करना समाज में गर्व समझा जाता है और जो बड़ी जनसंख्या को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। मेरा तो ऐसा मानना है कि किसी को भी ऐसे शब्दों का उपयोग नहीं करना चाहिए जो दूसरों को अपमानित करते हो, दुःखी करते हो, मानसिक आघात पहुंचाते हो, जो छूठ और असत्य पर आधारित हो तथा तथ्य से परे हो, जो संविधान की भावना के अनुकूल न हो, जिसके सही या गलत अर्थ लगायें जा सकते हो। क्योंकि गलत भाषा, गलत शब्द, असत्य तथ्य, असंवैधानिक नरेटिव का उपयोग न सिर्फ सामने वाले को, सुनने वालों को प्रभावित करता है अपितु बोलने वाले के मन और मस्तिष्क को भी दूषित तो करता ही है, व्यक्तित्व को प्रभावित करता है तथा छवि को खराब करता है। वस्तुतः भाषा वक्ता के विचार, संस्कार, पारिवारिक परिवेश और मानसिक स्थिति को अभिव्यक्त करती है। इसलिए भाषा प्रयोग में सतत सावधानी रखनी आवश्यक है। हमने पिछले चुनावों में देखा है कि किस तरह से कुछ राजनेताओं द्वारा अप्रिय शब्दों का प्रयोग किया गया और अपने भाषणों में भारत की भोली-भाली जनता के सामने झूठे, न पूरे हो सकने वाले आश्वासन परोसें गये हैं, तरह-तरह की काल्पनिक बातों को (संविधान खतरे में है, संविधान बदल दिया जायेगा, आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा, अघोषित आपातकाल लगा दिया है, लोगों की संपत्ति का सर्वे करके उन्हें अपने वोट बैंक के बीच बांट दिया जाएगा आदि), तथ्य से परे जानकारी को मतदाता के सामने रखकर उन्हें भ्रमित करने का प्रयास किया गया है। दुःख तो तब होता है जब पक्ष-विपक्ष के लोगों द्वारा एक-दूसरे पर अशोभनीय भाषा का उपयोग किया जाता है। संसद में किसी धर्म विशेष आदि पर असंसदीय भाषा का उपयोग किया जाता है और उन भाषणों के अंश को रिकॉर्ड से हटाना पड़ता है। यह अपने आप में सिद्ध करता है कि कुछ तो भी भाषण में गलत हुआ है। क्या गलत है बोलने वाले को स्वयं चिंतन करना चाहिए। भारतीय साहित्य में कबीर ने कहा भी है कि 'ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोय, औरन को शीतल करें आपहु शीतल होय'। मुझे ऐसा लगता है हमारे देश में किसी संवैधानिक अधिकार का यदि दुरुपयोग सबसे ज्यादा होता है तो वह है अभिव्यक्ति की आजादी, बोलने की स्वतंत्रता। अतः देश में अब ऐसे कानून की आवश्यकता है जिसके माध्यम से चुनाव में, सार्वजनिक स्थलों पर, सभाओं में राजनेताओं सहित जिम्मेदार नागरिक को असत्य, अप्रमाणिक, अतथ्यात्मक बोलने से तथा नरैटव सेट करने से रोका जा सके। किसी को भी भोली भाली जनता को गुमराह करनी इजाजत नहीं दी जाना चाहिए ।

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

राजनीति

# सार्थक संवाद की दृष्टि से निराशाजनक रहा लोकसभा का पहला सत्र



प्रो. संजय द्विवेदी

***भारतीय*** संसद अपनी गौरवशाली परंपराओं, विमर्शों और संवाद के लिए जानी जाती है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लोकतांत्रिक बहसों को प्रोत्साहित किया और अपने प्रतिपक्ष के नेताओं डॉ.राममनोहर लोहिया, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, फिरोज गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर पीलू मोदी तक को मुग्ध भाव से सुना। राष्ट्र प्रेम ऐसा कि चीन युद्ध के बाद गणतंत्र दिवस की परेड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों को आमंत्रित कर उनकी राष्ट्रभक्ति को सराहा। किंतु लोकसभा के प्रथम सत्र में जो कुछ हुआ, वह संवाद की धारा को रोकने वाला है। इससे संसद विमर्श और संवाद का केंद्र नहीं अखाड़ा बन गई। राष्ट्रपति के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में जब नेता सदन और प्रधानमंत्री बोल रहे थे, उनके लगभग दो घंटे के भाषण में विपक्षी सदस्यों ने

> **राष्ट्रपति के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में जब नेता सदन और प्रधानमंत्री बोल रहे थे, उनके लगभग दो घंटे के भाषण में विपक्षी सदस्यों ने आसमान सिर पर उठा रखा था।**

आसमान सिर पर उठा रखा था। लगातार नारेबाजी से उनका भाषण सुनना मुश्किल रहा। इसके विपरीत जब पहले दिन नेता प्रतिपक्ष बोल रहे थे, तो उनके भाषण में सत्तारूढ़ दल के प्रधानमंत्री सहित तीन मंत्रियों ने हस्तक्षेप किया। नेता प्रतिपक्ष को बताया गया कि वे सदन के पटल पर गलत तथ्य न रखें। यह दोनों स्थितियां भारतीय राजनीति में बढ़ते अतिवाद को स्पष्ट करती हैं, जहां संवाद संभव नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष पर नेता प्रतिपक्ष द्वारा की गई अनावश्यक टीका-टिप्पणी को भी इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष की गलतबयानी के लिए बाद में सत्तारूढ़ दल के वक्ता अपने भाषणों में उनके भाषण की चीरफाड़ कर सकते थे। किंतु शीर्ष स्तर से लगातार हस्तक्षेप ने नेता प्रतिपक्ष का मनोबल बढ़ा दिया। वे सत्ता पक्ष को उत्तेजित करने में सफल रहे और पहले दिन के मीडिया विमर्श में उन्हें 'सक्रिय नेता प्रतिपक्ष' घोषित कर दिया गया। सेकुलर मीडिया के सेनानियों ने उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' घोषित कर दिया। जाहिर है लंबे समय से गंभीर राजनेता की छवि बनाने के लिए आतुर राहुल गांधी के लिए यह अप्रतिम समय था। किंतु पहले दिन की वाहवाही अगले दिन ही धराशाई हो गई जब प्रधानमंत्री के भाषण में दो घंटे तक नारेबाजी चलती रही। देश की जनता दोनों तरह की अतियों के विरुद्ध है। सदन की गरिमा को बचाने के लिए राजनीतिक दलों को कुछ ज्यादा उदार होना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




# अध्यात्म के आनंद ने बदला विराट कोहली को



आर.के. सिन्हा

***अभी*** कुछ दिन पहले खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन और उसके बाद इस फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद सारा देश विराट कोहली की उपलब्धियों पर चर्चा कर रहा है। हालांकि, इस बहस के दौरान एक पक्ष नजरअंदाज सा हो रहा है कि कुछ साल पहले तक बात-बात पर आवेश में आने वाले विराट कोहली अब इतने शांत कैसे हो गए हैं? विराट कोहली की पर्सनैल्टी में आखिरकार इतना आमूलचूल बदलाव कैसे आ गया? इस सकारात्मक बदलाव में मुझे उनका अध्यात्म की तरफ बढ़ना एक बड़ी वजह समझ आता है। वो आजकल लगातार सपरिवार विभिन्न तीर्थस्थलों पर जाकर अच्छा सा वक्त बिताने लगे हैं। उन्हें वृंदावन जाना खास पसंद है। विराट कोहली वृंदावन में परमानंद जी का आशीर्वाद लेने जाते हैं। वो पिछले साल जनवरी में भगवान कृष्ण की नगरी वृंदावन में अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ बाबा नीम करौली की समाधि के दर्शन करने के लिए गए थे। पहले दोनों बाबा नीम करौली की समाधि पर गए और फिर आनंदमयी आश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने कई संतों से मुलाकात की। साथ ही दोनों ने बांके बिहारी मंदिर के साथ कई अन्य प्रमुख मंदिरों के भी दर्शन किए। वे ऋषिकेश में दयानंद गिरि आश्रम में भी जाते हैं। दयानंद गिरि आश्रम की विराट और उनकी पत्नी अनुष्का कई बार यात्रा कर चुके हैं। विराट और अनुष्का ने यहां पहुंचकर ब्रह्मलीन दयानंद सरस्वती की समाधि के भी दर्शन किए और गंगा घाट पर संत-पंडितों के साथ आरती में भी शामिल हुए। विराट कोहली ने यहां योग करने के बाद पूजा-अर्चना की थी और फिर सार्वजनिक धार्मिक अनुष्ठान कर भंडारे का आयोजन करवाया था। स्वामी दयानंद गिरि का सितंबर, 2015 में निधन हो गया था। वो ऋषिकेश में दयानंद सरस्वती आश्रम और कोयंबटूर में अर्श विद्या गुरुकुलम के शिक्षक थे। उन्होंने करीब 50 साल तक देश और विदेश में वेदांत की शिक्षा दी थी। इस बीच, विराट कोहली अपनी पत्नी के साथ पिछले साल उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने सुबह चार बजे भस्म आरती की और भगवान का आशीर्वाद लिया। विराट कोहली ने आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह में जाकर पंचामृत पूजन अभिषेक किया। विराट कोहली ने गले में रुद्राक्ष की माला भी धारण की। शायद ही विराट कोहली के कद का कोई अन्य खिलाड़ी इतनी तीर्थ यात्राएं करता हो। एक समय था जब विराट कोहली की शख्सियत का एक श्याम पक्ष उनका मैदान के अंदर और बाहर बेहद उग्र होना भी था। वो फौरन आवेश में आकर झगड़ा करने लगते थे। उनका मैदान के भीतर भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी गौतम गंभीर से कई बार झगड़ा हुआ। विराट कोहली के गुस्से का शिकार आस्ट्रेलिया में एक पत्रकार भी हुआ था। विराट कोहली ने एक बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक मैच में अंपायर कुमार धर्मसेना को अपशब्द कहने शुरू कर दिए थे। धर्मसेना श्रीलंका के टेस्ट खिलाड़ी थे। उनके इस तरह के व्यवहार के कारण विराट कोहली की छवि बहुत खराब बन रही थी। पर अब वो अपनी उस खराब छवि को बहुत पीछे छोड़ चुके हैं।

**।(ये लेखक के निजी विचार है।)**



## बोधि वृक्ष

# 400 साल पुराना है रानी सती का यह मंदिर

**कब खुलता है मंदिर**

मंदिर सुबह 5 बजे से दोपहर एक बजे तक और शाम 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक खुला रहता है। मंदिर के गर्भ गृह में निकर और बरमुडा पहने लोगों का प्रवेश वर्जित है। मंदिर का दफ्तर सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक खुला रहता है। मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए विशाल आवास बना है, जहां 100 रुपये से लेकर 700 रुपये तक के कमरे उपलब्ध हैं। मंदिर में एक कैंटीन और एक भोजनालय भी है। कैंटीन में दक्षिण भारतीय भोजन भी उपलब्ध है। भोजन दिन में 11 बजे से 1 बजे तक और शाम को 8 बजे से 10 बजे तक उपलब्ध रहता है।



**कैसे पहुंचें :** झुंझुनू बस स्टैंड से रानी सती मंदिर के लिए ऑटो रिक्शा लें। दूरी तीन किलोमीटर है। ऑटो रिक्शा वाले 10 रुपये किराया लेते हैं। रेलवे स्टेशन से मंदिर की दूरी 2 किलोमीटर है। वहीं शहर के गांधी चौक से मंदिर की दूरी महज एक किलोमीटर है। आप ऑटो रिजर्व करके भी मंदिर जा सकते हैं। अगर एक दिन रुकना है तो रानी सती मंदिर के स्वागत कक्ष पर आवास के लिए भी आग्रह कर सकते हैं।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# अक्वाले फीचर के साथ बदलें WHATS APP में प्रोफाइल

***व्हाट्सएप*** अपने कस्टमर के लिए रोज नए उपयोगी फीचर्स लॉन्च करते रहता है जिससे उनके कस्टमर की सुविधा दिन प्रतिदिन आसान हो और सिक्योरिटी को भी ध्यान में रखते हुए व्हाट्सएप तमाम इनीशिएट लेते रहता है। मौजूदा समय में अक का कितना बोलबाला है यह कोई छुपी हुई बात नहीं है। आजकल किसी भी फील्ड में अक का इस्तेमाल बखूबी किया जा रहा है, वह चाहे कंटेंट राइटिंग हो या फिर आपकी इमेज, वीडियो यहां तक की आपके लिए अकजेनरेटेड वॉइस भी आने लग गए हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि अक के इस्तेमाल से टेक्निकल चीजें आप बेहद आसानी और बहुत ही पर्फेक्ट तरीके से कर पा रहे हैं और वह भी चुटकी बजाते हुए।

इस रिलेटेड जो नई जानकारी हम आपके लिए लेकर आए हैं वह यह है कि व्हाट्सएप भी अब अक के चैटबॉट का इस्तेमाल करते हुए आपको अकजेनरेटेड प्रोफाइल फोटो बनाने में मदद करने वाला है। जी हां




हम सभी जानते हैं कि व्हाट्सएप अपने कस्टमर के लिए रोज नए उपयोगी फीचर्स लॉन्च करते रहता है जिससे उनके कस्टमर की सुविधा दिन प्रतिदिन आसान हो और सिक्योरिटी को भी ध्यान में रखते हुए व्हाट्सएप तमाम इनीशिएट लेते रहता है। वहीं अब व्हाट्सएप ने अपने सबसे खूबसूरत पार्ट जो की व्हाट्सएप पर डीपी लगाने का ऑप्शन आता है उसको लेकर अक का फीचर देने जा रहा है।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.-0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पटना में आफत! की बारिश...



शुक्रवार को पटना के बिरला मंदिर रोड पर भारी बारिश के बाद जलभराव वाली सड़क से स्कूली छात्र गुजरते हुए।



पटना के एक सरकारी स्कूल में बारिश से दीवार से पानी टपकने के कारण स्कूली छात्र छाता लेकर कक्षा में उपस्थित हुए।

पटना में बारिश के बाद जलभराव वाली सड़क से लोगों को वाहन ले जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## एक नजर

### अररिया में भाजपा नेता का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी



**अररिया।** बिहार के अररिया जिले के टाउन थाना क्षेत्र से पुलिस ने भाजपा के एक नेता का शव उनके पड़ोसी के घर से बरामद किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। इसके लिए विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार की देर रात अररिया टाउन थाना के शिवपुरी मोहल्ला वार्ड निवासी एनके गुप्ता के आवास से अररिया जिला के पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष राजीव कुमार झा उर्फ पप्पू झा (55) का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कर रही है।

# हाथरस में पीड़ित परिवारों को सरकार जल्द से जल्द मुआवजा दे : राहुल गांधी

*हाथरस में पीड़ित परिवारों से की मुलाकात, जिम्मेदार लोगों पर हो कार्रवाई*

एजेंसी

**हाथरस।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को हाथरस में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को सरकार जल्द से जल्द मुआवजा दे। इस समय उन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। राहुल गांधी ने कहा कि पीड़ित परिवारों से पूरी घटना को जानने का प्रयास किया है। हादसे से पूरे लोग बड़े सदमे से गुजर रहे हैं। पीड़ितों ने साफ कहा कि प्रशासन की लापरवाही से यह हादसा हुआ। अब सरकार से यही कहना चाहूंगा कि जिस मुआवजे का ऐलान किया गया है, उसे देने में लापरवाही न हो। साथ ही हादसे के जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो, पीड़ितों को न्याय मिले। उन्होंने कहा कि दिल खोलकर मदद करें। जितनी हो जल्दी और दिल खोलकर मदद करें। भगदड़ में अपनी जान गंवा बैठी मुन्नी देवी के बेटे सुभाष चंद्र ने बताया कि राहुल गांधी ने हमसे बात की। पूरी घटना को जानने का प्रयास किया। उनका कहना है कि पूरी घटना के लिए बाबा जिम्मेदार हैं। वहां पर व्यवस्था की कमी थी। बाबा भाग गए। उन्हें भागने के बजाय लोगों की मदद करनी चाहिए थी। अब उनके सत्संग में कभी नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हमारे पूरे परिवार को दिलासा दिलाया है। राहुल गांधी ने कहा कि आपके मामले को संसद में उठाएंगे। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को हाथरस की भगदड़ में जान गंवाने वाले पीड़ितों के घर पहुंचे। यहां उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।



### एसआईटी ने हाथरस हादसे की जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपी

हाथरस भगदड़ मामले में एसआईटी ने शुक्रवार को जांच रिपोर्ट मुख्यमंत्री योगी को सौंपी दी। इसमें 100 लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की अगुवाई में मामले की जांच चल रही है। हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी ने मामले की उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए थे। इसके लिए उन्होंने समिति भी गठित की थी। एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ और मंडलायुक्त चैत्रा वी को एसआईटी में शामिल किया गया। शासन की ओर से इन्हें 24 घंटे के अंदर जांच रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था। वैसे शासन की ओर से बुधवार तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था, लेकिन सीएम योगी के घटनास्थल पर जाने और राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने की वजह से निर्धारित समय अवधि तक जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी जा सकी।

**राहुल गांधी पर भाजपा का निशाना, कहा-**

### हृदय विदारक दुर्घटना पर राजनीति कर रही कांग्रेस : डॉ. सुधांशु त्रिवेदी



**नई दिल्ली।** भाजपा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को कहा कि राहुल गांधी जब से संसद में विपक्ष के नेता बने हैं, वह भय और भ्रम की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने संसद में अग्निवीर मुद्दे पर झूठ बोला। अब हाथरस की इस हृदय विदारक दुर्घटना पर वह जो राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं, यह बेहद दुखद है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि में जहरीली शराब से कई लोगों की जानें चली गईं। इस घटना में मरने वालों में ज्यादातर अनुसूचित जाति से थे लेकिन राहुल गांधी वहां पीड़ित परिवार वालों से जा कर नहीं मिले, क्योंकि वहा इंडी गठबंधन में उनके दोस्त डीएमके का शासन था। राहुल गांधी ने वहां जाना तो दूर, उस पर बात तक नहीं की। आज वह हाथरस की इस दुखद घटना पर राजनीति करने का प्रयास कर रहे हैं जबकि उत्तर प्रदेश सरकार पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है।

## आज का राशिफल

**मेष** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा।

**वृषभ** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**मिथुन** — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क** — राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ।

**सिंह** — आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं।

**कन्या** — आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें।

**तुला** — जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**वृश्चिक** — लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी।

**धनु** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मकर** — प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**कुम्भ** — कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मीन** — राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

### बिहार के सिवान में एक व्यक्ति ने मां और भाई की हत्या की

**सिवान।** बिहार के सिवान जिले में गुरुवार को एक व्यक्ति ने मामूली विवाद में अपने बेटे के साथ मिलकर अपनी मां और छोटे भाई की चाकू मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना के तुरंत बाद अवधेश शाह और उसके बेटे को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। सिवान पुलिस की ओर से जारी बयान में बताया गया, घटना बृहस्पतिवार अपराह्न उस समय हुई, जब अवधेश अपने घर पर किसी मामूली बात को लेकर अपनी मां सुशीला देवी और छोटे भाई सूरज से झगड़ रहा था। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बलेथा गांव में हुई। बयान के मुताबिक, अवधेश का बेटा भी इस झगड़े में शामिल हो गया और अपने पिता का साथ देने लगा। दोनों ने सुशीला देवी और सूरज की चाकू घोंपकर हत्या कर दी।

## बिहार में बूथ मजबूत करने में जुटी जदयू, क्या रहेगी रणनीति

एजेंसी



**पटना।** बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में जदयू चुनाव को लेकर अपनी रणनीति बनाने में लगी है। जदयू इस क्रम में बूथों पर ज्यादा जोर दे रही है। जदयू उन संभावित विधानसभा क्षेत्रों पर बूथों को मजबूत करने में जुट गई है, जहां वह चुनाव लड़ने की तैयारी में है। जदयू ऐसे चयनित विधानसभा सीटों के सभी बूथों पर कम से कम पांच से दस कार्यकर्ताओं की पहचान कर उनमें से कुछ को बूथ प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपेगी। सभी प्रभारियों को प्रशिक्षित करने की भी योजना बनाई गई है। इन चयनित कार्यकर्ताओं और बूथ प्रभारी को पहले कार्यकर्ता के रूप में मान्यता दी जाएगी।

बताया जा रहा है कि इनका संपर्क सीधे प्रदेश मुख्यालय से होगा। यही नहीं, यदि प्रदेश के पदाधिकारी से लेकर जिला इकाई के पदाधिकारी भी किसी क्षेत्र का दौरा करने पहुंचेंगे तो वे संबंधित बूथ प्रभारियों के संपर्क में रहेंगे। पार्टी स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में भी इनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

अगर बूथ प्रभारी के इलाके में कोई प्रदेश स्तरीय अधिकारी पहुंचेगा तो उसे भी बूथ प्रभारी से मुलाकात करनी होगी। पार्टी का मानना है कि इससे बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा होगा। जदयू अपने बूथ प्रभारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन करेगी।

### बीएस येदियुरप्पा को कोर्ट का समन, 15 को पेश होने का आदेश

**कर्नाटक।** बेंगलुरु की एक अदालत ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को एक नाबालिग के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में उनके खिलाफ दायर मामले में 15 जुलाई को पेश होने के लिए समन जारी किया है। यह आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) द्वारा 27 जून को भाजपा के दिग्गज नेता के खिलाफ आरोप पत्र दायर करने के बाद आया है। सीआईडी ?के आरोप पत्र में आरोप लगाया गया है कि येदियुरप्पा ने 2 फरवरी, 2024 को अपने आवास पर एक 17 वर्षीय लड़की का यौन उत्पीड़न किया, जब वह और उसकी मां लड़की के खिलाफ यौन उत्पीड़न के पिछले मामले में मदद मांगने के लिए उनसे मिलने गए थे। लड़की महज 7 साल की थी तो उसके एक रिश्तेदार ने कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया था।

**28वां स्थावना दिवस** | **हमलोगों ने पिछले 27 सालों में काफी उतार चढ़ाव देखे**

# अगस्त तक ही चलेगी मोदी सरकार : लालू

एजेंसी




**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल का शुक्रवार को 28वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव समेत कई वरीय नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकताओं ने दोनों को चांदी का मुकुट पहनाया। 28वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लालू प्रसाद यादव कि हमलोगों ने पिछले 27 सालों में काफी उतार चढ़ाव देखे हैं। उतार-चढ़ाव के कारण राजद मजबूत हुआ है। तेजस्वी के नेतृत्व में आगे की लड़ाई को लड़ेंगे। लालू प्रसाद ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बहुत कमजोर है। इस साल अगस्त तक ही यह सरकार चलेगी। मैं पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से तैयार रहने की अपील करता हूं, क्योंकि चुनाव कभी भी हो सकते हैं।

**भाजपा ने 75 प्रतिशत आरक्षण को रोकने साजिश रची :** वहीं तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र की सरकार पांच साल नहीं चलेगी। भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा आरक्षण विरोधी पार्टी है। भाजपा सत्ता में आते ही 75 प्रतिशत आरक्षण को रोकने साजिश रची। उन्होंने कहा कि संविधान और आरक्षण विरोधी है। तेजस्वी यादव पांच लाख नौकरियां देने का काम किया।

**15 दिन में 12 पुलों का गिरना कोई सामान्य घटना नहीं है :** तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में डबल इंजन का अद्भुत खेल है, एक इंजन भ्रष्टाचार में लगा हुआ है और एक इंजन अपराध में लगा हुआ है। 15 दिन में 12 पुलों का गिरना कोई सामान्य घटना नहीं है।

### चिराग ने दिया तेजस्वी को जवाब



**वैशाली।** राष्ट्रीय जनता दल के 28वें स्थापना दिवस पर तेजस्वी यादव ने दावा करते हुए कहा था कि 2025 के विधानसभा चुनाव में बिहार में राजद की सरकार बनेगी। नीतीश कुमार 2024 में या 2025 में विधानसभा चुनाव कराए, राजद ही सरकार बनाएगी। तेजस्वी के बयान के कुछ देर बाद ही केंद्रीय मंत्री व लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने पलटवार करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूरी मजबूती के साथ एनडीए लड़ेगा। पुनः बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी और पूरी मजबूती के साथ डबल इंजन की सरकार रहेगी। चिराग पासवान ने अपने पिता व पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत रामविलास पासवान की 78वीं जंयती शुक्रवार को समारोहपूर्वक हाजीपुर पासवान चौक स्मारक स्थित मनाई। कार्यक्रम में हाजीपुर सांसद सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान अपने पिता दिवंगत रामविलास पासवान की आदमकाद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया है। इसके साथ ही अपने पिता के बताए गए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया लिया है। चिराग ने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर 28 नवंबर को पटना के गांधी मैदान में रैली की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### जांजगीर-चांपा में कुआं से जहरीले गैस का रिसाव, पिता व दो बेटों समेत पांच की मौत



**कोरबा/ जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में शुक्रवार की सुबह बिर्रा थाना के ग्राम किकिरदा में कुआं में जहरीली गैस का रिसाव होने से पिता और दो बेटों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति को बचाने के चक्कर में कुआं के अंदर एक के बाद एक व्यक्ति उतरते गए। तभी यह दुखद हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति कुआं में लकड़ी अंदर गिरने पर उसे निकालने घुसा था, तभी गैस का रिसाव होने लगा और वह बेहोश हो गया।। इसके बाद बाकी लोग बारी-बारी से उतरे। पड़ोसियों के अनुसार, रमेश पटेल सबसे एक व्यक्ति को बचाने कुएं के अंदर गया। उसकी भी सांसें भरने लगी, फिर उसे बचाने उसके दो बेटे राजेंद्र, जितेंद्र भी कुएं के अंदर चले गए। इस तरह पड़ोस के टिकेश चन्द्रा भी उसे बचाने कुएं अंदर चला गया। गैस रिसाव से बाप और 2 बेटे समेत 5 लोगों की जान चली गई। सूचना मिलते ही मौके पर बिर्रा पुलिस और तहसीलदार अपनी टीम के साथ पहुंचे हैं। एसडीआर एफ की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। बिर्रा थाना के ग्राम किकिरदा में लंबे समय से कुएं का उपयोग नहीं किया जा रहा था। इस कुएं को ढंक दिया गया था।

### अमृतपाल सिंह और इंजीनियर रशीद ने लोकसभा सदस्यता की शपथ ली



**नई दिल्ली।** असम के डिब्रूगढ़ की जेल में बंद अमृतपाल सिंह और दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद इंजीनियर रशीद ने शुक्रवार को संसद भवन पहुंचकर सांसद पद की शपथ ली। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने अपने चैंबर में दोनों नवनिर्वाचित सांसदों को संसद सदस्यता की शपथ दिलाई। असम के डिब्रूगढ़ की जेल में बंद अमृतपाल सिंह पंजाब के खडूर साहिब लोकसभा सीट और दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद इंजीनियर रशीद जम्मू कश्मीर की बारामूला लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर आए हैं। बता दें कि हाल ही में समाप्त हुए 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान कुल 542 में से 539 नवनिर्वाचित सांसदों ने संसद सदस्यता की शपथ ली। लेकिन, जेल में होने के कारण अमृतपाल सिंह और इंजीनियर रशीद सत्र के दौरान शपथ नहीं ले पाए थे। नए सांसद को 60 दिन के अंदर शपथ लेना होता है नहीं तो सदस्यता जा सकती है।

### पांच शावकों के साथ कूनो नेशनल पार्क में देखी गई चीता गामिनी



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में चीता गामिनी अपने पांच शावकों के साथ शुक्रवार की सुबह बारिश का आनंद लेते देखी गई। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस क्षण का एक वीडियो भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया है। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि वे प्रकृति के मौसमी आलिंगन के बीच पारिवारिक सद्भाव की एक कालातीत कहानी बुन रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के त्वालु कालाहारी रिजर्व से लाई गई पांच वर्षीय मादा चीता गामिनी ने 10 मार्च, 2024 को 5 शावकों को जन्म दिया था। इससे भारत में जन्मे शावकों की संख्या 13 हो गई है। यह भारतीय धरती पर चौथा चीता वंश है और दक्षिण अफ्रीका से लाया गया चीता का पहला वंश है।

### शहीद सुखदेव के वंशज शिवसेना नेता पर निहंगों का जानलेवा हमला



**चंडीगढ़।** पंजाब के लुधियाना में निहंगों ने शिवसेना नेता पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना का शिकार हुए संदीप थापर शहीद सुखदेव थापर के वंशज हैं। निहंगों ने हमले के दौरान संदीप थापर के सुरक्षा कर्मी की रिवाल्वर छीन ली और उसके साथ भी मारपीट की। दिन दहाड़े बीच बाजार हुए हमले के बाद निहंग शिवसेना नेता की स्कूटी लेकर ही फरार हो गए। पुलिस ने नाकाबंदी करके हमलावर निहंगों की तलाश शुरू कर दी है। घायल संदीप थापर ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर वह एक धार्मिक समागम में शामिल होकर अपने गनमैन के साथ घर लौट रहे थे। सिविल अस्पताल के पास 3 निहंग उनके पास आए और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद तलवार से उन पर हमला कर दिया। निहंगों ने उनके गनमैन की रिवॉल्वर भी छीन ली।

### बोलपुर में पूरे परिवार को जलाकर मारने की कोशिश, दो की मौत

**बोलपुर।** बीरभूम जिले के बोलपुर थानांतर्गत रायपुर सुपुर ग्राम पंचायत के नतून गीत गांव में गुरुवार रात एक ही परिवार के तीन सदस्यों को सोते समय जलाकर मारने की कोशिश की गई। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अस्पताल में मौत से लड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि शेख तूता और उसकी पत्नी रूपा बीबी नतून गीत गांव के निवासी हैं। दंपति के दो बेटे हैं। इनके नाम अयान शेख और शेख राज हैं। गुरुवार की रात खाना खाने के बाद दंपत्ति अपने छोटे लड़के के साथ सो गए। खिड़की खुली थी। कथित तौर पर किसी ने खिड़की से घर में मिट्टी का तेल छिड़का और आग लगा दी। आग की लपटें उठते ही चीख पुकार मच गई। घर के भीतर से तीनों लोगो को निकालकर बोलपुर महकमा अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें बर्दवान अस्पताल ले जाया गया जहां सबसे पहले सबसे छोटे बेटे अयान की मौत हुई। बाद में पिता शेख तूता की मृत्यु हो गई। मां रूपा बीबी अभी भी अस्पताल में मौत से जूझ रही हैं।

### तेलंगाना में बीआरएस को बड़ा झटका कांग्रेस में शामिल हुए छह एमएलसी



**हैदराबाद।** तेलंगाना में बीआरएस को बड़ा झटका लगा है। गुरुवार देर रात बीआरएस के छह एमएलसी कांग्रेस में शामिल हो गए। इसी के साथ 40 सदस्यीय तेलंगाना विधान परिषद में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी की संख्या दोगुनी होकर 12 हो गई। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के दिल्ली से लौटने के बाद दांडे विट्ठल, भानु प्रसाद, बी दयानंद, प्रभाकर राव, एग्गे मल्लेशम और बसवराजू सरैया औपचारिक रूप से गुरुवार रात करीब एक बजे कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने बताया कि पार्टी में शामिल हुए बीआरएस के छह विधान परिषद सदस्य दांडे विट्ठल, भानु प्रसाद राव, एम एस प्रभाकर, बोग्गरापु दयानंद, येग्गे मल्लेशम और बसवाराजू सरैया हैं। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की प्रभारी दीपा दासमुंशी, राजस्व मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी, पूर्व मंत्री सुदर्शन रेड्डी और अन्य नेता भी मौजूद थे। बीआरएस एमएलसी गुरुवार रात एक होटल में मिले और बाद में रेवंत रेड्डी के आवास पर पहुंचे। उनके शामिल होने से परिषद में कांग्रेस पार्टी की ताकत छह से बढ़कर 12 हो गई है। बीआरएस को यह झटका वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य के केशव राव के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के एक दिन बाद लगा है। उन्होंने राज्यसभा सदस्य पद से भी इस्तीफा दे दिया है।

## एक नजर

### किरेन रिजिजू ने पीवी सिंधु को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार स्टार शटलर पीवी सिंधु आज (5 जुलाई) को 29 वर्ष की हो गईं। इस खास मौके पर उन्हें केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने जन्मदिन की मुबारकबाद दी। किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पुराना वीडियो रिपोस्ट किया, जिसमें पीवी सिंधु उन्हें रैकेट गिफ्ट करती नजर आ रही हैं। साथ ही उन्हें रैकेट के बारे में जानकारी दे रही हैं। किरेन रिजिजू ने कैप्शन में लिखा, हमारे चैंपियन और डबल ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को जन्मदिन की शुभकामनाएं। आप हमारे देश के लिए शक्ति और प्रेरणा की किरण हैं! आप हमेशा चमकते रहें और पेरिस ओलंपिक के लिए शुभकामनाएं!! बता दें, दुनिया के सबसे बड़े खेल महाकुंभ का आयोजन 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस में होने जा रहा है। इसमें शानदार प्रदर्शन के लिए भारतीय दल तैयार है, जिसके लिए 28 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम की घोषणा कर दी गई है।

### इक्वाडोर को पेनल्टी में शूट कर अर्जेंटीना सेमीफाइनल में

**ह्यूस्टन (अमेरिका)।** अर्जेंटीना ने इक्वाडोर को पेनल्टी शूट आउट में 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका कप में लगातार पांचवीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अर्जेंटीना का सेमीफाइनल में वेनेजुएला बनाम कनाडा मैच के विजेता से शुक्रवार को मुकाबला होगा जो 9 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। एनआरजी स्टेडियम पर मौजूदा चैंपियन के कब्जे के बावजूद, इक्वाडोर अधिक खतरनाक था, मैच के पहले तीन शॉट्स में, जिसमें सरमिएंटो शॉट पर एमिलियानो मार्टिनेज द्वारा महत्वपूर्ण बचाव भी शामिल था। अर्जेंटीना के लिए पहला अच्छा मौका एंजो फर्नांडीज के माध्यम से आया एक हेडर और एक पलटवार के बाद एक कॉर्नर मिला।

प्रधानमंत्री ने **पेरिस ओलंपिक** में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों से की खास मुलाकात

# मोदी ने दिया जीत का गुरु मंत्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे भारतीय खिलाड़ियों से खास मुलाकात की और उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

पीएम मोदी ने गुरुवार को पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए रवाना होने वाले भारतीय दल से बातचीत की। इस दौरान कई खिलाड़ी ऑनलाइन भी जुड़े, इनमें नीरज चोपड़ा, प्रियंका गोस्वामी और पीवी सिंधु जैसी धाकड़ खिलाड़ी भी रहे। पीएम मोदी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से खिलाड़ियों से मुलाकात का वीडियो शेयर किया गया। वीडियो के कैप्शन में लिखा गया है, ओलंपिक के लिए पेरिस जा रहे हमारे दल से बातचीत की। मुझे विश्वास है कि हमारे एथलीट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और भारत को गौरवान्वित करेंगे। उनकी जर्नी और सफलता 140 करोड़ भारतीयों को उम्मीद देती है। पीएम मोदी ने देश के लोगों से 26 जुलाई से शुरू हो रहे ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का भी आग्रह किया। भारत 2020 टोक्यो ओलंपिक में अपने 7 पदकों की संख्या को पार करने की कोशिश करेगा। पीएम मोदी ने कहा, साथियों, पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। निशानेबाजी में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आ रही है। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों टीमों ने क्वालीफाई किया है। हमारी निशानेबाज बेटियां भारतीय शॉटगन टीम का भी हिस्सा हैं। इस बार हमारी टीम के सदस्य कुश्ती और घुड़सवारी में उन श्रेणियों में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिनमें उन्होंने पहले कभी हिस्सा नहीं लिया।



### प्रियंका गोस्वामी ने पीएम को दी बधाई

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी से बात करने का मौका प्रियंका गोस्वामी को मिला तो उन्होंने सबसे पहले उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए बधाई दी। जवाब में पीएम मोदी ने भी आभार जताया और उनसे कहा कि क्या बालकृष्ण अब भी आपके साथ हैं? प्रियंका गोस्वामी ने पीएम मोदी से कहा, "नमस्ते सर! मैं प्रियंका गोस्वामी... इस पर पीएम मोदी ने कहा-नमस्ते तुम्हारे बालकृष्ण कहां है?, इस पर प्रियंका ने कहा, जी मेरे साथ ही हैं स्विट्जरलैंड में। पीएम ने मुस्कुराते हुए पूछा तो इस बार भी बालकृष्ण को ले जा रही हो न, तो प्रियंका ने कहा, जी सर यह बालकृष्ण का भी दूसरा ओलंपिक है।

### नीरज चोपड़ा से पीएम मोदी ने कहा, 'मुझे तुम्हारी मां के हाथ का चूरमा खाना है'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलंपिक जाने वाले भारतीय दल से मुलाकात की। उन्होंने विश्वास जताया कि यह दल देश को गौरवान्वित करेगा और 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा। वहीं, इस दौरान पीएम मोदी ने जेवलिन थ्रो चैंपियन नीरज चोपड़ा से एक खास डिमांड कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस जाने वाले एथलीटों के साथ बातचीत के दौरान नीरज चोपड़ा के साथ मजाकिया अंदाज में बातचीत की। उन्होंने नीरज को उनकी मां द्वारा बनाया गया 'चूरमा' लाने की याद दिलाई। पेरिस जाने वाले एथलीटों के साथ बातचीत के दौरान, नीरज ने प्रधानमंत्री का अभिवादन करते हुए कहा, नमस्कार सर, कैसे हैं? जिस पर पीएम मोदी ने हंसते हुए जवाब दिया, मैं वैसा ही हूं।

### मैं 2007 को नहीं भूल सकता लेकिन यह जश्न और भी खास है : रोहित शर्मा



**एजेंसी। मुंबई**

विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा और टीम इंडिया ने गुरुवार को मरीन ड्राइव पर ओपन-बस परेड में हिस्सा लिया। यह घटना 2007 में पहले टी20 विश्व कप में टीम की जीत के बाद हुई घटना के समान थी। भव्य जश्न के बारे में अपनी भावना व्यक्त करते हुए, रोहित ने बीसीसीआई द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो में कहा, 2007 एक अलग एहसास था। हमने दोपहर को शुरूआत की थी और यह शाम का समय है। मैं 2007 को नहीं भूल सकता क्योंकि वह मेरा पहला विश्व कप था लेकिन यह थोड़ा और विशेष है क्योंकि मैं टीम का नेतृत्व कर रहा था इसलिए यह मेरे लिए बहुत गर्व का क्षण है। जब टीम धीरे-धीरे वानखेड़े स्टेडियम की ओर बढ़ी, तो सितारों से सजी जगह खचाखच भरी हुई थी, जो रात का उनका अंतिम गंतव्य था, जहां टीम ने प्रशंसकों के साथ गाना गाया और उत्साह बढ़ाया, जिससे यह एक शानदार पल बन गया, जिसके इंतजार में 11 साल लगे। भारतीय कप्तान ने कहा, आप उत्साह का अंदाजा लगा सकते हैं, इससे पता चलता है कि यह न केवल हमारे लिए बल्कि पूरे देश के लिए कितना मायने रखता है, इसलिए मुझे बहुत खुशी है कि हम उनके लिए भी कुछ हासिल कर सके।

## हमारा एकमात्र लक्ष्य भारतीय क्रिकेट और भारतीय ध्वज है, हमें इसी पर गर्व है : कोहली

**एजेंसी। मुंबई**

वानखेड़े स्टेडियम में विजय रथ पर सवार होना विराट कोहली के लिए कोई नई बात नहीं है। तेरह साल पहले, 22 साल की उम्र में, उन्होंने भारत की ऐतिहासिक वनडे विश्व कप जीत का जश्न मनाने के लिए सचिन तेंदुलकर को अपने कंधों पर उठा लिया था। लेकिन जब वह गुरुवार शाम को इस प्रतिष्ठित स्थल पर लौटे,(इस बार एक अनुभवी, हाल ही में संन्यास लेने वाले टी20ई क्रिकेटर के रूप में) तो अपनी भावनाओं को नियंत्रित नहीं कर सके। उन्होंने भारत की टी20 विश्व कप जीत का जश्न मनाते हुए खचाखच भरे स्टेडियम को संबोधित करते हुए कहा, जब हमने 2011 में विश्व कप जीता था, तो मैं उस समय वरिष्ठ खिलाड़ियों की भावनाओं से जुड़ नहीं पाया था। मैं समझ नहीं पाया था कि वे क्यों रो रहे थे। मेरे लिए, ऐसा लगा, 'हां, हमने विश्व कप जीत लिया है और यह एक सच्चाई है। मैं 22 साल का था, लेकिन अब, यह एक अलग एहसास है। लंबे समय तक भारत की कप्तानी करने के बाद, कोहली ने खुद स्वीकार किया है कि अब उन्हें समझ में आ गया है कि विश्व खिताब जीतना कैसा होता है।

### विराट कोहली लंदन के लिए रवाना हुए



**मुंबई।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली टी20 विश्व कप जीत के जश्न के एक थका देने वाले दिन के बाद अपनी पत्नी और बच्चों से मिलने के लिए शुक्रवार तड़के मुंबई से लंदन के लिए रवाना हुए। मुंबई में खुली बस में विजय परेड हुई और उसके बाद वानखेड़े स्टेडियम में सम्मान समारोह हुआ। भारतीय क्रिकेट टीम की भारत वापसी की यात्रा में देरी हुई, लेकिन दिल्ली पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चैंपियंस को विशेष नाश्ते पर बुलाया। जश्न यहीं नहीं रुका, टीम ने एक शानदार रोड शो के लिए मुंबई की यात्रा की, जहां हजारों प्रशंसक अपने नायकों की एक झलक पाने के लिए एकत्र हुए। उत्सव का चरम वानखेड़े स्टेडियम में था, जहां बीसीसीआई ने टीम का अभिनंदन किया।

### विराट ने मुंबई पुलिस का जताया आभार

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने भारत की टी20 विश्व कप विजय परेड को सुचारू रूप से आयोजित करने पर मुंबई पुलिस के समर्पित प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। गुरुवार शाम को लाखों मुंबईकरों ने टी20 विश्व कप विजेता टीम इंडिया के उत्साहपूर्ण जश्न में भाग लिया। टीम की विजय परेड नरीमन पॉइंट से मरीन ड्राइव के साथ वानखेड़े स्टेडियम तक हुई और टी20 विश्व चैंपियन की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक पहुंचे थे। टीम इंडिया की विजय परेड के दौरान शानदार काम करने के लिए मुंबई पुलिस के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हार्दिक सम्मान और धन्यवाद।

## टीम येलो का वॉलीबॉल मीडिया कप पर कब्जा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में रांची प्रेस क्लब के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल लीग टूर्नामेंट का शुक्रवार को समापन हो गया। टीम येलो ने टीम ब्लू को कड़े मुकाबले में परास्त कर मीडिया कप वॉलीबाल टूर्नामेंट के खिताब पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट के दूसरे दिन टीम ग्रीन ने टीम रेड को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-17, 23-25, 15-6 से हराया जबकि टीम ब्लू ने टीम येलो को तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-9, 23-25, 15-6 से हराया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला टीम येलो और टीम ब्लू के बीच खेला गया। इसमें टीम येलो ने टीम ब्लू को 25-23, 25-23 से हराकर अरपीसी मीडिया कप वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक सह झारखंड वॉलीबॉल संघ के महासचिव शेखर बोस मौजूद थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह, शशी शेखर, प्रकाश सहाय, विनय वर्मा, शम्भूनाथ चौधरी, राघवेन्द्र, चंचल भटाचार्य, दीपक ओझा मौजूद थे।




### पंकज आडवाणी एशियाई बिलियर्ड्स के फाइनल में

**रियाद।** भारत के शीर्ष क्यूइस्ट पंकज आडवाणी ने क्वार्टरफाइनल में हमवतन श्रीकृष्ण सूर्यनारायणन को 5-0 से और सेमीफाइनल में सौरव कोठारी को 5-0 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सूर्यनारायणन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में, पंकज ने अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। उनका प्रभुत्व स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने लगातार अपने प्रतिद्वंद्वी को सटीकता और चालाकी से हराया। शुरूआती फ्रेम ने माहौल तैयार कर दिया, जिसमें पंकज ने 100 का स्कोर बनाया, जबकि श्रीकृष्ण ने कड़ी चुनौती पेश करते हुए 78 का ब्रेक हासिल किया। हालांकि, पंकज की बेहतर ब्रेक-बिल्डिंग क्षमता ने उन्हें बढ़त दिलाई और पहले फ्रेम में जीत हासिल की। दूसरे फ्रेम में उनका कौशल और अधिक स्पष्ट हो गया, जहां उन्होंने श्रीकृष्ण के 26 की तुलना में 100 अंक और बनाए। तीसरे फ्रेम में पंकज ने 102 के ब्रेक के साथ अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखा।



### एमएसएमई में रोजगार 20 करोड़ के पार, एक वर्ष में 66% की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) में रोजगार का आंकड़ा 20.2 करोड़ पर पहुंच गया है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल के डाटा से ये जानकारी मिली है। डेटा के मुताबिक, एमएसएमई द्वारा की गई नियुक्तियों में सालाना आधार पर 66 प्रतिशत का उछाल आया है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 12.1 करोड़ नियुक्तियों का था। इन नियुक्तियों में से महिलाओं की संख्या 4.54 करोड़ है। मौजूदा समय में उद्यम पोर्टल पर 4.68 करोड़ एमएसएमई पंजीकृत हैं। इसमें से 4.6 करोड़ सूक्ष्म हैं, जो सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा करते हैं।

### भारतीय एफएमसीजी सेक्टर में हुए 938 मिलियन डॉलर के विलय और अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** भारत के एफएमसीजी सेक्टर में 2024 के शुरुआती छह महीने में विलय और अधिग्रहण की गतिविधियां बढ़कर 938 मिलियन डॉलर रही। वेंचर इंटेलिजेंस द्वारा जारी किए गए डेटा के मुताबिक, यह पिछले चार वर्षों में घरेलू फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) मार्केट का यह सबसे बड़ा आंकड़ा है। जनवरी में इस वर्ष टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने ऑर्गेनिक इंडिया में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी। फेब इंडिया के स्वामित्व वाली यह कंपनी चाय, हर्बल सप्लीमेंट और पैक्ड फूड्स बेचती है।

## पीएम मोदी के विजन के अनुरूप रेलवे का विकास जारी : अश्विनी वैष्णव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। आम लोगों की यात्रा को आसान बनाने के लिए रेलवे ने अब नॉन एसी कोच की संख्या में वृद्धि की ओर कदम बढ़ाया है। अगले दो सालों में लगभग 10,000 नॉन-एसी कोचों के उत्पादन की योजना बनाई गई है। जिसमें 5,300 से अधिक जनरल कोच शामिल होंगे। इसकी जानकारी रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलप का विजन है, उसके तहत रेलवे का विकास जारी है। उन्होंने बताया, वित्त वर्ष 2024-25 में रेलवे की योजना अमृत भारत जनरल कोचों सहित 2,605 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोचों सहित 1,470 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोचों सहित 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 55 पैंट्री कार बनाने की है। वहीं, वित्त वर्ष 2025-26 में, रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोच सहित 2,710 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच सहित 1,910 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 514 एसएलआर कोच, 200 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 110 पैंट्री कार बनाने की योजना बनाई है।



### रेलवे अगले दो साल में आम यात्रियों के लिए बनाएगा करीब 10,000 नॉन-एसी कोच

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने 2024-25 और 2025-26 में करीब 10,000 नॉन-एसी कोच की मैन्युफैक्चरिंग की योजना बनाई है, जिससे बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके और आम आदमी को यात्रा करने में सुविधा हो। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंत्रालय की योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष में 4,485 नॉन-एसी कोच बनाए जाएंगे। वहीं, 2025-26 में 5,444 नॉन-एसी कोच की मैन्युफैक्चरिंग की जाएगी। इसके अतिरिक्त रेलवे का प्लान 5,300 से अधिक जनरल कोच बनाने का है। इससे रेलवे में यात्रा करने वाले करोड़ों लोगों के लिए सुविधाएं बढ़ेंगी और यात्रा पहले के मुकाबले आरामदायक होगी।

## भारत में शुरू होगा पिक्सल फोन का प्रोडक्शन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एप्पल के बाद अब गूगल भी भारत में अपने पिक्सल स्मार्टफोन की मैन्युफैक्चर करने की तैयारी कर रहा है। कंपनी की योजना भारत में फोन मैन्युफैक्चरिंग कर अमेरिका और यूरोप में निर्यात करना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिग्गज टेक कंपनी (गूगल) फॉक्सकॉन और डिक्सन टेक्नोलॉजीज की सहयोगी कंपनी पैडगेट इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ मिलकर उत्पादन शुरू करेगी। कंपनी ने तमिलनाडु में फॉक्सकॉन के साथ मिलकर ट्रायल प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। फॉक्सकॉन ही भारत में एप्पल के लिए प्रोडक्ट्स बनाती है। हालांकि, गूगल की ओर से इस रिपोर्ट में फिलहाल कोई जवाब नहीं दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गूगल पहली छमाही में भारत में पिक्सल फोन का प्रोडक्शन शुरू करने की आधिकारिक घोषणा कर सकती है। पिक्सल के बेस वेरिएंट को डिक्सन टेक्नोलॉजीज और प्रो वेरिएंट्स को फॉक्सकॉन की ओर से बनाया जा सकता है। कमर्शियल प्रोडक्शन को सितंबर में शुरू किया जा सकता है। वहीं, प्रोडक्शन स्थिर होने पर कंपनी निर्यात शुरू कर सकती है। कंपनी का यह कदम सरकार के प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) प्रोग्राम के अनुरूप है। इसके तहत सरकार घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दे रही है। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीने में एप्पल की ओर से 16,500 करोड़ रुपये आईफोन का निर्यात किया जा चुका है। वित्त वर्ष 24 में एप्पल की ओर से 14 अरब डॉलर के आईफोन का उत्पादन किया गया है।

### गूगल का ऐलान




## सब्जियों के बढ़ते दामों के चलते घर की थाली हुई महंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

तेजी से बढ़ते सब्जियों के दामों के चलते घर की रसोई में बन रही शाकाहारी थाली की कीमत नवंबर 2023 से बढ़ रही है। इसमें जून में घर में पकाए जाने वाली शाकाहारी थाली की कीमत में 10 फीसदी (साल-दर-साल) की वृद्धि हुई है। वहीं मांसाहारी थाली की कीमत में 4 फीसदी की गिरावट देखने को मिली है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि शाकाहारी थाली की बढ़ती कीमतों के पीछे टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में क्रमशः 30 प्रतिशत, 46 प्रतिशत और 59 प्रतिशत की वृद्धि जिम्मेदार है। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स के डायरेक्टर- रिसर्च पुशन शर्मा ने कहा, "टमाटर, प्याज और आलू की बढ़ती कीमतों के कारण ऐसा हो रहा है। साथ ही मौसम की मार के चलते आपूर्ति प्रभावित हुई है।"



## भारत 2047 तक बनेगा विकसित राष्ट्र : सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के बड़े अर्थशास्त्री और नीति निर्माताओं में से एक एनके सिंह ने कहा है कि विश्व भारत के युग में प्रवेश की दहलीज पर खड़ा है और तेज वृद्धि दर होने के कारण देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है। सिंह ने ये बातें लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस (एलएसई) में प्रतिष्ठित मानद फेलोशिप प्रदान किए जाने के दौरान अपने संबोधन में कहीं। सिंह ने आगे कहा कि उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर अमर्त्य सेन और पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन जैसे भारतीयों की श्रेणी में आकर गर्व महसूस हो रहा है। यूनिवर्सिटी की ओर से कहा गया कि सिंह को दिया गया सम्मान एलएसई के साथ लंबे समय तक और प्रतिबद्ध संबंधों और एलएसई के भारत सलाहकार बोर्ड के सह-अध्यक्ष के रूप में भारत के साथ संबंधों को सुविधाजनक बनाने में उनके प्रयासों को मान्यता देता है। अपने संबोधन में सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में वह और सभी केंद्रीय मंत्री 2047 के विकसित भारत के विजन को लेकर प्रतिबद्ध हैं। अगले दशकों तक भारत को विकास दर की इस रफ्तार को बनाए रखने की जरूरत है। भारत दुनिया की सबसे तेज अर्थव्यवस्था है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की विकास दर 8.2 प्रतिशत थी, जो कि चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एनके सिंह भारत के प्रमुख अर्थशास्त्रियों में से एक हैं।



## शेयर बाजार सपाट बंद, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए शुक्रवार का दिन उठापटक वाला रहा। बाजार के मुख्य सूचकांक सपाट बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 53 अंक या 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,996 और निफ्टी 21 अंक या 0.9 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,323 पर था।

लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 470 अंक या 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,089 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 148 अंक या 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,941 पर बंद हुआ। मुख्य सूचकांकों में एचडीएफसी बैंक कारोबारी सत्र में टॉप लूजर्स था। इस कारण से बैंक निफ्टी 443 अंक या 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,660 पर बंद हुआ।



# झारखंड की राजनीतिक फिजा में घुल रहा चुनावी रंग, सज रहे मैदान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


झारखंड की राजनीतिक फिजा में चुनावी रंग घुल रहा है। विधानसभा चुनाव को लेकर धीरे-धीरे मैदान सज रहे हैं। सभी पार्टियों ने अपनी चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। पक्ष-विपक्ष के नेताओं के भाषण और मिजाज चुनावी हैं। साथ ही जमीनी स्तर पर चुनाव की तैयारी भी शुरू है। जेल से निकलने के बाद राज्य में एक बार फिर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बन गई है। हेमंत सोरेन के पास स्पष्ट बहुमत भी है। तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन को एक सप्ताह के अंदर विश्वासमत हासिल करना है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने नयी सरकार को एक सप्ताह के अंदर विश्वासमत हासिल करने का निर्देश दिया है। झारखंड विधानसभा में कुल 77 विधायक हैं। पांच विधायक इस बार सदन में नहीं होंगे। चार विधायकों में दो भाजपा और दो झामुमो के विधायक लोकसभा का चुनाव जीतकर संसद पहुंच गये हैं। इसमें भाजपा के मनीष जायसवाल, ढुल्लू महतो और झामुमो के नलिन सोरेन व जोबा मांझी हैं। वहीं, झामुमो विधायक सीता सोरेन ने भाजपा में शामिल होने को बाद इस्तीफा दे दिया था। वर्तमान विधानसभा में बहुमत के लिए 39 विधायकों का संख्या बल चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली सरकार के पास बहुमत का मजबूत आंकड़ा है। झारखंड विधानसभा में इंडी गठबंधन के साथ 47 विधायक हैं। वहीं, एनडीए गठबंधन के पास फिलहाल 27 वोट है। भाजपा विधायक जेपी पटेल भले ही सदन में विरोधी पक्ष में बैठाये जायेंगे लेकिन उनका वोट हेमंत सोरेन के पक्ष में ही होगा। निर्दलीय सरयू राय और अमित मंडल साथ आये, तब भी एनडीए आंकड़ा से काफी दूर है। एनडीए के खाते में 27 विधायक होंगे। झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम सरकार के खिलाफ वोटिंग कर सकते हैं लेकिन इससे इंडी गठबंधन की सेहत में कोई असर नहीं पड़ने वाला है। वहीं, भाजपा विधायक जेपी पटेल सरकार के साथ आये, तो हिसाब बराबर हो जायेगा। विधायक चमरा लिंडा को लेकर भी असमंजस की स्थिति है।

## रणनीति के तहत चंपाई सोरेन से लिया गया इस्तीफा



विधानसभा में रणनीति के तहत ही झामुमो ने आनन-फानन में चम्पाई सोरेन से इस्तीफा और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ताजपोशी हुई। दूसरी ओर, भाजपा ने विधानसभा चुनाव को देखते हुए तीन महीने का खाका तैयार किया है। इसमें विस्तारित कार्यसमिति से लेकर घोषणा पत्र व आरोप पत्र तैयार करने के लिए कमेटी बनायी गयी है। कांग्रेस आलाकमान ने भी प्रदेश के आला नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक की। इसमें प्रदेश के नेताओं को चुनावी टिप्स दिये गये और ब्लू प्रिंट बनाने को कहा गया है। माना जा रहा है कि झारखंड में निर्धारित समय से पूर्व विधानसभा चुनाव होने की अटकलें लग रहीं हैं। वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी तक है। राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि झारखंड में हरियाणा व महाराष्ट्र के साथ अक्टूबर में चुनाव हो जाये। चुनाव आयोग भी अक्टूबर को समय सीमा मानकर तैयारी में जुटा है। वर्ष 2019 में झारखंड में नवंबर-दिसंबर में चुनावी प्रक्रिया पूरी हुई थी। छह नवंबर को पहले फेज के लिए अधिसूचना निकाली गयी थी। वहीं, 30 नवंबर से 20 दिसंबर तक पांच चरणों में विधानसभा चुनाव हुए थे।

# विस चुनाव के पहले लक्ष्मीकांत वाजपेयी फिर बनाए गए भाजपा के झारखंड प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** झारखंड में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा इसके लिए रणनीति बनाने में जुट गई है। इस बीच शुक्रवार को भाजपा ने उत्तर प्रदेश के दिग्गज नेता लक्ष्मीकांत वाजपेयी को एक बार फिर से झारखंड का प्रभारी बनाया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड समेत 24 राज्यों/ केन्द्र शासित प्रदेशों में प्रदेश प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। लक्ष्मीकांत वाजपेयी को 2022 में भी झारखंड भाजपा का प्रभारी बनाया गया था। लक्ष्मीकांत वाजपेयी को झारखंड प्रभारी नियुक्त करने से पहले भाजपा ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को झारखंड विधानसभा चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया जबकि असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। वे लगातार झारखंड का दौरा भी कर रहे हैं।

### दीपक प्रकाश भी फिर से बिहार के सह प्रभारी बने

इसके साथ ही राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख का प्रभारी बनाया गया है। महासचिव विनोद तावड़े को बिहार का संगठन प्रभारी बनाया गया है और सांसद दीपक प्रकाश को सहप्रभारी बनाया गया है। अंडमान और निकोबार में रघुनाथ कुलकर्णी को प्रभारी बनाया गया है। अरुणाचल प्रदेश में विधायक अशोक सिंघल को प्रभारी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में विधायक नितिन नबीन को प्रभारी बनाया गया है। गोवा में आशीष सूद को प्रभारी बनाया गया है। हरियाणा में डॉ. सतीश पूनिया को प्रभारी और सुरेन्द्र सिंह नागर को सह प्रभारी बनाया गया है। हिमाचल में विधायक श्रीकांत शर्मा को प्रभारी बनाया गया है और संजय टंडन को सह प्रभारी बनाया गया है। महासचिव डॉ. राधा मोहन अग्रवाल को कर्नाटक का प्रभारी बनाया गया है। पूर्व मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को केरल का प्रभारी बनाया गया है और अपराजिता सारंगी को सह प्रभारी बनाया गया है। पंजाब में विजयभाई रूपाणी को प्रभारी बनाया गया है । उत्तराखंड में दुष्यंत कुमार गौतम को प्रभारी और रेखा वर्मा को सह प्रभारी बनाया गया है। नागालैंड और मेघालय में अनिल एंटनी को प्रभारी बनाया गया है। मध्य प्रदेश में एमएलसी महेन्द्र सिंह को प्रभारी और सतीश उपाध्याय को सह प्रभारी बनाया गया है। ओडिशा में विजयपाल सिंह तोमर को प्रभारी बनाया गया है। यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

## झारखंड में भाजपा कार्यकताओं को एकजुट करने के अभियान में जुटे शिवराज सिंह



**रांची।** किसी के घर नाश्ता, किसी के यहां भोजन, तो किसी के दरवाजे पर बैठकर चाय की चुस्की। झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान राज्य में पार्टी कार्यकताओं को एक साथ जोड़ने की मुहिम में यही नुस्खा आजमा रहे हैं। उन्होंने गुरुवार और शुक्रवार को रांची, रामगढ़ और ओरमांझी में बूथ और मंडल स्तर के पार्टी नेताओं-कार्यकताओं के घर दस्तक दी और विधानसभा चुनाव में 'बड़ा लक्ष्य' हासिल करने के प्रति उन्हें मोटिवेट किया। शिवराज सिंह चौहान गुरुवार शाम रांची पहुंचे। इसके बाद उन्होंने हरमू मंडल में भाजपा के बूथस्तरीय कार्यकताओं को अंगोछा पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी को जो सफलता मिली है, उसके असली हकदार कार्यकर्ता हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, "भाजपा परिवार की सबसे बड़ी शक्ति बूथ पर परिश्रम करने वाला कार्यकर्ता है। मैं जब भी इन देवतुल्य कार्यकताओं से मिलता हूं, तो हृदय श्रद्धा और आत्मीयता से भर उठता है। झारखंड में हरमू मंडल के अंतर्गत आने वाले बूथ अध्यक्षों के सम्मान का अवसर मिला।" शिवराज सिंह चौहान ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ गुरुवार रात का भोजन पार्टी के हरमू मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यादव के निवास पर किया। इसी तरह शुक्रवार को उन्होंने सुबह का नाश्ता ओरमांझी में पार्टी के मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता और दोपहर का भेजन रामगढ़ जिले की दिगवार पंचायत में भाजपा के एक बूथ अध्यक्ष रवि कुशवाहा के आवास पर किया। चौहान ने इन सभी जगहों की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की और कार्यकताओं के समर्पण की प्रशंसा की। केंद्रीय मंत्री ने रामगढ़ जिला मुख्यालय में पार्टी के नेताओं-कार्यकताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया और उन्हें संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने को कहा। चौहान ने कहा कि इस बार राज्य में भाजपा की सरकार बननी तय है और पार्टी यह लक्ष्य समर्पित कार्यकताओं की मेहनत से ही हासिल करेगी।

## शिवराज सिंह चौहान से मिले जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो

**रांची।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने भारत सरकार के कृषि मंत्री और प्रदेश भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से शुक्रवार को मुलाकात की। उनके साथ पार्टी के प्रदेश महासचिव भगवान सिंह, उपेंद्र सिंह और प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने भी उनसे मुलाकात की। खीरू महतो और शिवराज सिंह के बीच आगामी विधानसभा चुनाव और प्रदेश में एनडीए घटक दलों के साथ बेहतर समन्वय पर चर्चा हुई। महतो ने शिवराज सिंह को अंगवस्त्र से सम्मानित किया।

## पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित सात की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ायी गयी

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपित रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित सात की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपितों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शुक्रवार को पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तिथि 19 जुलाई निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई पर लंबित है। आरोपितों को पुलिस पेपर सौंप दिया गया है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली और मो सद्दाम न्यायिक हिरासत में है। जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल को हाई कोर्ट से जमानत प्राप्त है। वहीं एक आरोपित पुनीत भार्गव फरार चल रहा है।

## न्यूज | बॉक्स



झारखंड हाई कोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ लेने के बाद डॉ. बीआर सारंगी से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व कल्पना सोरेन ने राजभवन में मुलाकात की।

### राज्यपाल से केंद्रीय मंत्री ने की मुलाकात



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राजभवन में मुलाकात की। दोनों की मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया।

### मुख्यमंत्री ने मां बगलामुखी मंदिर में की पूजा-अर्चना



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पत्नी कल्पना सोरेन के साथ शुक्रवार को महात्मा गांधी मार्ग (काली स्थान रोड) रांची स्थित मां बगलामुखी मंदिर पहुंचकर शीश नवाया। मौके पर मुख्यमंत्री ने मां बगलामुखी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की।

### राज्यपाल से मिले विधायक डॉ. लंबोदर महतो



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शुक्रवार को विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान महतो ने विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा । राज्यपाल को दिए गए ज्ञापन में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद, सिंदरी विधान सभा अंतर्गत बलियापूर प्रखंड में अवस्थित पर्जन्य बीएड कॉलेज से संबंधित विषयों को आकृष्ट करने के साथ राजकीय डिग्री महाविद्यालय, गोमिया में झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी का अध्ययन केंद्र स्थापित करने एवं गोमिया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत गोमिया, कसमार तथा पेटरवार प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों को उत्क्रमित करने के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### ईडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत एमपी-एमएलए कोर्ट में नहीं हुए पेश, दिया आवेदन

**रांची।** ईडी के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को भी एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में पेश नहीं हुए। हेमंत सोरेन की ओर से कोर्ट में सशरीर उपस्थिति से छूट के लिए सीआरपीसी की धारा 205 की पिटीशन दाखिल की गयी है। मामले में अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 15 जुलाई निर्धारित की है। इस मामले में हेमंत सोरेन की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए ईडी ने कोर्ट में एक आवेदन दिया है। इसपर सुनवाई लंबित है। इससे पूर्व तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था। पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति कोर्ट में नहीं हुई थी।

# मनाया गया राजद का 28वां स्थापना दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजद के प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल का 28 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव के जरिये झंडोतोलन और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने गरीबों, पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों ओर वंचित के कल्याण के लिए और न्याय दिलाने के उद्देश्य से राजद का गठन किया था। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने वंचितों के कल्याण के लिए उनके सम्मान के लिए कड़े संघर्ष और मेहनत के साथ सामाजिक न्याय के लोगों को न्याय दिलाने का काम किया। भाजपा ने लाख षड्यंत्र कर हमारे नेता लालू को फंसाने का काम किया। लेकिन लालू प्रसाद यादव ने हमेशा कहा कि मैं मिट्टी में मिल जाऊंगा लेकिन सांप्रदायिक ताकतों से कभी समझौता नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि हर हाल में भाजपा को देश से भागना है यही संकल्प लेकर यहां से जाना है और राष्ट्रीय जनता दल के संगठन को पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर पर और प्रदेश स्तर पर मजबूत करना है। हमें मजबूत और संगठित रहने की आवश्यकता है। झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि संगठन को धारदार और मजबूत करना है। लालू की जो नीति और सिद्धांत है तेजस्वी यादव का जो नीति और सिद्धांत है उसे जन-जन तक पहुंचाने का काम करना है। संगठित होकर झारखंड में संगठन को मजबूत करना है।

# महेंद्र सिंह धोनी से 15 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में कोर्ट में हाजिर नहीं हुए आरोपित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी से धोखाधड़ी को लेकर दर्ज मामले में सिविल कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। समन जारी होने पर भी न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडेय की अदालत में अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और उसकी पत्नी सौम्या दास ने उपस्थिति दर्ज नहीं कराई। अदालत ने अगली उपस्थिति की तिथि 20 जुलाई निर्धारित की है। उस दिन स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में पक्ष रखने को कहा है। अदालत ने पिछली सुनवाई में आरोपितों के खिलाफ पर्याप्त सबूत रहने के कारण संज्ञान लिया था। दोनों आरोपितों पर धोखाधड़ी करके धोनी को 15 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाने का आरोप है। धोनी की ओर से सीमांत लोहानी ने शिकायतवाद दर्ज कराया है। दूसरी ओर, इस मामले में आरोपितों को पूर्व में न्यायायुक्त की अदालत से अग्रिम जमानत याचिका की सुविधा मिल चुकी है।

### स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने किया 'निपुण समागम' का आयोजन

# सरकारी शिक्षकों में प्रतिभा की कमी नहीं : उमाशंकर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को इंडिया पार्टनरशिप फॉर अर्ली लर्निंग (आईपीईएल) - एफएलएन पीएमयू के सहयोग से 'निपुण समागम झारखंड' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभात तारा मैदान में हुआ था। आयोजन में 24 जिलों से 450 शिक्षकों, दस गैर सरकारी समूहों के प्रतिनिधियों और स्कूली बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने किया। कार्यक्रम में समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग के निदेशक शशि प्रकाश झा, प्राथमिक शिक्षा निदेशक शशि प्रकाश सिंह, माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता, यूनिसेफ की स्टेट एजुकेशन स्पेशलिस्ट पारुल शर्मा ने हिस्सा लिया। उमाशंकर सिंह ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने एक से पांच तक की कक्षा में नामांकित बच्चो के रिटेंशन और ड्रॉपआउट को रोकने के लिए पठन पाठन को रोचक और मनोरंजक बनाने के साथ-साथ स्कूलों के शैक्षणिक वातावरण को उत्साही बनाने की बात कही। उन्होंने बच्चों के लिए उनकी क्षेत्रीय और मातृभाषा में उन्हें टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मैटेरियल) बनाने पर जोर दिया, जिससे बच्चो में बेहतर समझ विकसित हो। उन्होंने टीएलएम को प्रभावी बनाने के लिए इसका लगातार अनुश्रवण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से सभी 24,000 प्राथमिक विद्यालयों को ध्यान में रखते हुए टीएलएम को उत्कृष्ट बनाकर बच्चों को इसका लाभ देने की दिशा में झारखंड शिक्षा परियोजना कार्य करे।

### मील का पत्थर साबित होगा : आदित्य रंजन

झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक आदित्य रंजन ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों ने जिस प्रतिभा का 'निपुण समागम' में प्रदर्शन किया है, वह मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही, हर विद्यालय में एक कमरा टीएलएम रूम के रूप में स्थापित होगा, ताकि एक से पांच वर्ग के बच्चों को उनकी मातृ, क्षेत्रीय, जनजातीय भाषा में भाषा एवं संख्यात्मकता का ज्ञान मिल सके। उन्होंने कहा कि इस राज्यस्तरीय आयोजन से पहले जिला एवं प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेले में जिन शिक्षकों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, उनकी भी जितनी सराहना की जाए कम है।

# ग्राम प्रधानों की मांग पूरी करे सरकार : उमेश बड़ाईक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नामकुम प्रखंड के खिजरी पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को जिला ग्राम प्रधान संघ के प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन पहान की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक मौजूद थे। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम प्रधानों को सरकार एक हजार रुपये मानदेय देती है। एक हजार रुपये के मानदेय से महंगाई के दौर में कुछ नहीं होता है। ग्राम प्रधानों का मानदेय 10 हजार रुपये किया जाए।

उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार ने ग्राम प्रधानों को निःशुल्क मोटरसाइकिल देने का वादा किया था, यह वादा भी अधूरा है। इसे जल्द पूरा किया जाए। इसके अलावा कई दूसरे बिंदुओं पर चर्चा हुई। उलातु के ग्राम प्रधान संदीप साउल ने कहा कि रांची के हर क्षेत्र में जमीन की खरीद-बिक्री बिना ग्राम प्रधान की अनुमति के की जा रही है। इस कारण लोगों को गलत जमीन मिल रही है और विवाद पूरे क्षेत्र में बढ़ता जा रहा है। विवादों के कारण लोगों की जान जा रही है। अधिकारी ग्राम प्रधानों की सुनना नहीं चाहते हैं, जिससे मामला अब बिगड़ चुका है।

## पृष्ठ एक का शेष

**झारखंड में 10-10 लाख के इनामी...**

लातेहार और लोहरदगा क्षेत्र की कई घटनाओं को अंजाम दिया है। नीरज गंझू वर्ष 2004 में भाकपा माओवादी संगठन में शामिल हुआ था। उसने 2013 में मेदिनीनगर-रांची मुख्य पथ पर पतकी जंगल में आईईडी लगाने, 2018 में कुजरूम जंगल में झारखंड जगुआर के साथ मुठभेड़ और अन्य वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पलामू के डीआईजी वाईएस रमेश ने अन्य माओवादियों से भी सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सरेंडर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से माओवादियों का सफाया हो चुका है। जो शेष बचे हैं, वे पुलिस की रडार पर हैं।

**गढ़वा में सेप्टिक टैंक के गैस...**

स्वास्थ्य जांच की। स्कूल में ही बच्चियों को स्लाईन चढ़ाया गया और दवा दी गई, जिसके बाद सभी के सेहत में सुधार हुआ। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्कूल के बगल में स्थित इम्तेयाज अंसारी की सेप्टिक टैंक से निकली गैस के कारण उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोलझिकी में अध्ययनरत चार छात्राएं बेहोश हो गई। स्कूल पहुंचे कार्यपालक दंडाधिकारी हंस हेम्ब्रम ने घटना की विस्तृत जांच की। कार्यपालक दंडाधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बच्चियों की स्थिति अब ठीक है। उन्होंने बताया कि मौके पर मौजूद थाना प्रभारी को पूरे मामले की जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा।

**ड्राइविंग सीट पर बैठे हेमंत कभी भी...**

शामिल हुए। बैठक प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ,केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, सहित प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, सीपी सिंह,बिरांची नारायण,अनंत ओझा,नवीन जायसवाल,केदार हाजरा,सुनीता सिंह,अरुण उरांव, बीडी राम,अमित मंडल,शशांक राज,आरती सिंह, गीता कोड़ा उपस्थित थे।

**मजिस्ट्रेट ने बिना दिमाग लगाये...**

उन्होंने कानून की अनिवार्य आवश्यकताओं का पालन किये बिना आदेश पारित किया है इसलिए, यह कानून में टिकाऊ नहीं है और इसे जारी रखना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। अदालत ने अपने आदेश में गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि इस आदेश पर बिना दिमाग लगाये हस्ताक्षर कर दिये गये हैं, हाईकोर्ट ने रजिस्ट्रार जनरल को अपने इस आदेश की एक कॉपी जमशेदपुर सिविल कोर्ट के प्रधान जिला न्यायाधीश को भेजने का निर्देश दिया, और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेट भविष्य में इस तरह की जल्दबाजी और गैर-विचारणीय कार्रवाई से बचें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# लेबर पार्टी के स्टार्मर बने ब्रिटेन के पीएम

## विक्ट्री स्पीच, कहा- आपने हमारे देश को बदल दिया

एजेंसी

**लंदन।** ब्रिटेन के निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के हार स्वीकार करने के कुछ क्षण बाद, लेबर पार्टी के नेता स्टार्मर ने मध्य लंदन में विक्ट्री स्पीच दी। 5 जुलाई को 650 सीटों वाले हाउस ऑफ कॉमन्स में लेबर ने 326 के बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है। अपने समर्थकों के बीच स्टार्मर बोले, वास्तव में धन्यवाद... आपने हमारे देश को बदल दिया है। समर्थकों का उत्साह बढ़ाते हुए स्टार्मर ने कहा, आपने इसके लिए प्रचार किया, संघर्ष किया, मतदान किया और अब वो दिन आ गया है। बदलाव अब शुरू होता है। साढ़े चार साल पार्टी बदलने का काम हमने किया। यह इसी के लिए है - एक बदली हुई लेबर पार्टी जो हमारे देश की सेवा करने के लिए तैयार है, ब्रिटेन को कामकाजी लोगों की सेवा में बहाल करने के लिए तैयार है। स्टार्मर बोले, हमारे देश के लोग इस खबर को सुनकर आज जाग रहे होंगे - राहत महसूस कर रहे होंगे कि एक बोझ हटा लिया गया है, इस महान राष्ट्र के कंधों से अंततः एक बोझ हटा दिया गया है। 61 वर्षीय स्टार्मर ने जनादेश को जिम्मेदारियों का पर्याय बताया।



**हम बदली हुई सोच के साथ काम करेंगे :** स्टार्मर ने अपने भाषण में वादा किया कि वो बदली हुई सोच के साथ काम करेंगे। बोले, हम एक बदली हुई लेबर पार्टी के रूप में चले और हम एक बदली हुई लेबर पार्टी के रूप में शासन करेंगे। मैं आपसे यह वादा नहीं करता कि यह आसान होगा। किसी देश को बदलना स्विच को चलाने जैसा नहीं है। यह कड़ी मेहनत, धैर्यपूर्वक काम, दृढ़ संकल्प है और हमें तुरंत आगे बढ़ना होगा। सुनक ने अपनी हार मानते हुए समर्थकों और कार्यकताएओं से कहा मुझे माफ कर दीजिएगा।

## सुनक ने पीएम पद से दिया इस्तीफा

**लंदन।** आम चुनाव में हुई पराजय के बाद ऋषि सुनक ने शुक्रवार को ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। वह जल्द ही कंजर्वेटिव नेता का पद भी छोड़ देंगे। डाउनिंग स्ट्रीट में प्रधानमंत्री कार्यालय के सामने दिए गए एक संक्षिप्त भाषण में सुनक ने जनता को संबोधित करते हुए कहा, मैंने इस काम के लिए अपना सब कुछ दिया है, लेकिन आपने यूनाइटेड किंगडम की सरकार को बदलने का जनादेश दिया है, आपका निर्णय ही मायने रखता है। उन्होंने



कहा, मैं इस हार की जिम्मेदारी लेता हूं। सभी कंजर्वेटिव उम्मीदवारों और प्रचारकों ने अथक परिश्रम किया, लेकिन सफलता नहीं मिली, मुझे खेद है कि हम जीत नहीं दिला पाए। हार की जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने मतदाताओं से माफी मांगी।

## ब्रीफ न्यूज

### सूडान में सैन्य झड़पों से भागते समय डूबने से 25 लोगों की मौत

**खार्तूम।** मध्य सूडान के सिन्नर राज्य में चल रही सैन्य झड़पों से भागते लोगों की नाव पलट गई। इस



हादसे में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। बता दें कि पिछले साल से ही सूडान की सेना और पारा मिलिट्री फोर्स के बीच झड़पें चल रही हैं। सिन्नर में प्रतिरोध समितियों ने गुरुवार को एक बयान में कहा, "जैसे ही रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) ने क्षेत्र में प्रवेश किया, लोग भागने लगे।

### पाकिस्तान के तीन प्रांतों के सीवेज नमूनों में पोलियो वायरस मिला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दो नये जिलों के साथ-साथ तीन प्रांतों के छह पहले से संक्रमित जिलों के सीवेज नमूनों में वाइल्ड पोलियो वायरस टाइप 1 पाया गया है। पाकिस्तान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि 10 जून से 12 जून के बीच दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर, सिबी, केच, डुक्की, उस्ता मुहम्मद और मस्तुंग जिलों, पूर्वी पंजाब प्रांत के रावलपिंडी जिले और उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एबटाबाद जिले से लिए गए नमूनों में इस वायरस का पता चला।

### ब्रिटेन में लेबर पार्टी का सांसद बना कोट्टायम का बेटा, जश्न का माहौल

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में कोट्टायम के पास अथिरमपुझा के एक गांव में सोजन जोसेफ के घर की लाइटें गुरुवार रात



को बंद नहीं हुईं। पूरा परिवार ब्रिटेन के केंट के एक निर्वाचन क्षेत्र एशफोर्ड के परिणाम का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। सोजन जोसेफ के पिता उस समय रो पड़े और ताली बजाने लगे जब लेबर पार्टी के उम्मीदवार उनके बेटे ने कंजर्वेटिव और यूनियनिस्ट पार्टी के डेमियन ग्रीन को 1,779 मतों के अंतर से हराया। मुस्कुराते हुए पिता ने कहा, बेशक, मैं अपने बेटे की जीत से बहुत खुश और उत्साहित हूं।

## पीएम मोदी ने रक्षा उत्पादन में अब तक की सर्वाधिक वृद्धि को सराहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा उत्पादन में 2023-24 में दर्ज की गई अब तक की सबसे अधिक वृद्धि की सराहना की है, जो पिछले वित्त वर्ष के उत्पादन मूल्य की तुलना में 16.8 प्रतिशत बढ़कर 1,26,887 करोड़ रुपये हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के एक्स पर साझा एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लिखा, बहुत उत्साहजनक विकास। इस उपलब्धि में योगदान देने वाले सभी लोगों को बधाई। हम अपनी क्षमताओं को और बढ़ाने और भारत को एक अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए एक सहायक वातावरण का पोषण करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। यह हमारे सुरक्षा तंत्र को मजबूत करेगा और हमें आत्मनिर्भर बनाएगा। इससे पहले रक्षा मंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया कार्यक्रम साल दर साल नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। भारत ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन के मूल्य में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। 2023-24 में उत्पादन का मूल्य 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के उत्पादन मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक है। रक्षा वस्तुओं का निर्माण करने वाले डीपीएसयू, अन्य पीएसयू और निजी उद्योग सहित हमारे उद्योग को बहुत-बहुत बधाई।

## महुआ की अभद्र टिप्पणी का महिला आयोग ने लिया स्वतः संज्ञान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्लू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा की पायजामा वाली टिप्पणी की निंदा करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने महुआ मोइत्रा की टिप्पणी का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने दिल्ली पुलिस से टीएमसी नेता की अपमानजनक और भद्दी टिप्पणियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। आयोग के अनुसार महुआ की टिप्पणी भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 79 के तहत आता है।

## तीन साल बाद हो रही भारत-रूस शिखरवार्ता महत्वपूर्ण: विदेश सचिव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बहु प्रतिष्ठित शिखरवार्ता 8-9 जुलाई को मास्को में होगी। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह नरेन्द्र मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। यूक्रेन संघर्ष तथा फिलिस्तीन संघर्ष के दौरान होने वाली इस यात्रा को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह इस बात को भी दशार्ता है कि वर्तमान सरकार रूस के साथ भारत के संबंधों को कितना



महत्व देती है। प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा से पूर्व विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के विषयों पर चर्चा होगी। यूक्रेन संघर्ष और इससे पड़ने वाले प्रभावों पर दोनों नेताओं के बीच अकेले में बातचीत होगी और इसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। उनकी बातचीत में रक्षा, निवेश संबंधों, ऊर्जा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की समीक्षा होगी। प्रधानमंत्री मोदी वहां राष्ट्रपति पुतिन से गुमराह कर भारतीयों को युद्ध क्षेत्र में तैनात किए जाने का भी मुद्दा उठायेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 से 10 जुलाई को रूस और आस्ट्रिया की यात्रा पर जा रहे हैं।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** आज के समय में मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टेशन (एमबीए) का कोर्स कर के अपना भविष्य बना सकते हैं। भारत के हर राज्य में एमबीए के लिए कॉलेज है. जहां से आप एमबीए का कोर्स कर सकते है। कॉलेजों में प्रवेश के लिए केट, मेट, जेट राज्य और संस्थान स्तर की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है। प्रवेश परीक्षाओं को क्वालिफाई करने के बाद ही कॉलेजों में दाखिला मिलता है। वहीं कुछ एसे भी कॉलेज है, जहां प्रवेश परीक्षा का दाखिला मिल जाता है।

# युवा एमबीए कर बना सकते है अपना बेहतर करियर...

### स्पेसलाइजेशन

- एमबीए इन फाइनेंस
- एमबीए इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट
- एमबीए इन इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- एमबीए इन इवेंट मैनेजमेंट
- एमबीए इन मार्केटिंग
- एमबीए इन फैशन डिजाइनिंग
- एमबीए इन होटल मैनेजमेंट



### एमबीए के लिए प्रवेश परीक्षा

- कैट
- जेट
- मेट
- एटीएमए
- सीएमएटी
- टीएस आईसीआईटी
- टीएमसीईटी

### ये हैं एमबीए के लिए कॉलेज

- भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, बैंगलोर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, कलकत्ता
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, लखनऊ
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, कोझिकोड
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
- जेवियर लेबर रिलेशंस इंस्टीट्यूट, जमशेदपुर
- प्रबंधन विकास संस्थान, गुड़गांव
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की
- राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरिंग संस्थान
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, तिरुचिरापल्ली
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, उदयपुर
- एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, रांची
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, रोहतक
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, पुणे
- ग्रेट लेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, चेन्नई
- नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई
- आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन, हैदराबाद
- भारतीय विदेश व्यापार संस्थान, दिल्ली
- टीए पाई इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, मणिपाल
- अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान, दिल्ली
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भारतीय खान विद्यालय, धनबाद
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, शिलांग
- जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जेवियर यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर
- कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, काशीपुर
- जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुचिरापल्ली
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय, गुड़गांव
- इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद
- एलायंस यूनिवर्सिटी, बैंगलोर
- भारतीय प्रबंधन संस्थान, नागपुर
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- फोर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, दिल्ली
- निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
- पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, ग्रेटर नोएडा
- गोवा प्रबंधन संस्थान, गोवा
- लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा
- लोयोला इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, चेन्नई
- चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान, कोलकाता
- आईएफएमआर ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस, श्री सिटी, आंध्र प्रदेश
- थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पटियाला
- वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वेल्लोर
- केजे सोमैया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, मुंबई
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा
- अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई
- इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, नागपुर
- इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- भारतीय वन प्रबंधन संस्थान, भोपाल
- भारती विद्यापीठ प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास संस्थान, पुणे
- अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर
- आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी, जयपुर
- पेट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय, देहरादून
- जगन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, रोहिणी, दिल्ली
- प्रिंसीपल एल.एन. वेलिंगकर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट डेवलपमेंट एंड रिसर्च, मुंबई
- जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, नोएडा
- कोनेरू लक्ष्मैया एजुकेशन फाउंडेशन, गुंटूर
- विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बेलगावी
- ग्रामीण प्रबंधन संस्थान, आनंद
- जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ
- पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय, गांधीनगर
- चितकारा विश्वविद्यालय, पटियाला
- आईबीएस बिजनेस स्कूल, हैदराबाद
- शैलेश जे मेहता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे
- प्रबंधन अध्ययन विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली
- सिम्बायोसिस सेंटर फॉर मैनेजमेंट एंड ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट, पुणे
- प्रबंधन अध्ययन संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- विनोद गुप्ता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर
- प्रबंधन अध्ययन विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास
- प्रबंधन अध्ययन विभाग, भारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर
- सार्वजनिक उद्यम संस्थान, हैदराबाद
- त्यागराज स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, थिरुप्परनकुन्द्रम
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ ऑपरेशन्स मैनेजमेंट, नासिक
- लाल बहादुर शास्त्री प्रबंधन संस्थान, दिल्ली
- जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप, बैंगलोर
- श्री धर्मस्थल मंजुनाथेश्वर प्रबंधन विकास संस्थान, मैसूर
- वीआईटी बिजनेस स्कूल, वेल्लोर
- जमनालाल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुंबई
- यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़
- भारतीय प्रबंधन संस्थान अमृतसर
- पीएसजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, कोयंबटूर
- फ्लेम यूनिवर्सिटी, पुणे
- मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद प्रयागराज
- बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मॉडर्न मैनेजमेंट, पुणे
- दिल्ली स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, दिल्ली
- GITAM स्कूल ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस, विशाखापत्तनम
- जिंदल ग्लोबल बिजनेस स्कूल, सोनीपत
- राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान, हैदराबाद
- आईटीएम बिजनेस स्कूल, नवी मुंबई
- भारतीय प्रबंधन संस्थान विशाखापत्तनम
- एमिटी बिजनेस स्कूल, नोएडा
- एससीएमएस कोचीन स्कूल ऑफ बिजनेस, कोचीन
- एसएसएन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, कलवक्कम
- भारतीय प्रबंधन संस्थान बोधगया
- एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, डेरा बस्सी
- अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर
- एमएस रामायह इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, बैंगलोर
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान वारंगल
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, हैदराबाद
- भारती विद्यापीठ डीम्ड यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, नई दिल्ली
- प्रबंधन अध्ययन संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- भारतीय प्रबंधन संस्थान सिरमौर
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजिटल एंड टेलीकॉम मैनेजमेंट, पुणे
- मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन, मणिपाल
- स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद
- यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, जीजीएस आईपी यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- अडानी इंस्टिट्यूट ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट, अहमदाबाद
- मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर
- केआईआईटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, भुवनेश्वर
- राजगिरी सेंटर फॉर बिजनेस स्टडीज, कोचीन
- एनआईटीटीई स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, बैंगलोर
- एआईएमएस संस्थान, बैंगलोर
- जेवियर इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल सर्विस, रांची
- श्री सत्य साईं उच्च शिक्षा संस्थान, प्रशांति निलयम
- सोना स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, सेलम
- एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई
- केएल यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल, गुंटूर
- अमृता स्कूल ऑफ बिजनेस, कोयंबटूर
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी
- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई
- भारतीदासन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, तिरुचिरापल्ली
- जगदीश शेठ स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, बैंगलोर
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, पुणे
- आचार्य बैंगलोर बी-स्कूल, बैंगलोर
- बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस, तथावड़े
- चितकारा बिजनेस स्कूल, पटियाला
- बिजनेस इकोनॉमिक्स विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- प्रबंधन विज्ञान विभाग, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे
- GITAM हैदराबाद बिजनेस स्कूल, हैदराबाद
- GITAM इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, विशाखापत्तनम
- जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा
- हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय बिजनेस स्कूल, शिमला
- भारतीय प्रबंधन संस्थान जम्मू
- भारतीय प्रबंधन संस्थान संबलपुर
- भारतीय समाज कल्याण एवं व्यवसाय प्रबंधन संस्थान, कोलकाता
- इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड रिसर्च, आईपीएस अकादमी, इंदौर

*एमबीए का कोर्स इग्नू से भी होता है. जिसके लिए इग्नू अपनी प्रवेश परीक्षा का आयोजन करती है.*